# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 2 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 46 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1940: ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को विद्रोह भड़काने के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार कर लिया।

1949 : वियतनाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली।

1962 : अरकंसास के रोजर्स में अपना पहला वॉलमार्ट स्टोर खोला गया।

1993: अध्यादेश के जरिए ओएनजीसी को कॉरपोरेशन में बदला गया।

2002: हेपेटाइटिस सी की जांच को पूरे भारत में अनिवार्य किया गया।

# प्रोत्साहन योजना व नई खेल नीति को केन्द्रीय कैबिनेट की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है। सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के



तहत 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए 3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी। यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन एक लाख रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा। सरकार ने देश में शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को जानकारी दी कि केंद्रीय कैबिनेट ने रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत देश में शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है। जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों पर ध्यान केंद्रित किया है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि दूसरा मुख्य उद्देश्य खेलों को 'जन आंदोलन' बनाना है।

# चौपारण सीएचसी प्रभारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के चौपारण स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ. सतीश कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने मंगलवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ममता वाहन सेवा के संचालक उज्ज्वल सिन्हा ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। डॉक्टर ने उनके 25 हजार रुपए के बकाया बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए तीन हजार रुपए की मांग की थी। एसीबी ने पहले मामले की गोपनीय जांच की। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद टीम ने कार्रवाई की। डॉ. सतीश कुमार को उनके कार्यालय में रिश्वत लेते पकड़ा गया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस घटना से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। चौपारण सीएचसी और आसपास के प्रखंडों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सलोना गांव से मंगलवार को 18 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। लाश सलोना पार्क में पड़ा था। युवक रात से अपने घर से लापता था। मृतक की मां ने युवक की प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका जताई है। मृतक की पहचान वीरेंद्र मेहता के रूप में की गई। वह सोमवार शाम से लापता था। मृतक की मां ने बताया कि वीरेंद्र सोमवार शाम 5 बजे घर से निकला था। रात 8:30 बजे के बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया।

### झारखंड एसीएफ परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**रांची(नबिटा ब्यूरो।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (एसीएफ) परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नीचे दिए गए आसान स्टेप्स से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एसीएफ परीक्षा का आयोजन 13 जुलाई को झारखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

### कोठिया में कांवड़ियों के लिए बन रहा टेंट सिटी

**देवघर(नबिटा ब्यूरो।** देवघर में 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले की तैयारियां चल रही है। बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोठिया में टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। टेंट सिटी में हजारों श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। यहां रहने, पीने के पानी और शौचालय की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। श्रद्धालुओं के मनोरंजन और सूचना के लिए एलइडी स्क्रीन लगाई जा रही है।

### दो महिलाओं ने फांसी लगाकर दी जान

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं ने फांसी लगाकर जान दे दी। सतबरवा थाना क्षेत्र के सलैया गांव में शीलवंती देवी का शव फांसी से लटका मिला। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव का दाह संस्कार करने औरंगा नदी के तट पर जा रहे थे। पुलिस को खबर मिलने पर उन्हें रोक दिया गया। दूसरी घटना पांडू थाना क्षेत्र के महुगावा ग्राम पंचायत में हुई। यहां सोनी कुमारी का शव फांसी पर लटका मिला।

### डोभ में डूबने से बच्चे की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेबना गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। आंगनबाड़ी केंद्र जाते समय चार वर्षीय अंकित कुमार की डोभा में डूबने से मौत हो गई। अंकित के पिता अनिल महतो ने बताया कि बच्चा घर से आंगनबाड़ी केंद्र जा रहा था। रास्ते में उसका पैर फिसल गया और वह डोभा में गिर गया। खोजबीन के दौरान डोभा के पास बच्चे का चप्पल मिला। कुछ देर बाद बच्चे का शव पानी में उपलाता दिखा। सूचना मिलते ही बालूमाथ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार स्थित सदर अस्पताल भेज दिया।

# रांची-वाराणसी नेशनल हाइवे का शिलान्यास कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे के फोरलेन का निर्माण कार्य लगभग 8000 करोड़ की लागत से पूरा किया जाना है। रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे पहले नेशनल हाईवे 75 के नाम से जाना जाता था लेकिन अब इसका नाम बदलकर नेशनल हाईवे 39 कर दिया गया है। रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य छह अलग-अलग चरणों में किया जाना है। राष्ट्रीय राजमार्ग का पहले चरण का निर्माण कार्य रांची से कुरु तक पूरा हो गया है। दूसरे चरण का निर्माण कार्य पलामू के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक होना है। यह निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। नेशनल हाईवे 39 को गढ़वा बाइपास के नाम से भी जाना जाता है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कल 3 जुलाई को इसका उदघाटन करेंगे। नेशनल हाईवे को लेकर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस क्रम में पलामू सांसद ने बताया कि गढ़वा बाइपास का निर्माण पूरा होने से लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। सांसद ने बताया कि नेशनल हाईवे 39 का निर्माण कार्य छह चरणों में पूरा किया जाना है। सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गढ़वा में कार्यक्रम के दौरान कई घोषणाएं करेंगे। रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे का कॉरिडोर छह चरणों में पूरा किया जाना है। पहले चरण में रांची से कुरु तक का कार्य पूरा हो गया है। दूसरे चरण में शंकर से खजूरी का निर्माण कार्य 1129.28 करोड़ रुपए की लागत से हुआ है। तीसरे चरण में खजूरी से यूपी के विंढमगंज तक का कार्य 15 सितंबर 2025 तक किया जाना है, जिसकी लागत 1436.49 करोड़ रुपए है। वहीं चौथे चरण में भोगु से शंखा तक का निर्माण कार्य 9 नवंबर 2025 तक किया जाना है, जिसकी लागत 1517.87 करोड़ रुपए है। पांचवें चरण का निर्माण कार्य उदयपुर से भोगु तक 9 अक्टूबर 2026 तक 1436.80 करोड़ की लागत से किया जाना है जबकि छठे चरण का निर्माण कार्य कुरु से उदयपुरा तक 1274 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है। इसका निर्माण कार्य सितंबर 2025 से शुरू किया जाएगा।

# सेव अर्थ मिशन ने की ग्लोबल विज़न अनवीलिंग कार्यक्रम की घोषणा

**रांची(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्बेस, फॉक्स, बिज़नस इनसाइडर, व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब सेव अर्थ मिशन वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विज़न अन्विलिंग की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे आईएसटी पर प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब, अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह वैश्विक घोषणा सेव अर्थ मिशन की यात्रा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है, कार्यक्रम में सेव अर्थ मिशन के वैश्विक नेटवर्क से नेता, प्रतिनिधि और स्वयंसेवक शामिल होंगे, जो देशवार वृक्षारोपण अभियानों, नई साझेदारियों, और तेज गति से पुनर्वनीकरण के प्रयासों की नींव रखेंगे। सेव अर्थ मिशन भारत चैप्टर के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा कि यह केवल भारत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है। लोगों ने अपनी आवाज़ उठाई और अहमदाबाद ने वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बनकर एक नई मिसाल कायम की है। ग्लोबल विज़न अनवीलिंग कार्यक्रम में मैं सेव अर्थ मिशन का वैश्विक रोडमैप प्रस्तुत करूंगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय वृक्षारोपण अभियानों, सीमापार सहयोग और नागरिकों, कॉर्पोरेट्स व सरकारों को एक साथ जोड़कर 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाने के मिशन को पूरा करने की योजना होगी।

# कोल इंडिया व हिंदुस्तान कॉपर के बीच महत्वपूर्ण खनिज विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अवसरों की संयुक्त रूप से खोज और विकास के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन पर कोल इंडिया के महाप्रबंधक (बीडी) सी.एस.





सिंह और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के महाप्रबंधक (खान) बिनोद कुमार गुप्ता ने कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, निदेशक (विपणन और व्यवसाय विकास) मुकेश चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह सहयोग आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक कदम है और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत भारत के खनिज भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जगन्नाथ महोत्सव में डॉ. मृणालिनी अखोरी का रहा जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कला, संस्कृति एवं खेलकूद, युवा कार्य विभाग की सौजन्य से 1 जुलाई से 6 जुलाई तक जगन्नाथ महोत्सव 2025 के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विशाल आयोजन किया का रहा है। इस क्रम में झारखंड के कई सांस्कृतिक संस्थान और प्रमुख कलाकारों द्वारा प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज 1 जुलाई को किया गया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कई क्षेत्रीय जनजातीय एवं आधुनिक नागपुरी गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। साथ ही रांची की मशहूर गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखोरी के द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सबसे पहले





भगवान जगन्नाथ को समर्पित भजन 'शाम सुबह नाम भजो जय हो जगन्नाथ' जिसको गायिका मृणालिनी ने हीं लिखा और धुन में पीरोया था। उसके बाद गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो भजन लोगों के दिलों को बहुत भाया, भजन के बाद फिर आम दर्शकों के पसंद के अनुसार सूफी गीतों की प्रस्तुति मृणालिनी के द्वारा की गई, जिनमें ''छाप तिलक सब छीनी मोसे नैना मिलाइके' लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया। अंत में दर्शकों की फरमाइश पर सूफी गीत 'दमा दम मस्त कलंदर अली दा पहला नंबर' गीत की प्रस्तुति मृणालिनी के द्वारा की गई, जिस पर दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकगण झूम उठे और तालिया बजाकर कलाकारों का अभिवादन किया। संगत में कीबोर्ड पर श्रीकांत इंदवार, तबले पर संजीव पाठक, गिटार पर शांतनु मुखर्जी और ऑक्टोपैड पर सुदन सिंह ने साथ दिया। कार्यक्रम के बाद डॉक्टर मृणालिनी अखोरी को पद्मश्री महावीर नायक के हाथों विभाग द्वारा सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर बेहतर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नंदलाल नायक, मनपुरण नायक, देवदास विश्वकर्मा, और कार्यक्रम के संयोजक जयकांत इंदवार मौजूद रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**भागलपुर, एजेंसी।** स्थानीय थाना परिसर में सोमवार शाम को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें पर्व को शांति तरीके से मनाने और सभी अखाड़ों के खलीफा को जुलूस निकालने के लिए निर्धारित समय एवं रूट बताया गया। बैठक में सीओ हर्षा कोमल, पुलिस पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

### प्रेमिका से मिलने गए युवक को ग्रामीणों ने पीटा : नशे की हालत में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांका, एजेंसी।** बांका के रजौन थाना क्षेत्र में एक प्रेम प्रसंग ने तूल पकड़ लिया। चिलकावर गांव में सोमवार देर रात एक युवक को ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़ित युवक की पहचान गांव के ही रहने वाले संतोष सिंह के रूप में हुई है। वह रात के अंधेरे में किसी से मिलने आया था। ग्रामीणों ने उसे नशे की हालत में पकड़ा। जब ग्रामीणों ने उसे रोका, तो वह उन्हें गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांधकर पीटा। सूचना मिलते ही रजौन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने संतोष को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ में पता चला कि वह शराब के नशे में था। हालांकि ग्रामीणों ने कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई। थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार युवक ने बताया कि खिलाफ शराब पीकर हंगामा करने का मामला दर्ज किया गया है। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीण इस मामले में कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 13 तक आवेदन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए केंद्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 13 जुलाई तक विभाग के पोर्टल पर आवेदन लिए जायेंगे। जिलों से प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के लिए जिला स्तरीय कमेटी बनेगी। इस कमेटी के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के एक प्रतिनिधि और डीएम की ओर से नामांकित एक शिक्षाविद् भी शामिल होंगे। आवेदन में दिए गये तथ्यों के आधार पर भौतिक सत्यापन के लिए टीम का गठन किया जाएगा। यह समिति प्रमाणपत्र देगी कि सत्यापन में सभी बिंदुओं पर खड़े उतरने के बाद इन शिक्षकों का आवेदन अग्रसारित किया जा रहा है। तीन शिक्षकों का नाम जिला स्तरीय कमेटी राज्य कमेटी के पास भेजेगी। राष्ट्रीय शिखक पुरस्कार के लिए आवेदन करने वालों में से 50 प्रतिशत महिला शिक्षकों का चयन किया जाना है।

### रोटरी क्लब ऑफ आम्रपाली का नरेश अध्यक्ष नवीन बने सचिव

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रोटेरियन नरेश कुमार को अध्यक्ष एवं रोटेरिय नवीन कुमार त्रिवेदी को रोटरी क्लब ऑफ आम्रपाली का सचिव मनोनित किया गया है। ये दोनों एक जुलाई से 30 जनवरी 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। प्रो. बीएल सिंघानीया, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. मोनालिसा, योग शिक्षक मनीष कुमार, डॉ. रामजी प्रसाद, समाजसेवी एचएल गुप्ता, बीके फनीशचंद्र एवं साहित्यकार संजय पंकज ने दोनों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### सरोज देवी निर्विरोध बनीं वार्ड पार्षद

**गया, एजेंसी।** नगर परिषद, टिकारी के वार्ड संख्या बीस के लिए हुए उप चुनाव में सरोज देवी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। सरोज देवी को निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम प्रवीण कुमार ने निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। सरोज देवी बेल्हड़िया टोला दुल्ला बिगहा की रहने वाली है। इससे पहले वार्ड संख्या बीस के पार्षद के रूप में इनके पुत्र शशिकांत कुमार चुने गए थे। कुछ महीने पहले सड़क दुर्घटना में शशिकांत की मौत हो गई थी।

# आरजेडी विधायक रीतलाल यादव की बिगड़ी तबीयत, बीपी-शुगर लेवल लो

## भागलपुर के अस्पताल में भर्ती, पत्नी बोलीं- जेल के अंदर मारने की साजिश



**भागलपुर, एजेंसी।** आरजेडी विधायक रीतलाल यादव की जेल में अचानक तबीयत बिगड़ी गई है। सोमवार की देर शाम उन्हें भागलपुर जेल से मायागंज हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। उनका ब्लड प्रेशर लो हो गया था। साथ ही शुगर लेवल भी लो था। मंगलवार सुबह उनकी तबीयत पहले से बेहतर है। उधर, उनकी पत्नी रिंकू देवी ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया है कि उनके पति को जेल में मारने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा- विधायक को जेल के अंदर मारने की साजिश हुई है। वो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। उनको सेल में रखा गया था। विधायक को इस तरह से टॉर्चर करना अलाउड नहीं है। पूरे परिवार को टॉर्चर किया जा रहा है। परिवार को मारने की साजिश हो रही है। जानकारी के मुताबिक, जेल प्रशासन ने उन्हें रात करीब 9:30 बजे मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया। करीब दो महीने पहले सुरक्षा दृष्टिकोण से राजद विधायक को पटना के बेऊर जेल से भागलपुर के विशेष केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया था। रीतलाल यादव को हाई सिक्योरिटी वाले तृतीय खंड के टी-सेल में रखा गया है।

**50 लाख रुपए रंगदारी मांगने का है आरोप :** रीतलाल यादव ने 17 अप्रैल 2025 को दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेजा गया था। विधायक पर बिल्डर कुमार गौरव से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने और धमकी देने का आरोप है। इस संबंध में खगौल थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज की गई थी।

**विधायक ने भाई के साथ किया था सरेंडर :** पटना पुलिस ने इस मामले में 11 अप्रैल 2025 को रीतलाल यादव के 11 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 10.5 लाख रुपए नगद, 77 लाख रुपए के ब्लैंक चेक, 4 पेन ड्राइव और जमीन से संबंधित कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए थे। उसके बाद रीतलाल यादव ने अपने भाई के साथ सरेंडर किया था।

**बेऊर से भागलपुर जेल में किया गया था शिफ्ट :** रीतलाल यादव भागलपुर जेल में हाई सिक्योरिटी वाले तृतीय खंड के ञ्ज-सेल में रखा गया है। जेल में उन्हें जिस ञ्ज-सेल में रखा गया है, उसमें कभी सीएम नीतीश कुमार (जेपी आंदोलन के दौरान), विधायक राजबल्लभ यादव, कुख्यात अशोक महतो, इंदिरा गांधी के हत्यारे जसवंत सिंह और बाहुबली अनंत सिंह को भी रखा गया था।

**राहगीरों से छिनतई करते थे रीतलाल यादव :** बात 90 के दशक की है। 16 जनवरी 1972 को दानापुर के कोथावां गांव में रीतलाल यादव या रीतलाल रे का जन्म हुआ। ये गांव आज भी दानापुर स्टेशन के पास है। साल 1995-96 में लालू सरकार में यादवों का वर्चस्व कायम हो रहा था। उस दौरान रीतलाल कोथावां गांव से दानापुर स्टेशन जाने वाले रास्ते पर साइकिल, मोटर साइकिल की चोरी और राहगीरों से छिनतई करते थे। समय के साथ दबदबा बढ़ने लगा। जैसे कोई जमीन बिकती और जमीन मालिक बाउंड्री के लिए ईंट गिराता, रीतलाल के आदमी उससे पैसे की डिमांड करने लगते थे। पैसा नहीं देने पर उनके काम में अड़चन डाला करते थे। एक तरह से रीतलाल उस दौरान छोटी मोटी रंगदारी लेने लगे थे।

**लालू यादव के कारण बढ़ा कद :** 2005 लालू यादव की सरकार चली गई। फिर बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनी। पुलिस ने रीतलाल पर कार्रवाई की। कई संपत्तियों को जब्त किया गया। रीतलाल धीरे-धीरे अपना वर्चस्व और पैसा बढ़ाते रहे। चारा घोटाले में सजा होने पर लालू यादव की लोकसभा की सदस्यता चली गई। इसके बाद लालू यादव ने 2014 में बेटी मीसा भारती को पाटलिपुत्र लोकसभा चुनाव में उतारा। इसके लिए उन्होंने रीतलाल यादव के पिता से मदद मांगी। उस दौरान रीतलाल यादव जेल में थे, लेकिन आसपास के इलाके में रीतलाल का कद बढ़ गया।

लोगों को लगने लगा कि रीतलाल के सिर पर लालू यादव का हाथ है। 2015 में बिहार में सरकार में आरजेडी शामिल हुई। रीतलाल बाहर आ गया। 2016 में रीतलाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एमएलसी का चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। कुछ दिन बाद ही हत्या के एक मामले में रीतलाल को जेल जाना पड़ा। एमएलसी बनने के बाद रीतलाल की रंगदारी थोड़ी कम हुई, लेकिन जमीन खरीदी में कमीशन का खेल चलता रहा। हर बड़ी-छोटी जमीन के लिए इसके लोगों को पैसा देना पड़ता था।

**2020 में दानापुर से बने थे विधायक :** साल 2020 में इसी ताकत पर फिर से रीतलाल को टिकट मिला। 2020 में उन्होंने आरजेडी की टिकट पर दानापुर से भाजपा की आशा देवी को हराया और विधायक बने। इस जीत के बाद रीतलाल अपने आपको सफेदपोश बनाने लगा। धीरे-धीरे इनकी लोकल वसूली कम हुई। इसका कारण था नीतीश कुमार सरकार की कड़ाई, लेकिन ठेका पट्टा का इसका काम चलता रहा। आज की स्थिति ऐसी है कि दानापुर में अगर किसी को ठेका लेना है, तो बिना रीतलाल के सहमति के संभव नहीं है। आज भी बेली रोड नहर से शिवाला तक, बेली रोड से जानीपुर इलाके तक जमीन के हर छोड़े बड़े विवाद में इसका गिरोह एक्टिव होकर पैसा कमाते हैं।



## पसमांदा मुसलमानों को बीजेपी देगी हिस्सेदारी, मिलन समारोह में बोले दिलीप जायसवाल: राजनीति ने जीना मुहाल किया

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी पसमांदा मुसलमानों को रिझाने की कोशिश में लगी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में 'पसमांदा मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि भाजपा की विशेषता रही है कि यह सभी धर्म, समुदाय और वर्ग को साथ लेकर चलने की बात करती है। यह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के नारे पर काम करती है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुसलमानों के नाम पर राजनीति हुई, पर कभी इन लोगों ने पसमांदा मुसलमानों को आगे बढ़ाने की कोशिश नहीं की। इस मौके पर बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के लोगों ने शिरकत की। सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. जायसवाल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों का जीना मुश्किल कर रखा है। उन्होंने पसमांदा समाज के लोगों को भरोसा दिया कि भाजपा इनकी राजनीति में भी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेगी।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष सिर्फ पसमांदा मुसलमानों की बात वोट के लिए करता है। पसमांदा को आरक्षण एनडीए सरकार ने ही दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद कमरूजमा अंसारी और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने भी अपनी बात रखी।

## बहन से मिलने गए युवक को बहनोई ने पीटा

### औरंगाबाद में मारपीट के बाद अस्पताल में भर्ती थी महिला, दहेज के लिए टॉर्चर करने का आरोप

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के सिमरा बाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती बहन से मिलने पहुंचे युवक पर ससुरालवालों ने हमला कर दिया। घायल युवक की पहचान रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के भदूकी कला गांव निवासी तुलसी नोनिया के रूप में हुई है। घायल फिलहाल पश्चिम बंगाल के आसनसोल में अपने परिवार के साथ रहता है। घटना के बाद परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसका इलाज जारी है। मारपीट में जख्मी तुलसी नोनिया ने बताया कि उसकी बहन गौरी देवी की शादी साल 2012 में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोखराही गांव निवासी मंगल चौहान के बेटे संतोष कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में पैसे की मांग कर रहे हैं।

### बहन को ससुराल वालों ने पीटा

बहन को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ दिनों से बहन से संपर्क नहीं हो पा रहा था। जानकारी मिली कि ससुराल वालों ने उसकी पिटाई की है। वो सिमरा बाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। सोमवार की शाम उससे मिलने अस्पताल पहुंचा। जैसे ही अस्पताल पहुंचा वहां मौजूद ससुरालवालों ने उसे देखते ही मारपीट शुरू कर दी। वह बहन के घर पोखराही गांव गया। वहां बहनोई संतोष कुमार ने उस पर हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार की रात में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर इलाज में जुटे हैं। घटना की सूचना सिमरा थाना पुलिस को दी गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि तुलसी ने मोबाइल से मारपीट की जानकारी दी है। आवेदन या फर्द बयान मिलते ही मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।



## बिहार के एक और शहर को मिलेगी वंदे भारत की सुविधा



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के एक और शहर को जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिलने वाली है। भागलपुर से हावड़ा के लिए चलने वाली वंदे भारत का जमालपुर तक विस्तार किया जाएगा। इसके लिए भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन के टाइम टेबल में बदलाव होगा। नए शेड्युल के अनुसार, यह ट्रेन भागलपुर नहीं बल्कि जमालपुर से खुलेगी। फिर भागलपुर होकर हावड़ा जाएगी। नई समय सारणी का प्रस्ताव भेजा गया है, मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। नई समय सारणी के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हावड़ा से सुबह 7:45 बजे चलकर दोपहर 01:15 बजे भागलपुर आएगी। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद दोपहर 01: 17 बजे जमालपुर के लिए रवाना हो जाएगी। वापसी में यह ट्रेन जमालपुर से शाम 3.30 बजे खुलेगी और 04:22 बजे भागलपुर पहुंचेगी। दो मिनट के ठहराव के बाद भागलपुर से यह ट्रेन 04:24 मिनट में खुल जाएगी। फिर बाराहाट 05:02, मंदारहिल 05:16, हंसडीहा 05:38, नोनीहाट 05:53, दुमका 06:25, रामपुरहाट 07:18, बोलपुर 07:56 होते हुए रात 10:05 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंचेगी। अगर यह टाइम टेबल लागू होता है तो रूट की कुछ अन्य ट्रेनों के समय में भी आंशिक बदलाव संभव है। भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का जमालपुर तक विस्तार होने की लंबे समय से मांग की जा रही है। बीते दिनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी इस संबंध में बात की थी। इसके चलने से जमालपुर और मुंगेर शहर समेत आसपास के क्षेत्र के लाखों लोगों को सेमी हाई स्पीड ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी।

## जेल में बंद गरीब कैदियों की जमानत राशि देगी बिहार सरकार, एसपी-डीएम को फरमान जारी



**पटना, एजेंसी।** जुर्माना राशि भर पाने में सक्षम नहीं होने की वजह से राज्य की विभिन्न जेलों में बंद गरीब कैदियों की राज्य सरकार मदद करेगी। सरकार इन कैदियों की जमानत राशि का प्रबंध कराते हुए उनको जेल से बाहर निकालने का काम करेगी। गरीब कैदियों के समर्थन में लागू इस योजना की नई गाइडलाइन लागू की गई है। इसको लेकर गृह विभाग ने सभी डीएम-एसपी को निर्देश दिया है।

### ऐसे कैदियों की जानकारी देंगे जेल अधीक्षक

निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के मुताबिक न्यायालय से किसी कैदी की जमानत मंजूर होने के सात दिन बाद भी उसकी रिहाई नहीं होने पर जेल प्रशासन इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को देगी। प्राधिकरण के सचिव यह जांच करेंगे कि उस कैदी को वित्तीय मदद की आवश्यकता है या नहीं इसके लिए प्रोबेशन अधिकारी या सिविल सोसाइटी के सदस्यों की मदद ली जा सकेगी। जांच प्रक्रिया 10 दिन के अंदर पूरी करनी होगी। प्राधिकार के सचिव दो से तीन हफ्ते के अंदर ऐसे सभी मामले जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखेंगे। विचाराधीन कैदी के मामले में यह समिति प्रति कैदी अधिकतम 40 हजार तक की राशि निकासी और संबंधित कोर्ट में उसके भुगतान की मंजूरी देगी। दोषी करार कैदियों के मामले में यह राशि 25 हजार होगी। जमानत राशि इससे अधिक होने पर उसकी मंजूरी के लिए राज्यस्तरीय निगरानी कमेटी को भेजा जाएगा। भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, एनडीपीएस और असामाजिक कार्यों में संलग्न रहे कैदियों को मदद नहीं मिलेगी।

**राज्यस्तर पर गृह सचिव और जिले में डीएम की अध्यक्षता में समिति बनेगी :** प्रावधान के मुताबिक योजना को लेकर राज्य स्तर पर निगरानी समिति, जबकि जिला स्तर पर अधिकार प्राप्त समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। पांच सदस्यीय जिला स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति में संबंधित जिले के डीएम और एसपी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, संबंधित जेल अधीक्षक या उपाधीक्षक और जिला जज द्वारा नामित एक न्यायाधीश शामिल होंगे। अधिकार प्राप्त समिति ऐसे कैदी के मामले में केस दर केस वित्तीय मदद का निर्णय लेगी। कैदियों को चिह्नित करने के लिए सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि, समाजसेवी, जिला प्रोबेशन अधिकारी की मदद ली जाएगी। विभाग के अपर मुख्य सचिव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय राज्यस्तरीय समिति गठित होगी। समिति में विधि विभाग के सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, जेल आईजी, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सदस्य बनाया गया है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक

### सरकारी नौकरी को लेकर नेताओं ने बनाई रणनीति, युवा-महिलाओं पर फोकस, सहमति के बाद जारी होगा फाइनल एजेंडा



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। सीटों के बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों के बीच बैठकें लगातार चल रही हैं, वहीं साझा घोषणापत्र को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी जोरों पर है। सोमवार को पटना स्थित कांग्रेस पार्टी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में महागठबंधन की मेनिफेस्टो कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई।

इस बंद कमरे में हुई बैठक में राजद की ओर से पार्टी सांसद सुधाकर सिंह सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बैठक में आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए महागठबंधन की ओर से जनता के सामने पेश किए जाने वाले मुख्य वादों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष तौर पर युवाओं और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

### सरकारी नौकरी को लेकर नेताओं ने बनाई रणनीति

बैठक में युवाओं के लिए अधिकतम रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने और सरकारी नौकरियों की संख्या बढ़ाने को लेकर नेताओं ने रणनीति बनाई। वहीं, महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहायता से जुड़ी योजनाओं पर विशेष फोकस रहा। बैठक में जिन प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी, उनमें ÷माई-बहन मान योजना÷ के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 देने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा जातीय जनगणना के निष्कर्षों को लागू करने और उससे जुड़ा राजनीतिक लाभ उठाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। महागठबंधन की ओर से 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने, बच्चों को स्कूलों में मुफ्त दूध और अंडा उपलब्ध कराने, और राज्य में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने की घोषणाएं संभावित मेनिफेस्टो में शामिल की जा सकती हैं।

### युवा आयोग के गठन वाले प्रस्ताव पर चर्चा

बैठक में युवाओं के लिए ÷युवा आयोग÷ के गठन और परीक्षा के दौरान यात्रा व्यय की भरपाई करने के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। हालांकि, डोमिसाइल नीति को लेकर गठबंधन में एक राय नहीं बन पाई है। राजद नेता तेजस्वी यादव इस नीति को पूरी तरह लागू करने के पक्ष में हैं, जबकि कांग्रेस इस पर अभी स्पष्ट निर्णय नहीं ले पाई है। सूत्रों के अनुसार, घोषणापत्र को अंतिम रूप देने से पहले महागठबंधन की एक और बैठक जल्द ही बुलाई जाएगी, जिसमें सभी दलों की सहमति के बाद फाइनल एजेंडा जारी किया जाएगा।

# सीएचसी प्रभारी को एसीबी ने दबोचा

## बकाया बिल भुगतान के बदले मांगे थे चार हजार रुपये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग (चौपारण)।** चौपारण प्रखंड के दादपुर निवासी उज्ज्वल सिन्हा, जो ममता वाहन के स्वामी हैं, ने चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी डॉ. सतीश कुमार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के अनुसार, डॉ. सतीश कुमार उज्ज्वल सिन्हा से उनके लगभग 25,000 के बकाया बिल भुगतान के बदले 4,000 की रिश्वत की मांग कर रहे थे। यह बिल पिछले तीन-चार महीनों में किए गए कार्यों का था।

उज्ज्वल सिन्हा ने इस बारे में सीधे एसीबी से संपर्क कर सूचना दी। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और डॉ. सतीश कुमार को रंगे हाथ 4,000 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद डॉ. कुमार को हिरासत में लेकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्यवाही से क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं और आम जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# केंद्रीय मंत्री 3 जुलाई को करेंगे शंखा-खजूरी फोरलेन हाई-वे का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । आगामी 3 जुलाई को पूर्व मध्य गांव स्थित नेशनल हाईवे शंखा से खजूरी तक के नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। उक्त बातें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कही।वे मंगलवार को स्थानीय अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सांसद बीडी राम ने कार्यक्रम में पलामू व गढ़वा जिले के लोगों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई को 10:00 बजे दिन में पूर्व मध्य गांव में आयोजित कार्यक्रम में पलामू गढ़वा के विकास के लिए मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष विभिन्न योजनाओं की मांग करेंगे।

सांसद ने कहा कि रांची से वाराणसी भाया विंढमगंज फोरलेन कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। कॉरिडोर के निर्माण में करीब 8000 करोड़ की लागत आ रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 75 रांची- वाराणसी नेशनल हाईवे का नाम अब नेशनल हाईवे 39 हो गया है। बताया कि रांची- वाराणसी नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य छह अलग-अलग चरणों में किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य रांची से कुडू तक पूरा हो गया है। इसमें कुरु से उदयपुरा 38 किलोमीटर, उदयपुर से भिगो 50 किलोमीटर, भोगों से संख्या 49 किलोमीटर सरकार प्रगति पर है। शंखा से खजूरी 22.73 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसी मार्ग का उद्घाटन करने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आगमन हो रहा है। कहा कि उक्त नेशनल हाईवे 39 को गढ़वा बाइपास के नाम से भी जाना जाता है। कहा कि गढ़वा जिलेवासी कई वर्षों से गढ़वा बाईपास की मांग कर रहे थे। अब यह पूरा होने जा रहा है। इससे लोगों को बहुत बड़ी जाम की समस्या से निजात मिलेगी। सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

# वित्त मंत्री ने किया पांडू प्रखण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण

## मंत्री ने रिकॉर्ड मांगा तो नहीं मिला स्पष्ट जवाब, लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** ।सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मंगलवार को अचानक दोपहर पांडू प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे। मंत्री को पहुंचते ही सभी कर्मी के अंदर खलबली मच गई। मंत्री ने बीडीओ कार्यालय में बैठकर बीडीओ व कर्मियों से विकास योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ने भूमि बैंक रजिस्टर, गैर मजरुआ भूमि रजिस्टर, अवैध जमा बंदी रजिस्टर, आय, जाति व आवासीय सहित अन्य रिकॉर्ड दिखाने को कहा। रिकॉर्ड दिखाना तो दूर बीडीओ व कर्मियो ने संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। पिछले सात माह से कैश बुक मेंटेन नहीं देख मंत्री ने बीडीओ सहित संबंधित विभाग के कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। तीन दिनों के अंदर कैशबुक को लिख लेने का सख्त निर्देश दिया। मंत्री द्वारा किसी भी दस्तावेज की मांग करने पर कई मिनट तक इंतजार करना पड़ रहा था। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताई। मंत्री ने जमाबंदी से संबंधित सवाल पूछा तो बताया गया कि 16 मामले आये थे। इसमें 9 मामले को भेजा गया था। लेकिन निष्पादन नहीं हो सका है। मंत्री ने 15 दिनों के अंदर जमाबंदी दस्तावेज को निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने मुरुमातु से विस्थापित मुसहर परिवार के लिए 15 दिनों के अंदर जमीन उपलब्ध कराने के लिए बीडीओ को आदेश दिया।



इससे पूर्व पांडू पहुंचने पर वित्त मंत्री का स्वागत किया गया। विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह व जिप सदस्य प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह मंत्री किशोर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उनके साथ अरुण कुमार सिंह, विजयकांत पाण्डेय व बालमुकुंद पासवान आदि मौजूद थे।

# सीएचपी संचालक को गोली मारकर पांच लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। मंगलवार सुबह बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक सीएसपी संचालक को गोली मारकर पांच लाख रुपये लूट लिए। घायल सीएसपी संचालक को इलाज के लिए मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में जगह-जगह नाकाबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी है।

यह घटना पीपरा थाना क्षेत्र के जमुनिया स्थित बेलही देवी मंदिर के समीप की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पिपराकोठी थाना क्षेत्र के बड़कुरवा गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार सिंह रोजाना की तरह अपनी कार से जमुनिया स्थित सीएसपी सेंटर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए अपराधियों ने उन्हें रोककर गोली मार दी और पांच लाख रुपये नकद, पासबुक, साइन किया हुआ ब्लैंक चेक और लैपटॉप लूटकर पिपराकोठी की ओर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में सघन छापेमारी शुरू कर दी। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए एसडीपीओ चकिया के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या

**बेगूसराय।** जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक युवक ने राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलौना स्टेशन और खटुली रेल पुल के मध्य रामपुर ढाला के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ने राजधानी एक्सप्रेस के सामने अचानक छलांग लगा दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रेन तेज रफ्तार में थी, जिसके चलते शरीर क्षत-विक्षत हो गया।

# हक-अधिकार, मान-सम्मान और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए महापुरुषों का अनुसरण जरूरी: दशरथ राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नरकी पंचायत में आदिवासी-मूलवासी संगठन की ओर से हुल दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि झामुमो नेता बिनोद किस्कू ने संथाली भाषा में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बलिदान दिया। हमें उन पर गर्व है और हम उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं।



विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष समिति, हजारीबाग के कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ राय ने सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फुलो-झानो, बिरसा मुंडा जैसे वीर आदिवासी महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संथाल हुल जल-जंगल-जमीन की रक्षा और हक-अधिकार के लिए हुआ आंदोलन था। करीब 40 से 50 हजार संथाल आदिवासी इस आंदोलन में शामिल हुए और अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया।

उन्होंने बताया कि संथाल विद्रोह को संथाल हुल के नाम से जाना जाता है, जो स्वतंत्रता और न्याय की मांग को लेकर किया गया बलिदान है। इस ऐतिहासिक लड़ाई में सिद्धू और कान्हू जैसे नेताओं को अंग्रेजों ने 26 जुलाई 1856 को फांसी दे दी थी। आज हम सभी का दायित्व है कि उनके पदचिन्हों पर चलें और अपने अधिकारों की रक्षा करें।

सभा में अर्जुन मुर्मू, रामलाल सोरेन, अनील कसेरा, छोटी शर्मा, अंतु रविदास, रामजी किस्कू, मो. मुस्तकीम, बाबूचंद मांझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे और सभी ने महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार रखे।

# शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** हथौड़ी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने किया। थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने का अपील किया। सभी समुदायों से आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने को कहा।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की कोई अफवाह फैलाता है उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए छेत्र में पुलिस प्रशासन को मुस्तैद कर दिया गया है।

मौके पर पूर्व मुखिया राजेश कुमार पासवान, समाजसेवी शिव शंकर मंडल, पंचायती प्रतिनिधि, स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग और कई मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# यूपी के जज से ठगी मामले में एक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में पदस्थ एक न्यायाधीश से केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर साइबर अपराधियों ने 56 हजार रुपये की ठगी कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

जज की शिकायत पर रायबरेली साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की, जिसमें ठगी का लिंक बिहार के शेखपुरा जिले से जुड़ा पाया गया।

दरअसल, यह पूरा मामला रायबरेली के पॉक्सो कोर्ट के एक न्यायाधीश से जुड़ा है। 12 जून को न्यायाधीश ने ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग के लिए एक वेबसाइट के माध्यम से भुगतान किया था। लेकिन बाद में उन्हें महसूस हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने 16 जून को साइबर थाना रायबरेली में प्राथमिकी दर्ज कराई। तकनीकी जांच में सामने आया कि ठगों का मोबाइल टावर लोकेशन शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव में पाया गया। इसके बाद रायबरेली साइबर पुलिस की एक टीम रविवार को शेखपुरा पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी कर आरोपी विकास कुमार (20 वर्ष), पिता मन्नू यादव को गिरफ्तार कर लिया।

बरबीघा थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। विकास ने पुलिस को बताया कि वह एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का सदस्य है, जो फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी की वारदातों को अंजाम देता है।

इस गिरोह में नालंदा, शेखपुरा और नवादा जिले के कई बदमाश शामिल हैं, जो फिलहाल फरार हैं।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल भी जब्त किया है, जिसमें कई फर्जी डेटा और ऑनलाइन ठगी से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। मोबाइल की जांच में सामने आया है कि आरोपी अब तक लाखों रुपये की ठगी कर चुका है।

# छात्र-छात्राओं को समर्पित भाव से लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की है जरूरत : प्राचार्य

- चनेया के सीएसडी इंटर कॉलेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित
- छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में की है कड़ी मेहनत : अनुज सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** नावाबाजार प्रखंड के चनेया स्थित चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में इंटर की परीक्षा परिणाम में कला, वाणिज्य व विज्ञान तीनों संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य देवेंद्र कुमार पाठक सहित अन्य प्राध्यापकों व समाजसेवियों ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कॉलेज की टॉपरो में 90.4 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली छात्रा स्वमलता कुमारी, 90 प्रतिशत पूजा कुमारी, 89.4 प्रतिशत सत्य प्रकाश महतो, 88 प्रतिशत फैजान राजा, 85.2 प्रतिशत नीलम कुमारी, 84.2 प्रतिशत खुशबू कुमारी, 82.4 प्रतिशत साक्षी कुमारी , 82 प्रतिशत सोनी कुमारी, 82 प्रतिशत मनीष कुमार, 81.6 प्रतिशत अंशु गुप्ता, 81.2 प्रतिशत श्रेया कुमारी, 81.2 प्रतिशत आयम अहमद, 80.6 प्रतिशत रिया कुमारी व 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सुधा कुमारी को सम्मानित किया गया।

मौके पर प्राचार्य देवेन्द्र कुमार पाठक ने संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि यह सफलता छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। छात्र-छात्राओं को समर्पित व लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की जरूरत है। मौके पर कॉलेज के हेड क्लर्क अनुज सिंह ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में बड़ी मेहनत की है। इसी का नतीजा है की छात्र-छात्राएं अव्वल अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रोफेसर राजाराम तिवारी, परीक्षा संचालक मृत्युंजय प्रसाद सिंह, एसके द्विवेदी, डीएन वर्मा, एन देवी, भारत गौतम, राजीव मेहता, संदीप पाठक, सांभा कुमारी, मेनका कुमारी, पुष्पा कुमारी, गोपाल कृष्ण पांडेय, सौरव पाठक, प्रवीण तिवारी, सूबेदार प्रजापति, विनोद राम, वीरू दुबे, राजू कुमार सहित कॉलेज के कर्मी व सैकड़ों अभिभावक शामिल थे।




## लोगों के बाढ़ से बहने का वीडियो वायरल

इमामगंज (गया)। बिहार के गया जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लड़कियां-महिलाएं झरने के बीच में खड़ी हैं। इसी दौरान अचानक से पानी आता है और इनमें से कुछ को बहा ले जाता है।

इस दौरान वहां चीख-पुकार मच जाती है और मौके पर मौजूद लोग लड़कियों को बचाने की कोशिश करने लगते हैं। बारिश के मौसम में वायरल हो रहा ये खौफनाक वीडियो काफी डाराने और रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

गया जिले के इमामगंज प्रखंड के पकरी गुरिया पंचायत के पकरडीह गांव स्थित लंगुराही जलप्रपात में यह घटना शनिवार को दोपहर में हुई।

यहां बारिश के कारण जलप्रपात में पानी अचानक से बढ़ने लगा था। इस दौरान करीब 4 से 5 महिलाएं पानी की तेज धार में बहने लगी थीं। उन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने बचाया।

इस संबंध में स्थानीय मुखिया अविनाश कुमार सिंह उर्फ टिमन सिंह ने बताया कि शनिवार को दोपहर लंगराही जलप्रपात में रुक-रुक कर बारिश होने के कारण पानी तेज हो जाने से कुछ ग्रामीणों को स्नान के दौरान बहते देखा गया था।

# मतदाता सर्वेक्षण को ले बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** मनरेगा सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सत्यापन को लेकर रोसड़ा और वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदधिकारी आलोक कुमार सिंह ने करते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने को कहा गया। साथ ही विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रपत्र भी मतदाताओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड विकास पदधिकारी आलोक कुमार सिंह ने सभी बीएलओ को निर्धारित तिथि के अंदर ही शत प्रतिशत मतदाता का सत्यापन कार्य पूरा करने को कहा। मौके पर अंचलाधिकारी बीणा भारती, सीडीपीओ प्रियंका सहित सभी बीएलओ सुपरबाइजर सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

इधर दूसरी ओर बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार बिहार में मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व शिवाजीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने किया। रैली का शुरूआत प्रखंड कार्यालय से हुई, जिसमें मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्रखंड, अंचल, मनरेगा एवं सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जागरूकता रैली प्रखंड छेत्र का भ्रमण करते हुए कार्यालय पहुंच समाप्त हुआ। मौके पर पीओ रजनीश कुमार, हरिनाथ सिंह, जितेंद्र झा, विश्वनाथ प्रसाद, मनीष कुमार सिंह, जयकांत राय, रामाकांत राय, राहुल, मंगल, राकेश कुमार आदि शामिल थे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**नबिटा टीम**

मेदिनीनगर (पलामू)/हजारीबाग। झारखंड के आदिवासी समाज के लोग हुल क्रांति के वीर नायकों को देवतुल्य समझकर पूजते हैं। लेकिन संथाल विद्रोह यानी हूल दिवस के दिन झारखंड सरकार की तानाशाही रवैया व दमनकारी नीति उजागर हुई। सोमवार को हुल दिवस के वीर नायकों सिद्धो - कान्हू, चांद- भैरव, फूलो-झानो के परिवार के सदस्यों के साथ आदिवासी समाज के लोग भोगनाडीह में पूजा-अर्चना करने जा रहे थे। राज्य की हेमंत सरकार ने जिस तरह बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए उन्हें पीटा, वह न केवल अमानवीय है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी एक गहरा धब्बा है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कही। वे मंगलवार की शाम पार्टी नेताओं के साथ स्थानीय छह मुहान चौक पर हेमंत सोरेन का पुतला दहन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व भाजपाईयों ने गीता भवन से छह मुहान चौक तक विरोध मार्च निकाला व हेमंत सोरेन के खिलाफ रोषपूर्ण नारे लगाए। अमित तिवारी ने कहा कि आजादी के दीवानों के वंशजों पर हेमंत सोरेन ने बहुत बड़ा हमला किया है। मौके पर अविनाश वर्मा ने कहा कि हुल क्रांति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का पहला विद्रोह था। हुल क्रांति आजादी के दीवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया था। आदिवासी वीर नायकों ने अपनी वीरता के बदौलत अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। अंग्रेजो की तानाशाही रवैया एवं दमनकारी नीति के खिलाफ लोहा लिया। अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए संथाल के आदिवासियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने संथाल परगना को अपने लहू से सींचा था। झारखंड के आदिवासी वीर नायकों की वीरता और शहादत के सामने पूरा देश नतमस्तक है। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार अंग्रेजी हुकूमत के समान शासन कर रही है। हुल क्रांति के वीर नायकों के परिवार के सदस्यों एवं आदिवासियों की पिटाई किया जाना राज्य के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्लान का हिस्सा है। इस घटना से झारखंड ही नहीं पूरे भारतवासियों में राज्य सरकार के प्रति आक्रोश है।





कार्यक्रम में शिवकुमार मिश्र, प्रेमजीत कुमार सिंह, अभिमन्यु तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय कुमार ठाकुर, वीरेंद्र प्रसाद, नंदलाल गुप्ता, अशोक प्रसाद, श्रवण गुप्ता, रूपा सिंह, रीना किशोर, रेणु देवी, जितेंद्र तिवारी, मुन्ना मिश्रा, अरुण दुबे, आनंद कुमार, रणजीत सिंह, शैलेश कुमार बिट्टू, छोटू सिन्हा, परशुराम ओझा, प्रधान सक्सेना श्वेतांग गर्ग, मंगल सिंह, ज्योति पांडेय, प्रधान सक्सेना, विभाकर नारायण पांडेय, राजहंस अग्रवाल, दीपक सिंह, राजकुमार बर्मन, रोशन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे।

**हजारीबाग से संवाददाता के अनुसार** 1855 के संथाल हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू और अन्य शहीदों की स्मृति में प्रतिवर्ष 30 जून को आयोजित होने वाले हूल दिवस कार्यक्रम को लेकर झारखंड में राजनीतिक गरमाहट तेज हो गई है। इस वर्ष शहीदों के गांव भोगनाडीह में कार्यक्रम की अनुमति नहीं देने और आदिवासी समाज पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग जिला इकाई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका।

प्रशासन की इस कार्रवाई और हेमंत सरकार की ₹हठधर्मिता एवं दमनकारी नीति₹ के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा हजारीबाग में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, भाजपा जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, दामोदर सिंह, सुमन कुमार, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, कुंवर मनोज सिंह, जितेंद्र जैन, ऋषि शर्मा, विजय वर्मा, मनोरमा राणा, सत्यभामा शर्मा, अजीत चंद्रवंशी, मनमीत अकेला, इंद्र नारायण कुशवाहा, सुबोध सिंह, महेंद्र ठाकुर, कुलदीप कृष्णा, राजेश चंद्रवंशी, विवेक सिंह, इंदु गुप्ता, कंचन शर्मा, उमेश केसरी, अवध किशोर यादव, अतिशय जैन, तरुण कसेरा, सरफराज, अविनाश कुमार और हैदर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. सीओएम-यूटीएसपीआरएस-एएमसी-एचडब्ल्यूएच-25 दिनांक: 01.07.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल (रेल यात्री निवास भवन, चौथी मंजिल, न्यू कॉम्प्लेक्स हावड़ा रेलवे स्टेशन) द्वारा हावड़ा मंडल में स्पेयर पार्ट्स के प्रावधान के साथ रखरखाव सहायता (एएमसी) प्रदान करने के लिए कंपनी / फर्म से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान:** 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के सभी यूटीएस, पीआरएस, यूटीएस-कम-पीआरएस, एनटीईएस, रिटायरिंग रूम बुकिंग स्टेशनों और गैर रेलवे हेड स्थानों एवं कोलकाता क्षेत्र के कार्यालयों/स्थानों पर उपयोग किए जाने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर बाह्य उपकरणों के लिए पुर्जों/घटकों के प्रतिस्थापन के साथ वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। निविदा मूल्य: रु.50,93,851.92; **अनुबंध की अवधि:** 02 (दो) वर्ष; **बयाना राशि:** रु.1,01,900.00; **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 60 (साठ) दिन; वेबसाइट का पता जहां से निविदा फार्म एवं दस्तावेज उपलब्ध होंगे: **www.ireps.gov.in बोली प्रारंभ तिथि:** 09.07.2025; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 23.07.2025 को 14:00 बजे। **ध्यान दें:** निविदा प्रस्तुत करने से पहले कार्य के दायरे के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, बोलीदाता सीधे वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल (रेल यात्री निवास भवन, चौथी मंजिल, न्यू कॉम्प्लेक्स, हावड़ा रेलवे स्टेशन) के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं। बोलियाँ केवल ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी हैं। कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-168/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK

# रोटरी क्लब ऑफ नवादा ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर डे) के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ नवादा की ओर से शहर के दर्जनों चिकित्सकों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब के नव-निर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में सदस्यों की टोली ने विभिन्न डॉक्टरों के क्लीनिक पहुंचकर उन्हें भगवान के रूप में समाज की सेवा करने वाले योद्धा बताते हुए श्रद्धा और सम्मान अर्पित किया।





सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ. के. पी. सिंह, डॉ. ए. के. अरुण, डॉ. सावित्री शर्मा, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. जीसू श्वेता, डॉ. संबुक समेत अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। सभी को रोटरी क्लब की ओर से मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब ने कहा कि डॉक्टर न केवल रोगों का इलाज करते हैं, बल्कि वे जीवन रक्षक देवदूत की भूमिका निभाते हैं। लोगों की उम्मीदें उनके समर्पण से जुड़ी होती हैं।

सम्मान समारोह के दौरान डॉ. विमल प्रसाद ने कहा भले ही लोग डॉक्टर को भगवान मानते हों, लेकिन कुछ लोग इस पेशे को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, जो निंदनीय है। वहीं अन्य डॉक्टरों ने रोटरी क्लब द्वारा किए गए सम्मान को प्रेरणास्पद बताया।

डॉ. के. पी. सिंह, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद समेत अन्य डॉक्टरों ने सम्मान प्राप्त कर खुशी जाहिर की और क्लब के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कम से कम कोई संस्था तो है जो इस दिन हमें याद करती है और समाज के प्रति हमारी सेवा को मान्यता देती है।

इस अवसर पर रोटेरियन डॉ. आर. पी. साहू ने कहा कि रोटरी क्लब हर वर्ष 1 जुलाई को शहर के चिकित्सकों को सम्मानित करता आ रहा है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में रोटेरियन वजीर प्रसाद, नवीन कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, नित्यानंद चौरसिया समेत बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

# क्लब अध्यक्षा व सचिव ने नए सत्र की मॉडल स्कूल से की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ के नए सत्र का शुभारंभ होता है इसी के तहत इस वर्ष के क्लब अध्यक्षा रश्मि रानी एवं सचिव कुमारी रश्मि के नेतृत्व में सदस्यों के सहयोग से पूरा वर्ष की सामाजिक कार्य योजना पर सभी सदस्यों द्वारा कार्य किया जाएगा। सत्र के प्रथम दिन इनरव्हील क्लब बिहारशरीफ के द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट किए गए सत्र की शुरुआत आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय, भैंसासुर बिहारशरीफ में पौधारोपण कर किया गया। क्लब अध्यक्ष रश्मि रानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे लगाकर ही जीवन को खुशहाल किया जा सकता है, हर व्यक्ति को अधीक से अधिक पौधे लगाना और संरक्षण कर उसे पेड़ बनाना चाहिए। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। क्लब सचिव कुमारी रश्मि और प्रधानाचार्य सुनीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज पृथ्वी पर पेड़ पौधे की संख्या न्यूनतम प्रतिशत से भी कम हो गया है, जिसके कारण ग्लोवल वार्मिंग की समस्या आ गई है। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सभी व्यक्ति को जन्मदिन, शादी की सालगिरह, वरसी एवं अन्य कार्यक्रम में कम से कम दो पेड़ जरूर लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष मधु कंचन,मंजू प्रकाश, रूबी सिंहा व सदस्य डॉ ममता कौशांभी, कुमारी रश्मि, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंह व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।



# रोटरी क्लब ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ के नए सत्र 2025-26 के सचिव रोटेरियन मनीष चंद्र और अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश केसरिया द्वारा नए सत्र के उपलक्ष में स्थानीय डैफोडिल स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। सर्वप्रथम नए अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश कुमार केसरिया एवं नए सचिव मनीषचंद्र के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। स्कूल के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया. इस अवसर पर तीन नए प्रोजेक्ट का शुभारंभ हुआ जिसका संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रंजीत प्रसाद सिंह ने किया आज डॉक्टर डे के अवसर पर क्लब के द्वारा सर्वप्रथम डॉ. मनोज कुमार, डॉ रंजना, डॉ अरुण कुमार, डॉ सुजीत कुमार,डॉक्टर शुभम आनंद एवं डॉ. अमरेंद्र कुमार को शाल पुष्पगुच्छा देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इनर व्हील की नई अध्यक्ष एवं डैफोडिल स्कूल के डायरेक्टर रश्मि रानी ने भी सक्रिय सहयोग किया. आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष एवं डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के निदेशक रोटेरियन डॉ रविचंद थे। सभी कार्यक्रमों में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रंजीत प्रसाद सिंह, रोटेरियन राजकुमार जी, रोटेरियन डॉ मनोज कुमार, रोटेरियन संजीव कुमार सिन्हा, एवं रोटेरियन संजीव कुमार बबलू की सक्रिय भागीदारी रही अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया कि रोटरी क्लब आफ बिहार शरीफ का समाज सेवा के क्षेत्र मे गौरवशाली इतिहास रहा है इसी क्रम में क्लब जनहित में अनवरत सामाजिक कार्यक्रम चलाएगा।



## ट्रैक्टर से दबकर बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर पंचायत के हैदरपुर गांव में एक हादसे में एक मासूम की जान चली गई। मितराज पासवान का चार वर्षीय पुत्र अमन कुमार अपने घर के पास मुख्य पथ पर खेल रहा था, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौके पर मौत हो गई।

## बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर राजमिस्त्री की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर में एक की मौत और तीन जख्मी हो गये। घटना सिलाव थाना के नानंद गांव के पास दीपनगर से गिरियक जाने वाले पथ पर हुई। मृतक की पहचान नालंदा थाना के मेहुदीनगर के हृदय रविदास का 40 वर्षीय पुत्र शंकर रविदास के रूप में हुई। घायल राजेश मांझी ने बताया नानंद गांव में मकान निर्माण में काम करने जा रहे थे। मुन्ना मांझी के साथ मैं पहले पहुंचकर राजमिस्त्री शंकर रविदास का इंतजार कर रहे थे। जैसे हीं वे पहुंचे तभी ओभरटेक कर रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। हमलोग भी ट्रैक्टर के झटका से हंडल में फ़ेका गये। हम सभी को स्थानीय लोगों ने पावापुरी अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार सुबह से हीं बालु की ढुलाई शुरू हो जाती है। इनमें ज्यादातर ड्राइबर नबालिक होते हैं। पुलिस से

# मतदान केंद्रों की संख्या में बढ़ोतरी पर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत 30 जून 2025 को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों की प्रस्तावित संख्या वृद्धि को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के नए दिशानिर्देशों के अनुसार अब 1200 मतदाताओं पर एक बूथ बनाया जाना है, जबकि पहले यह संख्या 1500 थी। इससे नालंदा जिले में कुल बूथों की संख्या 2391 से बढ़कर 2761 हो जाएगी। 370 नए बूथों का प्रस्ताव है, जिनमें से 357 को पुराने भवन परिसरों में ही रखा गया है। मात्र 13 बूथों के भवन में परिवर्तन प्रस्तावित है, जिससे मतदाताओं को न्यूनतम असुविधा हो। जिलाधिकारी ने बताया कि 2 जुलाई को प्रस्ताव निर्वाचन विभाग को भेजा जाएगा और 18 जुलाई तक आयोग से स्वीकृति प्राप्त कर 1 अगस्त को अंतिम मतदान केंद्र सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 जुलाई तक आपत्तियां, सुझाव व प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी जांच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्वयं करेंगे। जिलाधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं या उनके परिजनों को कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल सूची की स्व-प्रमाणित प्रति अपलोड करनी होगी। यह सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित कर रहे हैं, जिनके सहयोग के लिए सुपरवाइजर, पंचायत सेवक, टोला सेवक, जीविका दीदी, एनएसएस, एनसीसी समेत विभिन्न स्वयंसेवकों को लगाया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि उनके बीएलए, बीएलओ को अधिकतम सहयोग प्रदान करें, जिससे पुनरीक्षण अभियान को सफलता मिले। इस अवसर पर हरनौत विधायक हरि नारायण सिंह, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, राजगीर विधायक कौशल कुमार, अस्थावां विधायक प्रतिनिधि विनोद प्रसाद सिंह, नगर आयुक्त, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीगण, जदयू जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद, सांसद प्रतिनिधि अजीत कुमार, बीएसपी के उमेश पंडित, भाजपा के राजेश कुमार और इस्लामपुर विधायक प्रतिनिधि योगेश सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।



# रोटरी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ नवादा के द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी के नव मनोनीत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में रोटरी क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें 10 से अधिक रोटरी क्लब और सहयोगियों ने रक्तदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मौके पर पूर्व असिस्टेंट गवर्नर वजीर प्रसाद ने कहा कि रोटरी क्लब एक मजबूत संस्था है। कुछ गलत तरीके के सदस्यों के कारण नवादा में रोटरी क्लब अपने लक्ष्य पर आगे नहीं बढ़ पा रहा था, लेकिन अब 1 जुलाई 2025 से रोटरी क्लब नए जोश के साथ सामाजिक सेवा में आगे बढ़ेगी। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा छवि और पूर्व असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन आरपी साहू ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से सामाजिक कार्य करती आ रही है। अपने स्थापना काल 2001 से ही रोटरी क्लब सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता दी है, ना की व्यक्तिगत कार्यों को। रोटरी क्लब का काम समाज की सेवा है और क्लब से जुड़े सदस्यों को अपने नाम के पीछे नहीं भागना चाहिए। रोटरी एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिससे जुड़ने वाले लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

# मोहर्रम को लेकर पकरीबरावां एवं धमौल थाने में शांति समिति की बैठक

## शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** आगामी मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पकरीबरावां और धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्रमशः थानाध्यक्ष रंजीत कुमार (पकरीबरावां) और थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू (धमौल) ने की। पकरीबरावां थाना परिसर में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि मोहर्रम एक आस्था और अनुशासन का पर्व है। इसे शांति, आपसी भाईचारे और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के तहत मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ताजियादारों से जल्द से जल्द लाइसेंस हेतु आवेदन देने की अपील की और कहा कि लाइसेंस की सभी शर्तों का पालन अनिवार्य होगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और अगर किसी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो पूर्व पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, समय, पहलाम स्थल, और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग और मुस्तैद है तथा किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए ठोस योजना बनाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित गणमान्य लोगों से आयोजन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्णय लिए गए। बैठक में जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष लवली टेलर, मुखिया विनय कुमार, मनोज चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि फारुख आजम, मो. जावेद, हाफिज नौशाद, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, लक्ष्मण चौहान, बाल्मीकि मेहता, राजेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। धमौल थाना परिसर में आयोजित बैठक में भी थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# शराब विक्रेता और पांच वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने शराब माफिया और फरार वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक शराब विक्रेता और पांच वारंटी शामिल हैं। सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की शाम करीब 4:30 बजे पुरानी बस स्टैंड स्थित खादी भंडार गली में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। इस अभियान में एएसआई संजय कुमार, एएसआई सुरेंद्र राम और एएसआई सत्यदेव प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल को तैनात किया गया था।



छापेमारी के दौरान स्व. कैलाश चौधरी के पुत्र अजय कुमार के घर से 30 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई, जो 2.5 लीटर के 12 प्लास्टिक पाउच में रखी गई थी। मौके से अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ मादक निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके अलावा पुलिस ने छतनी और जोगनी गांव से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच वारंटियों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रामचंद्र रविदास (पुत्र किशुन रविदास, छतनी गांव), जयराम रविदास, सरजू रविदास (पुत्रगण बालो रविदास, जोगनी गांव), सकल रविदास (पुत्र चांदो रविदास) और कारू रविदास के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शराब लदे इनोवा के साथ दो होमगार्ड गिरफ्तार, 108 बोतल विदेशी शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** उत्पाद विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने शराब तस्करों की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सोमवार रात चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शराब लदी एक इनोवा कार को जब्त करते हुए दो होमगार्ड जवानों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वाहन में सवार शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जब्त वाहन से 8 कार्टन में कुल 108 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 72 लीटर है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में



चल रहे अभियान के तहत रात करीब 8:30 बजे झारखंड की ओर से आ रही इनोवा कार को रोका गया। कार में दो लोग सवार थे, जिनमें से एक होमगार्ड जवान राहुल कुमार था, जो ड्यूटी खत्म होने के बाद उसी कार से नवादा लौट रहा था। जब कार की तलाशी ली जाने लगी, तो चालक ने वाहन को तेजी से भगाने की कोशिश की और इस दौरान जांच चौकी पर खड़ी एक ट्रॉली को टक्कर मार दी। हालांकि, त्वरित पीछा करते हुए उत्पाद बलों ने कुंडला मोहल्ले से इनोवा कार को जब्त कर लिया। कार की जांच के दौरान तीन बोरियों में भरी 108 बोतल विदेशी शराब पाई गई, जिनमें बी7, रॉयल स्टेज, 8 पीएम, इंपीरियल ब्लू और आइकॉनिक व्हाइट ब्रांड की शराब शामिल है। पूछताछ में होमगार्ड राहुल कुमार ने कबूल किया कि उसका साथी रंजीत कुमार, जो पूर्व में जांच चौकी पर ड्यूटी पर था, ने उसे फोन कर बताया था कि दो दोस्त शराब पीकर जांच चौकी पार करेंगे, और उसे इनोवा कार को सुरक्षित निकालने की जिम्मेदारी दी गई थी। पूछताछ और मोबाइल लोकेशन के आधार पर देर रात रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# एसपी ने इंस्पेक्टर कार्यालय का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** एसपी अभिनव धीमान ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया तथा पुलिस व्यवस्था की गहराई से समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, एसडीपीओ महेश चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने साफ तौर पर कहा कि मोहर्रम पर्व और चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन को और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकसी बरती जाए और हर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्राथमिकता है। इस दौरान जुलूस मार्ग, ताजिया पहलाम और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बल को पूरी तरह तैयार रहना होगा। एसपी ने अपराध नियंत्रण और केस अनुसंधान में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थानों में लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार कायम रखा जाए, ताकि पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास बढ़े। अनुसंधान कार्य में लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस कार्यालय की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की भी जांच की। उन्होंने संतोष जताया कि अधिकांश पंजी सुव्यवस्थित हैं, हालांकि कुछ बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता जताई। मौके पर एसपी ने कहा कि मोहर्रम और चुनाव जैसे अवसरों पर छोटी-सी चूक भी बड़ी घटना का रूप ले सकती है, इसलिए सभी अधिकारी एवं जवान पूरी सजगता से कार्य करें। कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद एसपी ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक भी अधिकारियों से लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ दो जुलाई से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के दरियापुर गांव में दस दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा भाव व उत्साह के साथ शुरु होगी। यह कार्यक्रम दो जुलाई 2025 से शुरु होगी। जो 11 जुलाई 2025 को हवन पूजा के साथ सम्पन्न हो जाएगी। यज्ञ व कथा को लेकर मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा तैयारी का अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित बाबा ठाकुर स्थान में किया जायेगा। यह कार्यक्रम पंडित सुबोध पांडे, सुदीप पांडे, सुमित पांडेय, शालिग्राम पांडेय यज्ञ करा रहे हैं। वही कथावाचक के रुप में पंडित सुबोध पांडेय रहेंगे। मुख्य यजमान में विकास कुमार व कुमकुम देवी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण जितेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, सीताराम सिंह, टुनटुन(संजय सिंह), विपिन सिंह, रौशन कुमार, राजीव कुमार समेत अन्य भागीदारी सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।कहा गया यह परमपरा कई दशकों से चली रही है। बाबा ठाकुर स्थान में पूजा अर्चना करने के बाद बाद ग्रामीण कृषि कार्य में लग जायेंगे।

# मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मुहर्रम त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को ले जिले के अकबरपुर थाना परिसर में रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सदस्यों को संबोधित करते हुए सुमन ने कहा कि अकबरपुर ने पिछले कुछ दिनों में इतिहास कायम किया है। पुराने दाग को धोकर प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है यही कारण है कि आज डीएम - एसपी को आना नहीं पड़ता। परंपरा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे, प्रशासन को सहयोग मिलता रहे यही लोगों से गुजारिश है। उन्होंने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करने का अनुरोध करते हुए कहा कि डीजे के साथ अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णतया रोक रहेगा तथा संध्या छह बजे तक हर हाल जुलूस का समापन कराने में प्रशासन का सहयोग करने का हरसंभव प्रयास किया जाय। थानाध्यक्ष संजीत राम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता शांति सद्भाव कायम रखना होता है। यह तभी संभव है जब अवाम का सहयोग प्रशासन को मिलेगा। उन्होंने शांति समिति के उपस्थित सदस्यों से मुहर्रम त्योहार को शांति पूर्ण संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

उपस्थित मो. आलम खान, मो. सोहैल, मो. मेराज खान, मार पंचायत पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो. नन्हू आदि ने अधिकारियों को समय के साथ जुलूस संपन्न कराने में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर उपस्थित बलिया बुजुर्ग पैक्स के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार बावी, पूर्व मुखिया नरेश मालाकार, महेश प्रसाद, पचरुखी पंचायत मुखिया पति ब्रम्हचारी प्रसाद कुशवाहा, पांति पैक्स अध्यक्ष विजय यादव आदि ने उपस्थित अधिकारियों को शांति व सौहार्द कायम रखने में प्रशासन को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# मना एसबीआई का 70वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्टेट बैंक पकरीबरावां के कृषि विकास शाखा के अंतर्गत संचालित ग्राहक सेवा केंद्र, डोला (पकरीबरावां) में एक समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक चंदन कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने बैंक के बयोवृद्ध ग्राहक सिलौर निवासी विदेशी ठाकुर को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका अभिनंदन किया। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित ग्राहकों को एसबीआई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया और उनमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं आमजन को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एसबीआई से ऋण लेने की प्रक्रिया को सरल किया गया है और ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से भी ऋण आवेदन किए जा सकते हैं, बशर्ते कि ग्राहक की लिंक ब्रांच वही हो। मौके पर सहायक प्रबंधक संजय कुमार सिन्हा, ऋण पदाधिकारी प्रियांशु कुमार, कैश ऑफिसर रामाकांत सिंह, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक धर्मेंद्र कुमार वर्मा सहित कई ग्राहक उपस्थित थे।

# डॉक्टर्स डे पर याद किये गये डा. विधान चंद्र राय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज(नवादा)।** प्रखंड के पेंशनर भवन में मंगलवार को राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री, महान शिक्षाविद, प्रख्यात चिकित्सक, भारत रत्न से सम्मानित डा.विधान चंद्र राय के जन्म दिवस पर आयोजित की गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि डा. विधान चंद्र राय की सेवा मानव की सच्ची सेवा के रूप में प्रसिद्ध है। इसलिए उनके जन्मदिन पर राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया जाता है। चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। क्योंकि वे लोग जीवन को बचाते हैं। मगर मरीजों की जिंदगी तभी सुरक्षित रह सकती है, जब उन्हें समय पर चिकित्सक के पास पहुंचाया जाए। विपरीत स्थिति में चिकित्सक को गुस्सा का शिकार होना पड़ जाता है। आज का चिकित्सा क्षेत्र में लापरवाही व अधिक पैसे की कमाई की बात बन गई है। भले पेशेवर के रूप में इलाज हो रहा है। जन भावना का अभाव चिकित्सकों में हो गया है । जन-जन की सेवा करना ही भगवान का असली रूप होगा। कहा गया चिकित्सकों को चाहिए कि डा. विधान चंद्र राय की सेवा को हृदय से लगाये तथा मानवता की सच्ची सेवा देकर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, नरेश कुमार, यमुना सिंह, विजय रंजन नीरू, समेत अन्य पेंशनरों ने विधान चंद्र राय के जीवनी पर प्रकाश डालें।



# केमिकल फैक्ट्री की जांच करने तेलंगाना जाएगी बिहार सरकार की टीम : संतोष सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में बिहार के दो श्रमिकों की मौत और 16 श्रमिकों के घायल होने के मामले को बिहार सरकार ने गंभीरता से लिया है। बिहार सरकार द्वारा गठित एक जांच दल को जल्द ही तेलंगाना के लिए रवाना किया जाएगा। यह जांच दल उस केमिकल फैक्ट्री की जांच करेगा जहां हुए विस्फोट में बिहार के दो श्रमिकों की मौत हुई है। बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह पहला मौका है जब किसी राज्य की फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में बिहारी श्रमिकों की मौत के बाद बिहार सरकार की जांच टीम मौके पर जाकर घटना की जांच करेगी। इस जांच टीम में विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि हम जांच में यह सुनिश्चित करेंगे कि इस दुर्घटना में फैक्ट्री द्वारा कोई बड़ी लापरवाही तो नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर फैक्ट्री के स्तर पर कोई बड़ी लापरवाही पायी जाती है तो इस मामले में तेलंगाना सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार से भी बात की जाएगी। इस संवाददाता सम्मेलन में श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद भी मौजूद थे। श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि इस तरह की दुर्घटना की बाद बिहार सरकार पहली बार अपनी टीम को घटना की जांच के लिए देश के किसी अन्य राज्य में भेज रही है।

## तेलंगाना में मृत श्रमिकों के परिजनों को सरकार देगी 4-4 लाख मुआवजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में बिहार के दो मजदूरों की मौत हुई है और 16 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच के लिए बिहार सरकार की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह पहली बार है जब बिहार सरकार किसी अन्य राज्य की फैक्ट्री दुर्घटना की जांच के लिए टीम भेज रही है। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मृत श्रमिकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा की गई है। मालूम हो कि केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। हादसा 30 जून की सुबह करीब 8:15 बजे पाशमिलाराम इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज की रिएक्टर यूनिट में हुआ। उस समय फैक्ट्री में 100 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे। धमाका इतना भीषण था कि कई मजदूर 100 मीटर दूर जाकर घायल अवस्था में गिरे मिले। संतोष कुमार सिंह ने इस दौरान मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना की भी जानकारी देते हुए बताया कि बिहार ऐसा पहला राज्य है जहां इंटर्नशिप के लिए युवाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस वर्ष 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के 5000 युवाओं को इंटर्नशिप के लिए सहायता दी जाएगी। अगले वर्ष से यह संख्या बढ़ाकर 20,000 युवा प्रति वर्ष कर दी जाएगी जिन्हें 4,000 से 6,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

# सहकारिता मंत्री ने केंद्र से की चावल आपूर्ति की तिथि बढ़ाने और दरों के पुनर्निर्धारण की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में चावल आपूर्ति की अंतिम तिथि को 30 सितंबर 2025 तक बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य में धान अधिप्राप्ति में 21% की वृद्धि हुई है, लेकिन चावल आपूर्ति की अंतिम तिथि 15 जून तय कर दिए जाने के कारण अब तक केवल 22.06 लाख मीट्रिक टन (83%) चावल की ही आपूर्ति हो सकी है। भंडारण क्षमता सीमित होने के कारण आपूर्ति प्रक्रिया बाधित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तिथि नहीं बढ़ाई गई तो पैक्स और व्यापार मंडलों को करीब 1500 करोड़ रुपये के व्यापारिक नुकसान और वित्तीय संकट का सामना करना पड़ सकता है। राज्य के 493 प्रखंडों में स्थित समितियों और व्यापार मंडलों के डिफॉल्टर घोषित होने की आशंका जताते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि इससे राज्य का पूरा सहकारी तंत्र ठप हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने अधिप्राप्ति प्रक्रिया में लागू दरों के पुनर्निधारण की मांग भी दोहराई। वर्तमान में 2012-13 की दरें लागू हैं–जैसे कि अरवा चावल की मिलिंग दर 10 रुपये प्रति क्विंटल, उसना चावल की 20 रुपये प्रति क्विंटल, सोसायटी कमीशन 31.25 रुपये, परिवहन दर 38.51 रुपये और कस्टडी चार्ज 4.80 रुपये प्रति क्विंटल। दरों में पुनरीक्षण नहीं होने से समितियों पर वित्तीय दबाव बढ़ता जा रहा है और कई निजी मिलें निर्धारित दर पर कार्य करने से इनकार कर रही हैं जिससे अधिप्राप्ति प्रभावित हो रही है। डॉ. कुमार ने बताया कि इससे पहले 22 जून को पटना में भी उन्होंने प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की थी और पत्राचार के जरिए लगातार केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर खींचते रहे हैं।

## वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। साथ ही कुछ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विभिन्न विभागों के प्रभार में बदलाव किए गए हैं। चंद्रशेखर सिंह जो वर्तमान में पटना प्रमंडल के आयुक्त हैं, उन्हें आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। चन्द्रशेखर सिंह 2010 बैच के अधिकारी हैं। मिहिर कुमार सिंह को पथ निर्माण विभाग से हटाकर उद्योग विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा वे परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। वहीं, लोकेश कुमार सिंह जो वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव हैं, उन्हें स्वास्थ्य विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लोकेश कुमार सिंह 2003 बैच के अधिकारी हैं और उनके पास पर्यटन विभाग व सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त का प्रभार भी है। संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी को पथ निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। वे पहले परिवहन विभाग के सचिव थे। साथ ही वे सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त के प्रभार में पूर्ववत बने रहेंगे। संदीप कुमार 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन पर विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने समपार फाटकों पर लगने वाले जाम से निपटने के लिए मंडल रेल प्रबंधक एवं मुख्य सुरक्षा आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर भी चर्चा की गयी। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा नन-पीआरएस इन्कम बढ़ाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# विशाल सिंह होंगे बिस्कोमान के नए अध्यक्ष

### रांची हाईकोर्ट के फैसले से राजद विधान पार्षद सुनील सिंह को बड़ा झटका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/रांची।** बिस्कोमान के नए अध्यक्ष के पद पर विशाल सिंह की ताजपोशी का रास्ता साफ हो गया है। रांची हाईकोर्ट ने मंगलवार को इस मामले में अहम सुनवाई करते हुए चुनाव की वैद्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने चुनाव के नतीजे के ऐलान पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया है। इसके बाद अब विशाल सिंह के बिस्कोमान के नए अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं हाईकोर्ट के इस फैसले से राजद विधान पार्षद सुनील सिंह को बड़ा झटका लगा है। वे निवर्तमान अध्यक्ष थे और इस बार उनकी पत्नी वंदना सिंह अध्यक्ष का चुनाव लड़ रही थी। दरअसल, बिस्कोमान चुनाव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर पिछले महीने वोटिंग हुई थी। मतदान पटना स्थित कलेक्ट्रेट में शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। 20 सदस्यों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इनमें 17 निर्वाचित और तीन मनोनीत सदस्यों ने भाग लिया। बिस्कोमान अध्यक्ष पद के लिए वंदना सिंह और विशाल सिंह मैदान में थे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए महेश राय और विनय कुमार उम्मीदवार रहे। हालांकि मतदान के बाद मतगणना पर रोक लगा दी गई थी। इसका कारण रांची हाई कोर्ट का फैसला था। तब डॉ. सुनील सिंह के वकील का कहना था कि झारखंड हाई कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। हालांकि अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह तय हो गया है कि विशाल सिंह अगले अध्यक्ष के रूप में काबिज होंगे। विशाल सिंह, बिस्कोमान के संस्थापक तपेश्वर सिंह के पोते हैं। वे भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के अध्यक्ष और 35 साल के युवा हैं। दो साल पहले ही निर्विरोध एनसीसीएफ के अध्यक्ष चुने गए थे। एनसीसीएफ के आखिरी बिहारी अध्यक्ष विशाल सिंह के पिता स्व. अजित सिंह थे जो 1996 तक अध्यक्ष थे। उनकी मां मीणा सिंह आरा संसदीय सीट से लोकसभा सांसद रही हैं। विशाल अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी है जो बिस्कोमान के अध्यक्ष होंगे। राजद विधान पार्षद सुनील सिंह ने बिस्कोमान के अध्यक्ष के रूप में करीब 21 साल काम किया। वे पिछले 21 साल से लगातार इस पद पर बने रहे। इस बार उन्हें सियासी तौर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## बालक चन्द्रकुमार की मुनि दीक्षा ने जनमानस को किया विभोर

### पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धा का सागर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के तहत श्री 1008 चन्द्रप्रभु पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के पावन आयोजन का दूसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म की भावधारा से सराबोर रहा। कमेटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि मंगलवार को आषाढ़ शुक्ल षष्ठी के शुभ दिन श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र खाजेकलां की पावन धरा पर विविध आध्यात्मिक अनुष्ठानों ने समस्त जनमानस को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। सम्पूर्ण धार्मिक क्रियायें रायपुर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य डॉ अजित शास्त्री एवं अम्बा मुरैना से पधारे पंडित मुकेश शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न हो रहे हैं। सुबह साढ़े पांच बजे श्री जिनेंद्रदेव का अभिषेक, महाशांतिधारा एवं गर्भकल्याणक विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

## उद्योग विभाग स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए करेगा हर सहयोग : नीतीश मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बिहार में स्टार्टअप्स से नवाचार कार्यों की सराहना की और बिहार को विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप हब के तौर पर स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए निरंतर हर तरह से सहयोग करेगा। विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए बिहार की उद्यमिता तंत्र को बढ़ान जरूरी है। उद्योग मंत्री मंगलवार को 'स्टार्टअप स्पार्क 2.0' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विकास भवन सचिवालय स्थित उद्योग विभाग के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार में स्थापित स्टार्ट अप के नवाचार उत्पादों का प्रदर्शन किया गया जो बाजार में प्रवेश के लिए तैयार हैं।

'स्टार्टअप स्पार्क 2.0' बिहार के आगामी स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण लॉन्चपैड साबित होगा जो उन्हें निवेशकों, मेंटर्स और उद्योग के नेताओं से मिलने और अपने विचारों का विस्तार करने का अवसर प्रदान करेगा। यह पहल बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के अनुरूप है जो स्टार्टअप को मूल पूंजी, सहकार्य स्थल और मार्ग दर्शन प्रदान करके राज्य में एक सशक्त एवं समृद्ध उद्यमिता तंत्र स्थापित करने में अहम काम करती है। बीएसएफसी और आईआईटी पटना के इन्क्यूबेशन सेंटर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप को एक मंच प्रदान करना था। इससे वे आपस में जुड़ सके और विचार विमर्श कर सकें। कार्यक्रम में पांच स्टार्टअप ने अपने उत्पाद प्रस्तुत किए। इनमें 'भोजपट्टा एग्रीप्रेन्योर प्रा. लि. (नितीश कुमार) - शून्य कार्बन उत्सर्जन ड्रायर', क्रेडिटबकेट टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. (सौरव सुमन) - पेमेंट साउंडबॉक्स टूल्स', हाइप्रो टेक प्रा. लि. (अभिषेक कुमार) - सर्विलांस ड्रोन', 'एआर ऑनलाइन सर्विस प्रा. लि. (अमन रंजन) - वर्चुअल फैशन ऐप' और कंसेप्ट ऑफ सुपर फूड्स एलएलपी (श्रवण कुमार) - मखाना आधारित खाद्य उत्पाद' शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान स्टार्ट-अप इंडिया सीड फंड योजना के तहत लाभान्वित उद्यमियों और 'स्पार्क 2.0' में निवेश के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, हस्तशिल्प और रेशम निदेशक निखिल धनराज निप्पणीकर, तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद और आईआईटी पटना के आईसी प्रभारी प्रोफ़ेसर डॉ. सुधीर कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम से राज्य की कृषि और औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि रोड मैप अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम का कुल 49 करोड़ रुपये की लागत से ईख विकास योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। बिहार सरकार ने गन्ना किसानों की आमदनी बढ़ाने और चीनी उद्योग को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। गन्ना राज्य की एक महत्वपूर्ण नगदी और औद्योगिक फसल है जिससे राज्य के लाखों कुशल एवं अकुशल मजदूर और किसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इस योजना का उद्देश्य गन्ने की उपज और उत्पादकता को बढ़ाना, साथ ही चीनी की रिकवरी दर में सुधार लाना है जिससे राज्य के चीनी उद्योग को मजबूती मिल सके। इस योजना के तहत 2025-26 में गन्ने की कुल 16 प्रभेदों का चयन किया गया है जिनमें सीओ-0238, सीओ-0118, सीओ-98014, सीओ-9301, सीओपी-112, सीओपी-16437 (राजेन्द्र गन्ना-1), सीओएलके-94184, सीओएलके-12207, सीओएलके-12209, बीओ-153, सीओ-15023, सीओएलके-14201, सीओएस-13235, सीओएलके-15466, सीओएलके-16466 तथा सीओएलके-16470 प्रमुख हैं। केवल इन्हीं प्रभेदों पर किसानों को लाभ दिया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग बढ़ेगा और बीज प्रतिस्थापन दर में भी सुधार होगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ईख विकस के द्वारा चीनी मिलों के सहयोग से कराया जाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्टजेन ने डॉक्टर दिवस पर मानव सेवा का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्टजेन, अध्यक्ष आयुष अग्रवाल और सचिव अंकित गुप्ता के नेतृत्व में, डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती अस्पताल के सहयोग से डॉक्टर दिवस और चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर एक भव्य और सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज सेवा, चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले चिकित्सकों और देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाले सीए पेशेवरों को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य में समर्पित चिकित्सकों को सम्मानित करके की गई जो निःस्वार्थ सेवा और संवेदनशीलता के साथ जनकल्याण में लगे हुए हैं। एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर उनके योगदान को सराहा गया। समाज सेवा की दिशा में एक ठोस पहल करते हुए, क्लब ने अपना घर एनजीओ के सहयोग से 20 वंचित मरीजों के लिए निःशुल्क ओपीडी परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई। इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना था, जो रोटरी की 'सेवा से आत्म-उन्नति' की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल ने कहा हम डॉक्टरों और डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती अस्पताल की समर्पित टीम के आभारी हैं जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। रोटरी सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहेगा। कार्यक्रम के दूसरे भाग में सीए दिवस मनाया गया जिसमें देश की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता और विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया। यह आयोजन न केवल एक कृतज्ञता प्रदर्शन था, बल्कि समाज से गहरे जुड़ाव और सहभागिता का प्रतीक भी रहा जो रोटरी के मूल सिद्धांतों–सेवा, नेतृत्व, ईमानदारी, सद्भावना और विविधता को सजीव करता है।

## हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में 01, 03 एवं 04 जुलाई को आयोजित की जाने वाली क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिताओं प्रारंभ हुआ। इसी क्रम में आज हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों/मंडलों/कारखानों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों/ मंडलों/ कारखानों के कर्मियों ने भाग लिया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किए गए थे। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर लिखना था। इस प्रतियोगिता में कुल 6 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के 3. प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतियोगियों को रेलवे बोर्ड द्वारा अखिल रेल स्तर पर आयोजत प्रतियोगिताओं में पूर्व मध्य रेल की ओर से भेजा जाएगा।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनाई अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने अपने मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की 121वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने अब्दुल कय्यूम अंसारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे उच्च कोटि के स्वतंत्रता सेनानी थे। राजेश राम ने उन्हें गरीबों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा कि मंत्री के रूप में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रहते हुए गरीबों के बेहतर इलाज के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं जिनसे असंख्य लोगों को लाभ मिला। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के बुनकरों के उत्थान और विकास के लिए भी कई क्रांतिकारी कार्यक्रम चलाए जिससे इस वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिला। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को याद करते हुए राजेश राम ने कहा कि उस दौरान कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि था और उनके मार्गदर्शन में पार्टी ने नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अंसारी साहब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. अंसारी साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करनेवालों में पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार, मोती लाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, नागेन्द्र कुमार विकल, शकीलुर रहमान, स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, सौरभ कुमार सिन्हा, उमैर खान, शिशिर कौंडिल्य, अश्विनी कुमार, बैद्यनाथ शर्मा, नीरज कुमार, भूषण सिंह, उदय चन्द्र झा, अमजद अली आदि प्रमुख हैं।

## डॉक्टर्स डे पर दंत शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने एक प्रेरणादायक और बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन कर सेवा, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम बालक मध्य विद्यालय, अदालतगंज (मिल्लर स्कूल के निकट), पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर्स डे के महत्व को रेखांकित करते हुए हुई जिसमें समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों को मंच पर सम्मानित कर उनके निःस्वार्थ सेवाभाव को सराहा गया। इस मौके पर निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर (डेंटल चेकअप कैंप) का आयोजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया और लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य जांच, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। क्लब द्वारा कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण सामाजिक घोषणा की गई कुछ स्थानीय सरकारी विद्यालयों को गोद लेने की योजना, जिसके तहत उन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के अध्यक्ष रो. डॉ. अमिताभ बंका ने इस अवसर पर कहा कि 'डॉक्टर्स डे उन नायकों को सम्मानित करने का दिन है जो दिन-रात मानवता की सेवा में लगे रहते हैं।

## बलराज कपूर चुने गये पाटलिपुत्र इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पाटलिपुत्र इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नये कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन एवं गठन संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से बलराज कपूर को अध्यक्ष चुना गया एवं घोषित किया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सुनील गुपता, महासचिव निखिल कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष - फिरोज हुसैन।कार्यकारिणी सदस्य (कुल 13): एस.पी. शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, अमन कुमार, विक्रम कुमार, अरूण उपाध्याय, अरविंद सिंह, नीरज कुमार, आलोक आनन्द, सी. पी. सिंह, रितेश चंद्रा सहित अन्य। सलाहकार मंडल: विनोद कुमार अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय, आयुक्त कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), पटना उच्च न्यायालय। इस अवसर पर नवगठित टीम ने औद्योगिक क्षेत्र पटलीपुत्र के सदस्यों की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने की बात कही, जिनमें प्रमुख हैं- औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, नाली एवं जलनिकासी की अत्यंत दयनीय स्थिति जिससे वर्षा के मौसम में गंभीर जलजमाव हो जाता है।

## भारतीय स्टेट बैंक ने उत्साह के साथ मनाया बैंक दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल में भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। पूरे दिन भर चले विभिन्न कार्यक्रमों में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल के. वि. बंगारराजु ने स्टाफ सदस्यों को बैंक दिवस की प्रतिज्ञा दिलवाई और संयुक्त रूप से केक काटकर बैंक दिवस समारोह का उद्घाटन किया। श्री बंगारराजु ने बैंक की बड़ी संख्या में उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक को देश के सबसे बड़े बैंक होने का गौरव प्राप्त है। श्री बंगारराजु ने आगे कहा कि ग्राहक बैंक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अतः ग्राहक सेवा को उत्कृष्ट बनाना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए तथा उन्होंने अपने संबोधन में स्टाफ सदस्यों से भारतीय स्टेट बैंक की समृद्ध परंपरा को आगे ले जाने की अपील की। कार्यक्रम आयोजन के क्रम में महिला स्टाफ सदस्यों के बीच रंगोली प्रतियोगिता तथा मंडल स्तरीय निबंध प्रतियोगिता एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त आयोजन के क्रम में भारतीय स्टेट बैंक के सामाजिक सेवा दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के प्रांगण में बिहार के आशा दीप रिहैबिलिटेशन सेंटर को स्मार्ट बोर्ड तथा उमंग बाल विकास को बैटरी, इन्वर्टर तथा एयर कूलर का दान कर सम्मानित किया गया। बैंक दिवस उत्सव का समापन पटना के ज्ञान भवन सभागार में सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ जिसमें स्टेट बैंक स्टाफ सदस्यों ने गीत, नृत्य, काव्यपाठ, लघु नाटक आदि की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

## संपादकीय

# तीर्थों पर क्यों हर साल टूटती है आफत

तीर्थस्थल लोगों की आस्था के साथ-साथ पर्यटन, रोजगार और राजस्व अर्जन के महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। अपेक्षा की जाती है कि ऐसी जगहों पर लोगों की आवाजाही, रुकने-ठहरने, खाने-पीने की समुचित और सुविधाजनक व्यवस्था हो। सरकारें तीर्थस्थलों के विकास और वहां श्रद्धालुओं-सैलानियों को आकर्षित करने का प्रयास करती हैं। इस दृष्टि से अनेक तीर्थस्थलों तक पहुंचने वाली सड़कों को चौड़ी करने, सुरंगों, उपरिगामी पुलों आदि के निर्माण, होटल, मोटेल आदि की सुविधाएं विकसित करने के प्रयास किए गए हैं। इसका असर भी नजर आता है। अनेक तीर्थस्थलों पर लोगों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। मगर इसके साथ ही इन जगहों पर कमाई की होड़ में कई अव्यवस्थाएं भी पनपी हैं। इसका नतीजा यह है कि दुर्गम जगहों, पहाड़ों के तीर्थस्थलों पर हादसे बढ़े हैं, जिनमें हर वर्ष बहुत सारे श्रद्धालुओं-सैलानियों की जान चली जाती है। इस मामले में उत्तराखंड के तीर्थस्थलों पर अव्यवस्था की वजह से होने वाले हादसों को लेकर सबसे अधिक सवाल उठते हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से, दो महीनों के भीतर, सड़क दुर्घटनाओं, हेलिकाप्टर हादसे आदि की वजह से करीब साठ लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि वह यात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रखता है, पर सच्चाई यह है कि अव्यवस्था के कारण चारधाम यात्रा में कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। यों, सैलानियों की बढ़ती तादाद और उनकी सुविधाओं के मद्देनजर किए जा रहे निर्माण कार्यों की वजह से उत्तराखंड के पर्यावरण को पहुंच रहे भारी नुकसान को लेकर लंबे समय से आवाजें उठती रही हैं। वहां के पहाड़ भंगुर हैं, निर्माण कार्यों और अतार्किक ढंग से बन रहे भवनों, सड़कों आदि के कारण उनमें दरारें पड़ने की शिकायतें आती रहती हैं। तेज बरसात में भूस्खलन से जब-तब तबाही के मंजर उपस्थित हो जाते हैं। इसलिए इस बात पर जोर दिया जाता रहा है कि वहां सैलानियों और पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए, उन्हें नियंत्रित और संतुलित किया जाए, ताकि अधिक भीड़भाड़ से असुविधाओं और जोखिम की स्थिति न बने। पर प्रशासन ने जैसे वहां कारोबारियों को मनमानी की छूट दे रखी है। इसी का नतीजा है कि हेलिकाप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाले तय मानकों को ताक पर रखते हुए उड़ान भरते रहते हैं। यही हाल वहां टैक्सी आदि की सेवाएं उपलब्ध कराने वालों का है। हालांकि उत्तराखंड के तीर्थस्थल और पर्यटन स्थल इस मामले में अपवाद नहीं हैं, हर तीर्थस्थल पर कमोबेश यही हाल है। जिन जगहों पर अधिक भीड़भाड़ इकट्ठा होने का अनुमान रहता है, वहां कायदे से लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के ठोस उपाय होने चाहिए। मगर ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर यात्रियों को उनके भरोसे छोड़ दिया जाता है। कहीं-कहीं कभी-कभार कुछ स्वयंसेवक, लोगों को संभालते देखे जाते हैं, पर भीड़ अधिक हो जाने पर वे भी असहाय हो जाते हैं, जिसका नतीजा कई बार हादसों में सामने आता है। अमरनाथ यात्रा की एक व्यवस्था बनी हुई है, जिसमें श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया जाता है।

# प्रगति का आधार - नवाचार, समावेश और पहचान का एक दशक



**गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार**

हम वस्त्रों की बात अक्सर व्यापार की भाषा जैसे निर्यात, घाटा और अधिशेष के रूप में करते हैं। लेकिन यह संकीर्ण दृष्टिकोण उस पैमाने से चूक जाता है जो वास्तव में काम कर रहा है। भारत के वस्त्र क्षेत्र की ताकत केवल उसके विदेशी शिपमेंट में ही नहीं है। यह कहीं ज्यादा स्थायी चीजों में निहित है। बढ़ती जनसंख्या, एक ऐसा घरेलू ईंजन है जो धीमे होने से इनकार करता है और यह विरासत और नवाचार दोनों के उभरते हुए स्वभाव को दर्शाता है। यह 143 करोड़ भारतीयों द्वारा संचालित है जो अपने पहनावे, अपने घरों और अपनी परंपराओं में आराम, पहचान और आकांक्षा बनाए रखते हैं।

इस क्रांति का प्रसारण नहीं किया गया। इसे बुना गया। जहां दुनिया डिजिटल सफलताओं और बुनियादी ढांचे में तेजी को ट्रैक कर रही थी, वहीं भारत के करघों पर कुछ शांत और गहरा सामने आ रहा था। जिस को कभी विरासत उद्योग के रूप में खारिज कर दिया गया था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसे लचीलेपन, नवाचार और गौरव की शक्ति में बदल दिया गया है। भागलपुर के चमकते रेशम से लेकर पानीपत के पुनर्चक्रित धागों तक, परिवर्तन धीर, स्थिर और स्थायी है। यह पुनरुत्थान नहीं है। यह पुनर्जागरण है। 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए, नींव को कंक्रीट और इस्पात से आगे ले जाना होगा। उन्हें समुदायों, आजीविका और सांस्कृतिक निरंतरता पर आधारित होना चाहिए। वस्त्र क्षेत्र की तुलना में इस दृष्टिकोण को कहीं और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस नहीं किया गया है। 4.6 करोड़ लोगों के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, यह एक उद्योग से अधिक है। यह कौशल, पहचान और अवसरों का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है। कभी पिछड़ा समझे जाने वाला यह उद्योग धीरे-धीरे आधुनिक आर्थिक इंजन में बदल गया है। अब पारंपरिक बुनाई वैश्विक बाजारों में प्रवेश कर रही है, जबकि तकनीकी वस्त्र एयरोस्पेस और कृषि में अपनी पैठ बना रहे हैं। और जमीनी स्तर पर, प्रत्येक करघा और चरखा गरिमा, नवीनीकरण और शांत शक्ति की गहरी कहानी दर्शाता है। विकास का एक दशक- आंकड़े जो बताते हैं एक कहानी

जब हमारी सरकार ने 2014 में कार्यभार ग्रहण किया था, तो भारत का वस्त्र क्षेत्र विरासत में निहित एक ऐसे चौराहे पर खड़ा था जो वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में दिशाहीन था। कभी ठहराव से चिह्नित, वस्त्र क्षेत्र के पैमाने और संरचना को समर्थ के तहत लक्षित कौशल, कपास उत्पादकता मिशन, पीएलआई योजना और पीएम मित्र पार्क के जरिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के मिशन के रूप में नए युग के निवेश के माध्यम से फिर से बुना गया है।

भारत के वस्त्र क्षेत्र में रोजगार 2014 में 3 करोड़ से तेजी से बढ़कर आज 4.6 करोड़ हो गया है, जिससे कुशल और अकुशल श्रम को अवशोषित करने के अवसर और क्षमता दोनों में मजबूत विस्तार हुआ है। घरेलू मांग में वृद्धि और उत्पादन की तेजी से प्रेरित होकर बाजार का आकार 112 बिलियन डॉलर से बढ़कर 176 बिलियन डॉलर हो गया है। परिधान निर्यात लंबे समय से इस क्षेत्र की आधारशिला है, वह 14 बिलियन डॉलर से बढ़कर 18 बिलियन डॉलर हो गया है, जो मूल्यवर्धित उत्पादन में लगातार लाभ को दर्शाता है। काफी समय से लंबित भारत-यूके एफटीए को आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम रूप दिया गया है। यह भारत के श्रम-प्रधान वस्त्र क्षेत्र के लिए विनिर्माण और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र के रूप में राष्ट्र के उत्थान के लिए द्वार खोलकर निर्णायक बढ़त का वादा करता है।

लेकिन ये मात्र आंकड़े नहीं हैं बल्कि उससे कहीं बढ़कर हैं। वे एक रणनीतिक रीसेट का संकेत देते हैं। अस्थायी उपायों से दीर्घकालिक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए, हमारी सरकार ने मानव निर्मित रेशों, नए युग के रेशों और तकनीकी वस्त्रों को अपनाने के लिए उद्योग के दायरे को उसके कॉटन कोर से आगे बढ़ाया है। जिन क्षेत्रों को कभी अनदेखा किया गया था, वे अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। यह विजन अब केवल घरेलू धागों तक सीमित नहीं है। यह भारत के वस्त्रों को लचीलेपन, कौशल और स्थिरता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने पर आधारित है। यह परिवर्तन संयोग से नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रित शासन, साहसिक सुधारों और अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**भारत का कायाकल्प-मोदी नेतृत्व प्रभाव-** मानदंड 2014 2025

| मानदंड | 2014 | 2025 |
| --- | --- | --- |
| कपास एमएसपी मीडियम स्टेपल | 3700 रुपए | 7710 रुपए |
| भारतीय कपास निगम की खरीद | 22.86 लाख गांठ | 100 लाख गांठ |
| रेशम क्षेत्र में रोज़गार | 78 लाख | 98 लाख |
| रेशम उत्पादन | 26,000 मीट्रिक टन | 41,115 मीट्रिक टन |
| जूट विविधीकृत उत्पादों का कुल निर्यात | 1,470 करोड़ रुपए | 3,000 करोड़ रुपए से अधिक |
| हस्तशिल्प निर्यात | 29,000 करोड़ रुपए | 49,000 करोड़ रुपए |
| तकनीकी वस्त्र निर्यात | नगण्य | 3 बिलियन डॉलर |

**कपास के खेतों से कार्बन फाइबर तक विस्तार**

भारत की वस्त्र गाथा आज पारंपरिक धागों से कहीं आगे है, जो कपास के खेतों से लेकर कार्बन फाइबर तक, हथकरघा से लेकर उच्च निष्पादन वाले तकनीकी वस्त्रों तक फैली हुई है। जमीनी स्तर पर, सरकार ने प्राकृतिक रेशों को अभूतपूर्व सहायता प्रदान की है। कपास उत्पादकता के लिए नए मिशन के साथ, भारत का लक्ष्य 2030 तक कपास उत्पादन को 5.70 से 7.70 एमएमटी और उत्पादकता को 439 से 612 किलोग्राम/हेक्टेयर तक बढ़ाना है। वर्तमान में, कपास वैश्विक कपास निर्यात बाजार का 3.16 प्रतिशत और कस्तूरी कपास का सिर्फ़ 1 प्रतिशत हिस्सा है। कपास उत्पादकता मिशन के तहत, हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे प्रीमियम वैश्विक कपास निर्यात का 10 प्रतिशत बनाना है। पिछले 11 वर्षों में भारतीय कपास निगम द्वारा कपास की खरीद में 338 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मध्यम और लंबे रेशे वाले कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दोगुने से अधिक हो गए हैं, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। रेशम उत्पादन में 58 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यहां तक कि जूट, जो कभी एक घटता हुआ खंड था, उसमें भी नई गति देखी गई है। जूट निर्यात 2014 में ?1,470 करोड़ से दोगुना होकर 2024 में ?3,000 करोड़ से अधिक हो गया है, जो विविधिकृत जूट उत्पादों की मांग में वृद्धि के कारण है, जिनका निर्यात एक दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है।

जैसे-जैसे भारत प्राकृतिक रेशों के क्षेत्र में अपनी जड़ें मजबूत करता है, भविष्य के लिए वह निर्णायक हो रहा है। 10,683 करोड़ रुपये के परिव्यय और 3 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन के साथ उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना ने भारत को पीपी. किटों के वैश्विक उत्पादक के रूप में स्थापित करने में मदद की है। तकनीकी वस्त्र बाजार, जो कभी निर्यात में लगभग अस्तित्वहीन और मामूली स्तर पर था, 2025 में अनुमानित 26 बिलियन डॉलर तक बढ़ गया है। नगण्य निर्यात से, भारत ने अब आउटबाउंड व्यापार में 3 बिलियन डॉलर दर्ज किया है। एग्रोटेक और मेडिटेक से, भारत इस उच्च-मूल्य, नवाचार-संचालित क्षेत्र में खुद को एक उभरते वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करके तकनीकी वस्त्रों के सभी बारह क्षेत्रों में निर्णायक प्रगति कर रहा है।

सात पीएम मित्र पार्क एकीकृत प्लग एंड प्ले, वन स्टॉप सॉल्यूशन टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित किए जा रहे हैं, जो फाइबर से लेकर फैशन तक की पूरी मूल्य श्रृंखला को एक साथ लाएंगे। इनसे कुल मिलाकर 70,000 करोड़ रुपये का निवेश आने और 22 लाख से ज़्यादा नौकरियाँ सृजित होने की उम्मीद है, 22,000 करोड़ रुपये का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। पीएम मित्र पार्कों के अलावा, एकीकृत टेक्सटाइल पार्कों की योजना के तहत 50 टेक्सटाइल पार्क विकसित किए गए हैं, जिनमें 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आया है और 1.3 लाख नौकरियाँ सृजित हुई हैं।

कपास किसान से लेकर कार्बन फाइबर इनोवेटर तक, मोदी सरकार आत्मविश्वास के साथ इस पटकथा को फिर से लिख रही है। कृषि से लेकर एयरोस्पेस तक, भारत का टैक्सटाइल ट्रांसफॉर्मेशन सही मायनों में विकसित भारत की प्रगति को आपस में जोड़ रहा है।

कृषि से लेकर भविष्य तक, अनुसंधान और विकास भारत की हरित वस्त्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है-

अनुसंधान और नवाचार लंबे समय से भारत के वस्त्र क्षेत्र में अज्ञात विषय थे। पिछली सरकारों के तहत, उद्योग पारंपरिक रेशों तक सीमित रहा, जिसमें आधुनिकीकरण या स्थिरता लाने के लिए बहुत कम प्रयास किए गए। मोदी सरकार ने अपनी वस्त्र रणनीति के मूल में अनुसंधान एवं विकास को रखकर और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी को मिलाने वाले अगली पीढ़ी के रेशों की खोज का समर्थन करके इस जड़ता को बदल दिया है। 2020 से, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत ? 509 करोड़ की 168 शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जो उपेक्षा से रणनीतिक निवेश की ओर निर्णायक बदलाव का संकेत है।

2030 तक इस क्षेत्र के मूल्य को दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर करने के लक्ष्य के साथ, स्थिरता अब एक विचार नहीं है। यह बहुत महत्वपूर्ण समय पर हुआ है। जैसे-जैसे फास्ट फैशन गति पकड़ रहा है, 2030 तक इसके 50-60 बिलियन डॉलर के बाजार में विकसित होने की उम्मीद है। इसके साथ ही तेजी से बदलते रुझानों के कारण टेक्सटाइल अपशिष्ट में भी वृद्धि हो रही है। इसके जवाब में भारत ने एक सर्कुलर और टिकाऊ अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए तेजी से कदम बढ़ाया है। पानीपत अब प्री और पोस्ट-कंज्यूमर टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है, जो टिकाऊ विनिर्माण में भारत के नेतृत्व को दर्शाता है। आज, यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुनर्नवीनीकरण फाइबर उत्पादक है। यह सालाना 40 बिलियन से अधिक प्लास्टिक की बोतलों को परिवर्तित करता है। 90 प्रतिशत से अधिक पीईटी बोतलों को रीसाइकिल किया जाता है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है। सतत प्रथाओं को और मजबूत करने के लिए, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) सिस्टम और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना के तहत छह परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। यह गति व्यापक जैव अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रही है, जो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 4.25 प्रतिशत का योगदान देती है। इसका मूल्य 165.7 बिलियन डॉलर है और आने वाले वर्षों में इसके लगभग दोगुना होने का अनुमान है। इस कायाकल्प का प्रमुख स्तंभ वैकल्पिक रेशों का उदय है। रैमी, मिल्कवीड, फ्लैक्स, सिसल प्राकृतिक सामग्री हैं जो उच्च प्रदर्शन और जलवायु के अनुकूल दोनों गुणों से भरपूर हैं। मिल्कवीड को कभी कृषि खरपतवार माना जाता था, इसे अब हाइ-एंड उपयोग के लिए इन्सुलेशन-ग्रेड वस्त्र में परिष्कृत किया जा रहा है।

जैव प्रौद्योगिकी को पारंपरिक ज्ञान के साथ जोड़कर और अनुसंधान निवेश को बढ़ाकर, मोदी सरकार भारत के वस्त्र उद्योग के भविष्य को नया आकार दे रही है। यह ग्रामीण आजीविका को मजबूत करेगा, स्थिरता में अग्रणी होगा और आत्मनिर्भर भारत के साथ तालमेल बिठाएगा।

**स्थानीय से वैश्विक तक, भारत के हस्तशिल्प का उत्थान**

भारत में विरासत अब एक संरक्षित स्मृति नहीं है, यह एक गतिशील आंदोलन है। यह पहचान, सशक्तिकरण और आर्थिक नवीनीकरण का स्रोत बन गया है। यह परिवर्तन हथकरघा क्षेत्र से कहीं अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। गणतंत्र दिवस पर, ई-पहचान कार्ड के शुभारंभ ने एक नवीन क्रांति को चिह्नित किया। 35 लाख बुनकरों के लिए डिजिटल रजिस्ट्री के रूप में शुरू हुआ यह अभियान तब से एक गतिशील आंदोलन में बदल गया है, जिसने 35,000 नए बुनकरों को अपने साथ जोड़ा है। यह समावेश से कहीं अधिक है, यह पुनरुद्धार है। करघे घरों में वापस आ रहे हैं और नई पीढ़ी इसे गर्व के साथ अपना रही है। हस्तशिल्प क्षेत्र में, 30 लाख से अधिक कारीगरों को पहचान कार्ड के तहत पंजीकृत किया गया है, जिससे औपचारिक पहचान और सरकारी सहायता तक पहुँच सुनिश्चित हुई है।

2014 से पहले, मुद्रा योजना के माध्यम से सहायता केवल 1.25 लाख बुनकरों तक पहुँचती थी। आज, 3 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। यह प्रतीकात्मकता से सार्थक सशक्तिकरण की ओर स्पष्ट बदलाव है। करघा अब केवल परंपरा का प्रतीक नहीं रह गया है। यह आकांक्षा का साधन है, जो छोटे व्यवसायों को सक्षम बनाता है और वैश्विक बाजारों के लिए मार्ग खोलता है।

हस्तशिल्प में भी इसी तरह का पुनरुत्थान हुआ है। 2014 में निर्यात ?29,000 करोड़ से बढ़कर ?49,000 करोड़ से अधिक हो गया है, क्योंकि कारीगर विश्व मंच पर आत्मविश्वास से कदम रख रहे हैं। 313 जीआई टैग, भारत टेक्स के दो संस्करण और बढ़ती वैश्विक उपस्थिति के साथ, पारंपरिक शिल्प को आर्थिक मूल्य और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा के वाहक के रूप में फिर से स्थापित किया गया है। आज, बनारसी बुनकर या कच्छ कढ़ाई करने वाला न केवल विरासत को संरक्षित कर रहा है, बल्कि वह समकालीन विलासिता साधनों को परिभाषित कर रहा है और निर्यात को बढ़ावा दे रहा है।

इस परिवर्तन के केंद्र में 2017 में शुरू किया गया सरकार का प्रमुख कौशल कार्यक्रम समर्थ है। 4.3 लाख से अधिक व्यक्तियों, मुख्य रूप से महिलाओं, ग्रामीण युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को उद्योग मानकों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। 2014 से, एकीकृत कौशल विकास योजना और समर्थ के तहत 12.55 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। नए कौशल और केंद्रित समर्थन के साथ, वे न केवल जीवनयापन कर रहे हैं, बल्कि नेतृत्व भी कर रहे हैं। ओएनडीसी और इंडिया हैंडमेड जैसे प्लेटफ़ॉर्म ने उन्हें बिचौलियों को दरकिनार करने, वैश्विक बाज़ारों तक पहुँचने और टिकाऊ, स्व-स्वामित्व वाले उद्यम बनाने में सक्षम बनाया है। कुशल प्रतिभाओं का यह बढ़ता हुआ समूह नई रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है। यह ऐसी अर्थव्यवस्था है जहाँ डिज़ाइन, नवाचार और परंपरा मिलकर भारत की वैश्विक बढ़त को आकार देते हैं।

2014 से 4 नए परिसरों के साथ, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी फैशन संस्थान बड़े पैमाने पर परंपरा और नवाचार को मिलाकर इस डिज़ाइन क्रांति के केंद्र में है। फैशन पूर्वानुमान पहल के लिए VisioN&t और स्वदेशी आकार के लिए India Size जैसे स्वदेशी एप के माध्यम से, भारत अब पश्चिम का अनुसरण नहीं कर रहा है। देश अब अपने खुद के नए मानक स्थापित कर रहा है।

# अत्यंत सम्मानित थे प्राचीन भारत के चिकित्सक

**अशोक प्रवृद्ध**

वर्तमान में चिकित्सकों की महत्ताए उपयोगिता और व्यक्ति व राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को रेखांकित करते हुए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाए जाने की परिपाटी है। लेकिन भारतीय प्राचीन ग्रंथों के अध्ययनए चिंतन व अनुशीलन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि प्राचीन भारत में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े चिकित्सकों की समाज में अत्यंत महिमाए गरिमामयी उपस्थिति और उच्च स्थान प्राप्त था। वेदए उपनिषदए स्मृति ग्रंथ, सूत्र, ग्रंथ पुराण, महाकाव्य आदि सभी प्राचीन ग्रंथों में रोग और उनके निदान करने वाले वैद्यए चिकित्सकों के संबंध में अंकित वर्णनों से इन तथ्यों की पुष्टि ही होती है कि प्राचीन भारत के चिकित्सक विभिन्न जातियों और वर्गों के थे। लेकिन वे समाज में अच्छी तरह से सम्मानित थे और राज्य के संरक्षण का आनंद लूटते थे। उन्हें उस समय के उच्चतम नैतिक मानकों पर रखा जाता था और वे एक सख्त आचार संहिता से बंधे होते थे। उन्हें चिकित्सा व शल्य चिकित्सा दोनों में ही कठोर प्रशिक्षण प्राप्त होता था। अधिकांश चिकित्सक बहुकुशल सामान्यज्ञ थे और उनसे वाक्पटुता और वाद- विवाद में कुशल होने की अपेक्षा की जाती थी। वे आर्थिक रूप से काफी संपन्न थे। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में अंकित वर्णनों से प्राचीन भारत में औषधीय विचारों के विकास का भी पता लगाता है।

संसार की सभी प्राचीन सभ्यताओं ने अपनी- अपनी औषधीय प्रणालियां विकसित की हैं। लेकिन प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपने विचारों और उपचारात्मक दोनों ही उपायों में सर्वाधिक व्यवस्थित और सबसे समग्र प्रणाली माना जाता है। भारत में चिकित्सा और चिकित्सकों के बारे में सबसे प्रारंभिक विश्वसनीय जानकारी संसार के सर्वाधिक प्राचीनतम ग्रंथ वेदों में अंकित प्राप्य हैं। प्राचीन औषधीय प्रथाओं का वर्णन ब्राह्मण ग्रंथों, आरण्यक पुराणादि ग्रंथों में भी मिलती है। प्राचीन भारतीय समाज में एकेश्वर वाद अर्थात एक ही निराकार, अजन्मा, अनादि परम पिता परमेश्वर के आराधना उपासना की परिपाटी प्रचलित थी। संसार की सभी जीवों व वस्तुओं की आत्माओं को देवता माना जाता रहा था। वैदिक मार्ग पर चलते हुए लोग अपने कर्मफल के भागीदार माने जाते थे। परमेश्वर द्वारा कही गई सत्य ज्ञान की पुस्तक वेद के पठन- पाठन, श्रवण,. श्रावण से दूर होने से कालांतर में मानव शरीर की बीमारियों को दैवीय कारकों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाने लगा और इलाज में जादुई धार्मिक साधनों का उपयोग किया जाने लगा। ऐसे में वैदिक धर्म के विरुद्ध चलने वाले वेद के भाष्यकारों के मार्ग का अनुकरण कर बने मठाधीशों, विद्वानों, पंडितोंए पुजारियों की भूमिका देवताओं और मनुष्यों के बीच संपर्क स्थापित करने की हो गई। उनके अनुसार वे देवताओं को बुलानेए शांत करने और प्रसन्न करने की शक्ति रखते थे। उन्होंने अपने मंत्रों के माध्यम से देवताओं पर एक जादुई शक्ति धारण करने की बात कह इस शक्ति का उपयोग उपचार के उद्देश्यों के लिए भी करना शुरू किया। इसलिए याजक भी चंगा करने वाला था। ऋग्वेद में अग्नि अथवा अग्नि का उल्लेख देवताओं को यज्ञकर्ता से जोड़ने वाले दूत के रूप में किया गया है। इसलिए अग्निपंथियों को अथर्वनए अंगिरस और भृगु को जादूए धार्मिक संस्कारों के माध्यम से उपचार में कुशल माना जाता था। उन्हें अथर्ववेद का द्रष्टा भी माना जाता है। जिसमें मानव शरीर की प्रारंभिक समझए इसके रोगों और उनके इलाज के बारे में विवरण शामिल हैं। तत्कालीन समाज में प्रचलित मान्यतानुसार सोम के पौधे का रस अग्नि में अर्पित करने के बाद पीने से व्यक्ति अमरता प्राप्त कर सकता है। सोम की इस महत्ता, उपयोगिता ने अथर्ववेद में वर्णित अन्य पौधों के असाधारण गुणों की पहचान का मार्ग प्रशस्त किया। पौधों और उनके उत्पादों ने वैदिक चिकित्सकों के द्वारा निर्धारित चिकित्सीय पद्धति के प्रमुख हिस्से का गठन किया। ऋग्वेद के अनुसार एक जानकार चिकित्सक के लिए जड़ी.बूटियां एक साथ राजाओं की सेना के समान होती हैं। जड़ी .बूटियों के अलग-अलग विशेषज्ञ विद्वान व गुरुकुल थे। उन्होंने विशेष पौधों के उपयोग की पहचानए वर्णन और प्रचार किया था। जिन्हें ऋषि के नाम पर रखा गया था। इस प्रकार कण्व को एक औषधि के रूप में अपामार्ग के पौधे की खोज का श्रेय दिया जाता है। जिसे तब कण्व के पौधे के रूप में जाना जाता था। कालांतर में औषधीय तत्व में अन्य सामग्रियों में गो दूध व उसके उत्पादए विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जल व मिट्टीए पाउडर के गोले और सेंधा नमक को भी शामिल किया गया। वे मंत्र, भजन और बलिदान के माध्यम से दवा का आध्यात्मिकीकरण करते थे। कुछ खाद्य पदार्थों का उपयोग कुछ दवाओं के वाहन के रूप में किया जाता था। मौखिक दवाओं के अलावाए सांस लेनाए धूमनए और मलहम के सामयिक अनुप्रयोग भी किए जाते थे। कुछ पौधों को ताबीज के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। दवाओं को निर्दिष्ट स्थानों और समय पर प्रशासित किया जाता था। समय के साथ अथर्ववेद में अंकित विभिन्न मंत्रों का उपयोग विभिन्न रोगों को ठीक करने के लिए जादू, धार्मिक मंत्र और अनुष्ठान के रूप में किया जाने लगा। जिससे बीमारी और स्वास्थ्य के दैवीय और राक्षसी मूल को व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त हो गई। अथर्ववेद में शरीर के हड्डियों व अनेक आंतरिक अंगों का वर्णन किया गया है। बुखार जैसे कुछ लक्षणों को उचित विस्तार से वर्गीकृत किया गया है। ऐसी मान्यता थी कि बुखार अन्य बीमारियों की बहन या चचेरा भाई है। अथर्ववेद के अनुसार रोग कफ वायु या पित्त के विकार के कारण भी हो सकते हैं।

# ईरान में इस्लामिक शासन की उल्टी गिनती, कर्ज पर चल रही तेहरान की सत्ता...

**तेहरान ने इजरायल और अमेरिका के साथ अपने टकराव को कैसे पेश किया है और इस 12 दिवसीय युद्ध को दूसरी जगहों पर कैसे देखा जा रहा है, इसमें स्पष्ट बेमेल है। यह बेमेल ईरान के सामान्य रूप से लौटने को देखने के लिए उत्सुक लोगों को निराश कर सकता है। इतिहास बताता है कि हार क्रांति को जन्म देती है। 1979 में पहलवी वंश को उखाड़ फेंकने और अयातुल्ला खुमैनी से प्रेरित वेलायत-ए-फकीर (धार्मिक शासन) की स्थापना के बाद से दुनिया, ईरान सभ्यता के अविश्वसनीय परिष्कार को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के बर्बर राजनीतिक प्रभुत्व के साथ समेटने की कोशिश की है**

**(विवेक सिंह)**

इजरायल और ईरान के साथ 12 दिनों तक चला भीषण सैन्य संघर्ष खत्म हो गया है। ईरान के इस्लामिक शासन ने इस युद्ध को यहूदी राज्य के खिलाफ अपनी जीत के तौर पर प्रचारित करना शुरू कर दिया है। इसका जश्न मनाया जा रहा है। युद्धविराम के बाद अपने पहले संबोधन में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि ईरानी हमलों में जायोनी इकाई (इजरायल) लगभग ध्वस्त हो गई है। उनके अनुसार, अमेरिका ने युद्ध में हस्तक्षेप किया क्योंकि उसे लगा कि अगर ऐसा नहीं किया तो जायोनी इकाई पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

तेहरान ने इजरायल और अमेरिका के साथ अपने टकराव को कैसे पेश किया है और इस 12 दिवसीय युद्ध को दूसरी जगहों पर कैसे देखा जा रहा है, इसमें स्पष्ट बेमेल है। यह बेमेल ईरान के सामान्य रूप से लौटने को देखने के लिए उत्सुक लोगों को निराश कर सकता है। इतिहास बताता है कि हार क्रांति को जन्म देती है। 1979 में पहलवी वंश को उखाड़ फेंकने और अयातुल्ला खुमैनी से प्रेरित वेलायत-ए-फकीर (धार्मिक शासन) की स्थापना के बाद से दुनिया, ईरान सभ्यता के अविश्वसनीय परिष्कार को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के बर्बर राजनीतिक प्रभुत्व के साथ समेटने की कोशिश की है

हर बार जब भी इस्लामिक शासन को सीधी चुनौती मिली है, ईरान में फारसी स्प्रिंग शुरू होने की उम्मीदे जगी हैं। लेकिन हर बार धर्मतंत्र ने चुनौती को बेरहमी से हरा दिया है। 2009 में चुनाव धांधली के खिलाफ बड़े पैमाने पर विद्रोह और 2022 में हिजाब के खिलाफ महिलाओं का अविश्वनीय विरोध इसके उदाहरण हैं।

हालिया संघर्ष में इजरायल और अमेरिका का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु संपत्तियों को नष्ट करना था। 22 जून को ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर ऑपरेशन हैमर के तहत हमले के बाद यह उद्देश्य किस हद तक पूरा हुआ है, इसका अभी भी आकलन किया जा रहा है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इजरायल ईरान की सैन्य क्षमताओं को भारी नुकसान पहुंचाने में सक्षम था। संघर्ष के अंतिम छह दिनों के लिए, ईरान के आसमान पर उसका पूरा नियंत्रण था।

**इजरायल ने पहुंचाया ईरान को गंभीर नुकसान:** इसके अलावा इजरायल तेहरान में कुद्स फोर्स के कमांड सेंटर, सरकारी टीवी (लाइव प्रसारण के दौरान), खूंखार बासिज



मिलिशिया के मुख्यालय, तेहरान में एविन जेल गेट और फिलिस्तीन स्क्वायर जैसे बहुत बड़े प्रतीकात्मक महत्व के लक्ष्यों को हमले में नष्ट कर दिया। इस्लामिक शासन की कमजोरी का सार्वजनिक प्रदर्शन इजरायल हमले में प्रमुख पदाधिकारियों को निशाना बनाने की क्षमता में भी स्पष्ट था। इजरायली हमलों में ईरान के लगभग एक दर्जन शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक मारे गए, साथ ही ब्रिगेडियर-जनरल और उससे ऊपर के रैंक वाले 29 सैन्य अधिकारी भी मारे गए। इज़रायली सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के दौरान लगभग 100 शीर्ष ईरानी अधिकारियों को 'समाप्त' कर दिया गया।

ईरान ने कथित रूप से 700 मोसाद एजेंटों की गिरफ्तारी की बात कही है। इसके बावजूद इजरायल ईरान के अंदर ड्रोन लॉन्च करने और उसके अधिकारियों का पता लगाने में सक्षम था, जो हमले में मारे गए। इसने ईरान के गौरव को नुकसान पहुंचाया है। इसने दिखाया है कि इजरायल ईरान के अंदर ऐसे लोगों का नेटवर्क बनाने में सक्षम है, जो बेहद अलोकप्रिय शासन को कमजोर करने के लिए अपनी जिंदगी को खतरे में डालने को तैयार हैं। भावनात्मक रूप से यह ईरानियों को नई उम्मीद प्रदान करेगा।

**शासन परिवर्तन के बदल चुके हैं मायने:** 'शासन परिवर्तन' शब्द वर्तमान में नकारात्मक अर्थ प्राप्त कर लिया है क्योंकि इसे राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के युद्धों के दौरान अफगानिस्तान और इराक में स्थापित 'मित्रवत' सरकारों के साथ पहचाना जाने लगा। ईरान के साथ वर्तमान युद्ध के दौरान, अमेरिका और इजरायल दोनों ने थोड़े समय के लिए इस बात पर जोर दिया कि युद्ध के उद्देश्यों में अयातुल्ला को बदलना शामिल होना चाहिए।

इसके पीछे तर्क यह था कि मुल्लाओं को फिर से उभरने और इजरायल और अन्य विरोधियों के खिलाफ विनाशकारी हमलों की साजिश रचने का एक और मौका कभी नहीं दिया जाना चाहिए। यह आश्वस्त करने वाली बात है कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री बीबी नेतन्याहू दोनों ने ही इस तरह के संभावित दुस्साहस से खुद को दूर रखा है।

**अयातुल्ला का शासन कमजोर हालत में:** इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अयातुल्ला आज पहले से कहीं ज्यादा कमजोर हैं। इजराइल को भस्म करने के लिए उनकी सावधानी से बनाई गई 'आग की अंगूठी' (रिंग ऑफ फायर) ढह गई है। ईरान के सभी प्रॉक्सी को गंभीर नुकसान पहुंचा है। हमास अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है, गाजा में सुरंगों का उसका नेटवर्क नष्ट हो गया है। हिज़्बुल्लाह अपने नेतृत्व के विनाश और दक्षिणी लेबनान में अपने मिसाइल ठिकानों के विनाश से उबर नहीं पाया है, और सीरिया में असद के बाद आई अहमद अल-शरा के नेतृत्व वाली सरकार इजराइल के साथ संघर्ष में शामिल होने के मूड में नहीं है।

सबसे बढ़कर, अगर अब्राहम समझौते का विस्तार वास्तविकता बन जाता है, तो इज़राइल के विनाश के साथ ईरान का जुनून कल्पना के दायरे में चला जाएगा। वास्तव में, इज़राइल को मान्यता देने और उसके साथ व्यापार करने के लिए ईरान पर दबाव प्रतिरोध की सीमा के बाहर चला जाएगा।

तेहरान का शासन उधार के समय पर जी रहा है। हालांकि, अगर बाहरी ताकतें इसके पतन की कोशिश करती हैं तो यह अयातुल्ला के हाथों में खेल रहा होगा। इस तरह की लापरवाही, चाहे अमेरिका में लोकतांत्रिक प्रचारकों की ओर से हो या पहलवी क्राउन प्रिंस की बहाली के लिए लड़ने वाले निर्वासितों की ओर से, केवल राष्ट्रवादी प्रतिक्रिया को ही बढ़ावा देगी। एक विकसित और गौरवशाली सभ्यता का स्वाभाविक आवेग 21वीं सदी में अपने सम्मान को बरकरार रखते हुए प्रवेश करना है, न कि पराजित लोगों के रूप में।

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंद विद्यार्थियों में 'मेरी किताब' कॉपीयों का वितरण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस वर्ष इनर व्हील के सत्र 2025-26 के आरम्भ में दिनांक 1-7-25 को रानी लक्ष्मी बाई मध्य विद्यालय में हमारी राष्ट्रीय अध्यक्षा ज्योति महिपाल जी द्वारा निर्धारित मेरी किताब परियोजना कार्यांवित की गयी।इसके अंतर्गत जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच 295 'मेरी किताब' कॉपीयो का वितरण किया गया जिनमें विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी एवं पढ़ाई सम्बन्धी बहुत ही लाभदायक जानकारी और इनर व्हील लोगो छपा हुआ है। इस अवसर पर हमारे क्लब की सदस्या एवं नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षा रश्मि गुप्ता जी ने परियोजना का उद्घाटन किया ।साथ ही क्लब अध्यक्षा हेमा गुप्ता, सम्पादिका साधवी सिंह पूर्व अध्यक्षा मौशूमी सरकार, पूर्व अध्यक्षा चंचल भदानी, पूर्व अध्यक्षा नम्रता राजगढ़ीया, सदस्या उमा गुप्ता और सदस्या सोनी तरवे इत्यादि भी उपस्थित थीं।



### बीएसएम स्कूल के बच्चों के बीच 100 बुक डिस्ट्रीब्यूशन




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनर व्हील क्लब का नया सत्र शुरू हुआ और सत्र की शुरूआत अपने इनर व्हील सनशाइन गार्डन वाटिका में सुबह 9:30 बजे 15 अलग-अलग फलों के पौधे लगाकर किया गया और जैसा कि जिला से निर्देश मिला है की इनर व्हील की बुक को सत्र के पहले दिन ही किसी स्कूल में डिस्ट्रीब्यूशन करना है, जो की बीएसएम स्कूल के बच्चों के बीच 100 बुक डिस्ट्रीब्यूशन सुबह 10:30 किया गया, साथ ही सत्र के पहले दिन ही प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया ने ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लड डोनेट किया और साथ ही कुछ मेंबर्स ने भी इस उपलक्ष में ब्लड डोनेट किया। इन सभी कार्यक्रम के दौरान क्लब की फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय प्रेसिडेंट कविता राजकड़िया,सेक्रेटरी स्मृति आनंद, आइसो दीप्ति सिन्हा, एडिटर संगीता सिन्हा मेंबर तनूजा भूषण,शशी जैन, पास्ट प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरिया, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट सोनाली तरवे मौजूद रही।

### हूल दिवस पर लाठी चार्ज के विरोध में किया पूतला दहन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हूल दिवस पर सिद्धू-कान्हू के वंशजों को पूजा-पाठ करने से रोकने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा लाठी चार्ज और आंशु गैस के गोले बरसानें के विरोध में आज भाजपा जिला खूंटी के द्वारा झारखंड सरकार का पूतला दहन किया गया। और आदिवासियों पर अत्याचार बन्द हो, आदिवासी विरोधी निति नहीं चलेगी आदि का नारा भी लगाया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनोद नाग, कैलाश राम, जिला महामंत्री संजय साहू, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मिडिया सह प्रभारी महावीर राम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, मोर्चा महामंत्री सुदर्शन भोगता, नगर उपाध्यक्ष कंचन सिंह, लखिन्दर नायक, दामोदर साहू विक्की गुप्ता, आइटी संयोजक आदर्श अंशुल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### स्नेह कश्यप ने 5 टीबी मरीजों को गोद लिया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप ने मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंचकर गिरिडीह सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 टीबी मरीजों को गोद लिया। उन्होंने इन सभी मरीजों को पोषाहार किट सौंपते हुए अगले छह महीनों तक नियमित पोषण आहार देने का आश्वासन दिया।मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रेखा झा, एसटीएस गौतम कुमार, एलटी रमाकांत मिश्रा, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, एसटीएलएस और एनटीईपी के सुपरवाइजर मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समाज कल्याण पदाधिकारी के इस मानवीय पहल का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं स्नेह कश्यप ने इस मौके पर समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे आगे आएं और टीबी मरीजों की सहायता कर इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई को मजबूती दें।

### भाजपा नेता ने झुलसे मजदूरों की स्थिति की ली जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय सांसद ढुल्लू महतो के प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो जनरल अस्पताल जाकर शिवप्रिया स्टील में विस्फोट में झुलसे मजदूर लखन टुडू की स्थिति की जानकारी ली। प्रशासन तथा प्रबंधन से बेहतर इलाज की व्यवस्था की मांग की। श्री गुप्ता ने आरोप लगाया प्रशासन की लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई है। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई है। जबकि दूसरे मजदूर लखन टूडू मौत एवं जीवन के बीच संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़े। तो उन्हें इलाज के लिए बाहर भेजा जाए। वहीं दूसरी ओर मृतक मजदूर के आश्रित को केवल 15 लाख रुपया देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि कम से कम 25 लाख रुपया मुआवजा के रूप में मिलना चाहिए। इसके साथ ही पूरे घटनाक्रम की जांच कर जो व्यक्ति दोषी हो उस पर प्राथमिकी दर्ज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त ने श्रम विभाग के अधिकारी को प्रथम दृष्टि दोषी माना है एवं उनका वेतन स्थगित कर। दिया है यह सराहनीय कदम है लेकिन औद्योगिक क्षेत्रों में इन दिनों सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि दिलीप श्रीवास्तव वास्तव मनोज सिंह भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पप्पू उपस्थित थे।

### बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना : प्रधानाचार्य आनंद कमल

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में मंगलवार को सम्मान समारोह किया गया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि 36वाँ क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता नरगा कोठी,भागलपुर में 29जून को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बरगंडा के भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो पदक विद्यालय के नाम कर लिए।अंडर-14 में कप्तान सोनाक्षी पांडेय के नेतृत्व में एवं अंडर-17 भैया में कप्तान जीवन कुमार दास के नेतृत्व में प्रथम स्थान प्राप्त किया।दोनों विजेता भैया-बहनों ने विद्यालय के साथ-साथ विद्या विकास समिति,झारखंड का मान बढ़ाया है।विद्यालय परिवार अपने होनहार बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।मौके पर विजेता भैया बहनों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कहा कि विद्यालय को यह गौरव कोच अनिता कुमारी के कुशल मार्गदर्शन और सतत अभ्यास के कारण प्राप्त हुआ है। विजेता भैया-बहन आगामी नवंबर माह में आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी- खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने बैतूल मध्य प्रदेश जाएंगे। समारोह को सफल बनाने में अजित मिश्रा, राजेन्द्र लाल बरनवाल, निलेश कुमार एवं समस्त आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी के द्वारा भाजपा ओबीसी मोर्चा आवासीय कार्यालय का उद्घाटन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी जी के द्वारा भाजपा ओबीसी मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष रंजीत बरनवाल के आवासीय कार्यालय मकतपुर, अरगाघाट रोड, गिरिडीह में उद्घाटन किया गया । इस मौके पर उद्घाटन के उपरांत पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि इस कार्यालय के खुल जाने से आम जनों को बहुत लाभ होगा जहां अभी आकर किसी प्रकार की समस्या का निराकरण करवा सकेंगे वहीं संगठन को भी मजबूती प्रदान होगी। वही मौके पर ओबीसी के जिला अध्यक्ष रंजीत बरनवाल ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया श्री बरनवाल ने कहा कि कहा कि इस कार्यालय के जरिए यहां जो भी समस्या लेकर आएगा यथासंभव उसको दूर करने का प्रयास किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महादेव दुबे गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा , पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, विनय सिंह, संदीप डगाइच, उषा कुमारी, पिंकी कुमारी, संजीत सिंह पप्पू, नवनीत सिंह, उमाशंकर चरण पहाड़ी, मनोज शंघाई, बरनवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष लखनलाल बरनवाल, सुरेश गुप्ता, अमित आर्य, समीर दीप, सुबोध बरनवाल, संजीव कुमार, रितेश सिन्हा, प्रकाश दास, राजेश साव,संजीव कुमार, मणिकांत भारती, सुरेश मंडल, किशोर बरनवाल, नवीन सिन्हा, सक्षम बरनवाल, संजय कुमार, प्रवीण कुमार इत्यादि उपस्थित थे।



# डॉक्टर्स डे पर रेड क्रॉस में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

## गिरिडीह रेड क्रॉस की सेवाएं सराहनीयः डीसी

## गिरिडीह रेड क्रॉस ने बनाई अलग पहचानः एसडीएम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस व चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर गिरिडीह रेड क्रॉस भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस के अध्यक्ष सह उपायुक्त रामनिवास यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष सह एसडीएम श्रीकांत यशवंत बिसपुते उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत व सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में डीसी श्री यादव ने उपस्थित चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट को बधाई देते हुए कहा कि दोनों ही लोग समाज के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने गिरिडीह रेड क्रॉस की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम सेवा शुल्क में आधुनिक फिजियोथेरेपी व ओपीडी सेवा उपलब्ध कराना काबिले तारीफ है। उन्होंने रेड क्रोस की सेवाओं को जन जन तह पहुंचाने की अपील समाज के अन्य लोगों से भी की। एसडीएम ने अपने संबोधन में रेड क्रॉस की सेवाओं और सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि नई टीम के सदस्यों के जज्बे ने रेड क्रोस भवन की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने रेड क्रॉस परिसर में ब्लड बैंक निर्माण की दिशा में शीघ्र पहल करने की भी बात कही। इसके पूर्व स्वागत भाषण में रेड क्रोस के चेयरमेन अरविंद कुमार ने सेवा दे रहे चिकित्सकों के साथ रेड क्रोस फिजियोथेरेपी सेंटर में आधुनिक मशीनों को लगाने में आर्थिक सहयोग करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने रेड क्रोस भवन में संचालित सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान रेड क्रॉस में सेवा दे रहे वरीय चिकित्सक डॉ जीसी सिन्हा, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ ओमकार व डॉ विक्की को अतिथियों के हाथों शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। फिजियोथेरेपी सेंटर की मशीनों के लिए आर्थिक सहयोग करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट टीम को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सचिव विवेश जालान ने किया। मौके पर उप चेयरमेन चरणजीत सिंह सलूजा, कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल विश्वकर्मा, सीए श्रवण केड़िया, विकास खेतान, प्रकाश कुमार दत्ता, डॉ रामरतन केड़िया, प्रमोद कुमार, दशरथ शर्मा, भोला प्रसाद गुप्ता, संजीव कपिसवे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ, उद्घाटन समारोह का आयोजन

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों- रेवा (खूंटी), गम्हरिया (मुरहू), कुदा (कर्रा) एवं सारिदकेल (तोरपा) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, रेवा (खूंटी) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में माननीय विधायक खूंटी श्री राम सूर्या मुण्डा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ परियोजना निदेशक, आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, पुस्तकें, आईडी कार्ड समेत आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। माननीय विधायक श्री मुण्डा ने विद्यार्थियों को नियमितता, अनुशासन और मेहनत से अध्ययन करने की प्रेरणा दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अभिभावकों को भी शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बेहतर सहयोग की अपील की गई।



# फैसला स्वागत योग्य, न्याय की जीत : महीप

## हत्या के चार आरोपियों को अदालत ने किया रिहा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ हरिओम कुमार की अदालत ने सोमवार को हत्या के चार आरोपियों को रिहा कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता महीप मयंक ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह न्याय की जीत है। घटना देवरी थाना अंतर्गत खैरोडीह गांव की है। इस कांड के सूचक मनोरमा देवी के बयान पर 24 जुलाई 2009 को भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत अभियुक्त मुस्लिम अंसारी, वारिस खान, ललन सिंह यादव और छोटू खान के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई थी प्राथमिक में सूचक ने आरोप लगाया कि 27 जुलाई 2009 को रात 8:00 बजे मृतक बाबूलाल साहू अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा था। बहू को बचाने के लिए जब मृतक की मां सामने आई तो मृतक ने अपनी मां के साथ मारपीट किया। जिससे नाराज चारों अभियुकतों ने बाबूलाल साहू के साथ बुरी तरह से मारपीट किया उसके छाती पर चढ़ कर रौंद दिया था ,जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां वह 23 जुलाई को ठीक होकर अपना गांव लौटा ,तो बाबूलाल अभियुक्तों के पास अपने इलाज में खर्च हुए पैसे मांगने गया ।इस पर पुनः अभियुक्तों ने रात में उसके साथ मारपीट किया ,जिससे 24 जुलाई की रात बाबूलाल की मृत्यु हो गई। अभियोजन की ओर से सूचक समेत रेखा देवी ,प्रतिमा देवी, मनोज साव, भैरो साव, लेखो, साव, लाटो साव, बैजनाथ शाव,द्वारिका महतो ,अलखी देवी ,मोहम्मद अलाउद्दीन, ठाकुर पासवान, पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉक्टर सी के शाही एवं कांड के की गवाही कराई गई थी। इन 15 साक्षियों में 6 साक्षियों को अभियोजन ने पक्ष द्रोही घोषित कर दिया था सूचक पक्ष की ओर से अधिवक्ता बाल गोविंद साव ने कहा कि एक जधनय क्रूर हत्या है । मामूली बात पर चार लोगों ने बाबूलाल साहू की पीट कर हत्या कर दी वहीं बचाव पक्षी की ओर से अधिवक्ता महीप मयंक ने विस्तार से अभियुक्तों का पक्ष रखा। कहा कि इस कांड में हत्या का कोई मोटिव नहीं है। और ना ही अभियुक्तों का कोई आपराधिक पृष्ठभूमि है। केवल बाबूलाल के मौत के बाद यह झूठी कहानी अभियोजन की ओर से गढी गई ।बड़ा सवाल यह है कि कोई यदि अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करेगा तो गांव वाले उसकी हत्या क्यों कर देंगे? उन्होंने कहा कि जिन साक्षियों ने अपने बयान दिए हैं उनका अदालत में आचरण भी संदिग्ध दिखा । वे साक्षी स्वाभाविक साक्षी नहीं माने जा सकते। इतना ही नहीं साक्षियों के बयान में भी भारी अंतर विरोध है । अभियोजन अपने मामले को साबित करने में पूरी तरह से विफल रहा। बल्कि यह बात सामने आई कि केवल भया दोहन के लिए यह सारी रचना किया गया। बचाव पक्ष की ओर से महीप मयंक के साथ अधिवक्ता सदाकत हुसैन उर्फ बब्बन खान ने भी बहस किया था। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा था। सोमवार को खचाखच भरे अदालत में न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया ।अदालत के फैसले आने के बाद अभियुक्ततो के चेहरे पर भी राहत देखी गई।



# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और डॉक्टर समाज की रीढ़ हैं : शंकर अग्रवाल



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के तत्वावधान में रोटरी दिवस सत्र 2025-26 का आगाज के उपलक्ष्य पर स्थानीय होटल गार्डेन व्यू में एक बैठक आयोजित की गयी जिसमे सत्र 2024-25 के अध्यक्ष सीए ब्रह्मदेव प्रसाद तथा सचिव राजेंद्र कुमार तरवे ने अपना पदभार नए सत्र 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल सचिव सीए रवि गाडिया जी को क्लब का कालर पहना कर सौपा विदित हो की 01 जुलाई सीए डे तथा डॉक्टर डे के रूप में मनाया जाता हैं और इस अवसर भी हमारे क्लब ने आज क्लब के 09 सीए सदस्य जिसमे सीए सुमित अग्रवाल सीए आकाश रौशन सीए राकेश कुमार सीए ब्रह्मदेव प्रसाद, सीए रवि गाड़िया सीए शंकर अग्रवाल सीए दीपक सोंथालिया सीए प्रकाश दत्ता, सीए प्रवीन कुमार को एक मोमेंटो देकर सम्मानित किया अथवा 04 डॉक्टर क्रमशः डॉ परिमल सिन्हा , डॉ रितेश कुमार सिन्हा , डॉ निखिल अग्रवाल , डॉ खुशबू अग्रवाल को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और आज के दिन को यादगार बनाया गया यह कार्यक्रम उनके समाज के प्रति समर्पण, सेवा और पेशेवर उत्कृष्टता के लिए प्रशंसा प्रकट करने हेतु आयोजित किया गया क्लब के अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और डॉक्टर्स समाज की रीढ़ हैं। ये दोनों पेशेवर वर्ग न केवल अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं, बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर को गर्व है कि ऐसे समर्पित सदस्य हमारे साथ हैं। इसी क्रम में शहर के गणमान्य सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री प्रभाष कुमार दत्ता जी एवं वरिष्ट शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आर आर केडिया को भी उनके कार्यालय एवं क्लिनिक पर जाकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल, सचिव सीए रवि गाड़िया , कोषाध्यक्ष सीए दीपक सोंथालिया पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रकाश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष सीए ब्रह्मदेव प्रसाद पूर्व अध्यक्ष सीए प्रकाश कुमार दत्ता पूर्व अध्यक्ष विकाश शर्मा पूर्व अध्यक्ष सुबोध मोदी, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक छापरिया, पूर्व अध्यक्ष बिकास सिन्हा,अनिल मिश्रा, सुदिप्तो सामंता, मनीष गुप्ता , सीए राकेश कुमार , डॉक्टर निखिल अग्रवाल , अनूप सरावगी, अमित कुमार, विशाल जैन , अजय कुमार गुप्ता , गौतम खेतान , संजय भदानी ,दीपक चिरानिया , गौरव सिंघानिया इत्यादि का योगदान रहा ।

# कल्याण ज्वेलर्स के कर्मियों सहित कुल 53 लोगों ने रक्तदान किया



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी सत्र 2025-26 के पहले दिन 1 जुलाई को रोटरी गिरिडीह द्वारा रोटरी नेत्र चिकित्सालय में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के पूर्व जिलापाल शिव प्रकाश बगड़िया ने फीता काटकर किया। इस शिविर में रोटरी गिरिडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष मुसद्दी,सचिव रोहित जैन,गुणवंत सिंह मोंगिया,अमित अग्रवाल,अमित डे,प्रशांत बगड़िया,भूपेंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह, जगजीत सिंह, अंशुल जैन,प्राची मुसद्दी,मंजुश्री सिंह,आभा बगड़िया, रंजीता तर्वे, सोनाली तर्वे, नीति जैन, रेणु जैन, ऋतु रुंगटा, कविता राजगढ़िया, रंजीत कौर, यश तर्वे, उदित डालमिया, अतिशय जैन, ऋषभ छापरिया, हर्ष केडिया, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, कुमार गौरव, बिपिन चौधरी, सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों एवं कल्याण ज्वेलर्स के कर्मियों सहित कुल 53 लोगों ने रक्तदान किया।साथ ही साथ आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टेड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर क्लब के चिकित्सक डॉ मोहम्मद आजाद, डॉ विनय गुप्ता, डॉ राम रतन केडिया,डॉ शशि भूषण चौधरी, डॉ विकास लाल,डॉ राहुल कुमार एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ सौहेल अख्तर साथ ही चार्टेड अकाउंटेंट के रूप में सी ए संजय शर्मा, एवं सी ए प्रभाष कुमार दत्ता जी को भी सम्मानित किया गया। इस शिविर के सफल संचाल में रोटरी गिरिडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष मुसद्दी, सचिव रोहित जैन, शिविर संयोजक डॉ तारक नाथ देव, बिजय सिंह, राजेंद्र बगड़िया, प्रदीप डालमिया,राजन जैन, राजेश जालान, अमित गुप्ता,मनीष वर्णवाल,आशीष तर्वे, पूनम सहाय, दिलीप जैन, शरद रुंगटा,रतन डोकानिया, लक्खी गौरिसरिया, रवि चूड़ीवाला, चरणजीत सिंह, संतोष अग्रवाल, मनीष तर्वे, विकास बसईवाला, सारंग केडिया, सुमित बगड़िया, नरेंद्र सिंह,मंजीत सिंह,अभिषेक जैन,शंभु जैन, कृति गुप्ता, निशा जैन, संगीता बसईवाला, श्वेता बगड़िया,रिप्सी जैन एवं ब्लड बैंक के कर्मियों का अहम योगदान रहा।

### जिम्मेवारी आप लोगों को दी गई है उसे अवसर के रूप में लें :जयप्रकाश भाई पटेल

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान 2025 के अंतर्गत सोमवार को सर्किट हाउस गिरिडीह में जिले के प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने किया मुख्य अतिथि जिले के पर्यवेक्षक और पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल थे मुख्य अतिथि ने सभी प्रखंड के मंडल अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र दिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि प्रखंड स्तर की कमेटी संगठन की लीड होती है यह कार्यक्रम प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्ष को सम्मान देने के लिए है उन्होंने कार्यकताओं को कहा कि जो जिम्मेवारी आप लोगों को दी गई है।

# पुलिस अधीक्षक से सच और न्याय का साथ देने की अपील : किजपा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घूस लेकर गिरफ्तार लोगों को थाना से छोड़ने संबंधी तिसरी थाना प्रभारी के बातचीत का ऑडियो का उल्लेख केस डायरी में कराने की मांग को लेकर तिसरी थाना कांड संख्या 50/2025 के अभियुक्तों के परिजनों एवं न्याय पसंद लोगों ने किसान जनता पार्टी के बैनर तले मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया तथा शहर में प्रदर्शन किये. पुलिस अधीक्षक गिरिडीह से सच और न्याय का साथ देने का अपील किया। धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि तिसरी थाना प्रभारी और मध्यस्थ के बीच मोबाइल से हुई बातचीत के ऑडियो को सुनने से यह स्पष्ट हो गया है कि पुलिस अब किसी अपराधी को जेल नहीं भेजती है बल्कि जो अपराध भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करता है पुलिस उसे जेल भेजती है। किसान जनता पार्टी के पूर्व महा सचिव कुंजलाल साव ने कहा कि अपराधी पुलिस को पैसा देकर थाना से ही छूट जाता है और निर्दोष व्यक्ति जो पुलिस को मोटा रकम घूस में नहीं दे पाता है पुलिस उसे जेल भेज देती है यही कारण है कि आज तीन चौथाई से अधिक निर्दोष लोग जेलों में बंद है। पुलिस का सारा काली करतूत सामने आ रहा है पर प्रशासन के वरीय अधिकारी निर्लज्ज बनकर चुप्पी साधे हुए हैं और जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर अपने मूंह में दही जमाए बैठे हुए हैं। धरना के बाद तिसरी थाना कांड संख्या 50/2025 के अभियुक्त के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को पेन ड्राइव में ऑडियो और वीडियो देकर उसे केस डायरी के साथ न्यायालय भेजने का प्रार्थना किया। एस. पी. ने मामला को संज्ञान में लिया और अभियुक्त के परिजन सीता देवी के सामने एस.डी. पी. ओ. खोरी महुवा को अच्छी तरह से जाँच पड़ताल करने का निर्देश दिए और कहा कि अगर जरुरत पड़ा तो मैं खुद मामले का जाँच पड़ताल करूँगा और निर्दोष को न्याय दिलाऊंगा ' विदित हो कि पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को दिए गए ऑडियो में तिसरी थाना प्रभारी और विजय मंडल नामक व्यक्ति के बीच ले देकर मामला मैनेज करने का बात का रिकॉर्डिंग हैं। वहीं दूसरे ऑडियो में सूचक शंकर साव नामक व्यक्ति से खुद कह रहा है कि उसका गाड़ी और माल यानी शराब छीना गया है। वहीं वीडियो में यह देखा जा रहा है कि उक्त कांड के सूचक सह शराब माफिया मोटर साइकिल से शराब ले जा रहा है। पर तिसरी थाना प्रभारी ने शराब माफिया को जेल नहीं भेजकर शराब पकड़कर पुलिस को शराब सहित मोटरसाइकिल सौंपने जा रहे दलित युवकों को ही विगत 12 जून 2025 को जेल भेज दिया जिस वजह से न्याय पसंद लोगों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में सीता देवी, केशीया देवी, सुनीता देवी, हेमिया देवी, भगीरथ राय, विजय कुमार, नबी अंसारी, जहाँगीर अंसारी, टीपन ठाकुर, बासुदेव मरांडी, घनश्याम पंडित, धनेश्वर महतो, मुंशी मुर्मू, नीलम कुमारी मालती देवी, सुमनी सोरेन, ललिया देवी, दीपशिखा हेमब्रोम, सरिता मरांडी, गीता देवी, रीना टूडू, पानो हेमब्रोम, सुमन टुडू, संतोष बास्के, गोने टूडू, मेरुलाल मरांडी, धनेश्वर मरांडी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्टजेन ने डॉक्टर्स डे और सीए दिवस पर मानवता की सेवा का लिया संकल्प



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्टजेन, अध्यक्ष आयुष अग्रवाल और सचिव अंकित गुप्ता के नेतृत्व में, डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती अस्पताल के सहयोग से डॉक्टर दिवस और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिवस के अवसर पर एक भव्य और सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज सेवा, चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले चिकित्सकों और देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाले सीए पेशेवरों को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य में समर्पित चिकित्सकों को सम्मानित करके की गई, जो निःस्वार्थ सेवा और संवेदनशीलता के साथ जनकल्याण में लगे हुए हैं। एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर उनके योगदान को सराहा गया। समाज सेवा की दिशा में एक ठोस पहल करते हुए, क्लब ने अपना घर एनजीओ के सहयोग से 20 वंचित मरीजों के लिए निःशुल्क ओपीडी परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई। इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना था, जो रोटरी की 'सेवा से आत्म-उन्नति' की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल ने कहाः हम डॉक्टरों और डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती अस्पताल की समर्पित टीम के आभारी हैं, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। रोटरी सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहेगा। कार्यक्रम के दूसरे भाग में सीए दिवस मनाया गया, जिसमें देश की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता और विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया।

# अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने 75 वां स्थापना दिवस मनाया

## मजबूत एलआईसी ही देश को समृद्ध करेगी : धर्म प्रकाश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर गिरिडीह शाखा ईकाई के द्वारा एलआईसी शाखा परिसर में झंडोतोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया । शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा ने झंडोतोलन किया, जिसमें शाखा के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद कर्मचारियों के द्वारा शपथ लिया गया कि हम सभी मिलकर अपने प्रिय संगठन अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामना और बधाई दिया। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन काफी मजबूत और संगठित है , जिसके कारण कर्मचारियों का हित संरक्षित है तथा एलआईसी का उत्तोतर विकास हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ की स्थापना 1 जुलाई 1951 को हुई थी। अपने स्थापना कल से संघ ने जीवन बीमा क्षेत्र का राष्ट्रीयकरण के लिए संघर्ष किया, जिसके परिणाम स्वरुप 1 सितंबर 1956 को 250 देसी -विदेशी बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की गई। 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर एलआईसी की कुल परिसंपत्ति 55 लाख करोड़ के लगभग है। 1 दिन में एलआईसी ने सबसे अधिक बीमा कर ग्रिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया । इतना ही नहीं देश के आधारभूत संरचना के विकास में सबसे अधिक निवेश एलआईसी ही करती है। ऐसे में एलआईसी जितना मजबूत होगा देश उतना समृद्ध होगा।एआईआईइए ने अपने गठन के समय जन व राष्ट्र कल्याण का जो उद्देश्य निर्धारित किया था 74 वर्ष के लंबे सफर में देश - दुनिया के तमाम राजनैतिक , आर्थिक, सामाजिक परिवर्तनों, संगठन में सदस्यों व नेतृत्व की नई पीढ़ियां के बावजूद वह उद्देश्य सीप के मोती जैसा आज तक शुद्ध बना हुआ है। ए आईआईईए की स्थापना का मूल उद्देश्य समाज के संसाधन का उपयोग समाज के लिए रहा है। बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण की मांग की धुरी यही विचार रहा। जनकल्याण के पवित्र विचार में विश्वास की गहराई का सहज उदाहरण एआईआईईए है इस अवसर पर संघ के द्वारा गिरिडीह मुफस्सिल थाना परिसर में 20 फलदार पेड़ लगाया गया तथा लोगों से आग्रह किया गया कि अपने विशेष दिन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगे ताकि पर्यावरण को संतुलित किया जा सके कार्यक्रम में मंडलीय संगठन सचिव अनुराग मुर्मू मनालीय सहायक सचिव प्रवीण कुमार हांसदा विजय कुमार राजेश कुमार उपाध्याय कुमकुम वाला वर्मा रोशन कुमार विनय कुमार अभय कुमार श्वेता राजेश कुमार विजय कुमार नीरज कुमार सिंह श्वेता कुमारी, संजय गुप्ता सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।



## जीएसटी ने भर दी सरकार की झोली, 5 साल में दोगुना हो गया कलेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले 5 वर्षों में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन लगभग दोगुना हो गया। सोमवार को सरकारी आंकड़ों में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपये के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था। सरकारी बयान में कहा गया कि 1 जुलाई




2017 को लागू किए गए जीएसटी के बारे में किए गए एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अपने सकारात्मक अनुभव की जानकारी दी है। सोमवार को जीएसटी लागू होने के 8 साल पूरे हुए। एफवाय 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष से 9.4 प्रतिशत ज्यादा रहा। वित्त वर्ष 2025 में ऐवरेज मंथली कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024 में 1.68 लाख करोड़ रुपये था। लागू होने के इन 8 वर्षों में जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड टैक्सपेयर्स की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई।

**खर्च में 4 प्रतिशत बचत-** सरकारी बयान में कहा गया, जीएसटी कंस्यूमर फ्रेंडली रिफॉर्म है। कई टैक्सेज को हटाने और नियमों का पालन आसान बनाए जाने से ऐवरेज टैक्स रेट घटे हैं। इससे टैक्स बेस बढ़ा है और सरकार को कई जरूरी चीजों पर रेट घटाने में मदद मिली है। इसके मुताबिक, अनाज, खाद्य तेल, चीनी, स्नैक्स और मिठाइयों पर अब कम टैक्स रेट लग रहा है। फाइनैंस मिनिस्ट्री की एक स्टडी के मुताबिक, जीएसटी से परिवारों को अपने नासिक खर्च में कम से कम 4 प्रतिशत बचत करने में मदद मिली है। उपभोक्ता अब दैनिक जरूरतों पर कम खर्च करते हैं।

## दिल्ली से पटना तक राहत की बारिश, सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 1 जुलाई की सुबह राहत की बारिश हुई है। एलपीजी सिलेंडर करीब 60 रुपये सस्ता हो गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी कर दी हैं। इस नए रेट के मुताबिक 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 19



किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब आज से 1723.50 रुपये की जगह 1665 रुपये मिलेगा। यानी यहां 58.50 रुपये की कटौती हुई है। कोलकाता में आज से कॉमर्शियल सिलेंडर 1769 रुपये में मिलेगा। पहले यह 1826 रुपये में मिल रहा था, अब 57 रुपये सस्ता हो गया है।

मुंबई में अब इस सिलेंडर के रेट 1616 रुपये हो गए हैं। जून में 1674.50 रुपये था। इससे पहले यानी मई में 1699 रुपये में मिलता था। यहां 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। अगर चेन्नई की बात करें तो यहां कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1823.50 रुपये हो गई है। जून में 1881 रुपये में मिल रहा था।

**करीब 10 करोड़ लोगों को 300 रुपये सस्ता मिलता है सिलेंडर-** घरेलू सिलेंडर पर सरकार सीधी सब्सिडी देती है। उदाहरण के लिए, उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी को सिलेंडर 300 सस्ता मिलता है।

**चीन के बीआरआई के जवाब में भारत व्यापार के लिए नए रास्ते खोज रहा**

# टीआईटीआर इसमें उसकी मदद कर सकता है

- **कजाकिस्तान इस मार्ग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के बीआरआई यानी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का प्रभाव पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। इसके जवाब में भारत भी कुछ और रास्ते खोजने लगा है। भारत चाहता है कि वह व्यापार के लिए चीन पर कम निर्भर रहे। ऐसा ही एक रास्ता है ट्रांस-कैस्पियन इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट रूट। इसे मध्य गलियारा या मिडिल कॉरिडोर भी कहते हैं। कजाकिस्तान इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भारत को बीआरआई की कुछ बातें पसंद नहीं हैं। खासकर चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। भारत हमेशा से सीपीईसी को लेकर अपनी चिंता जताता रहा है। भारत का कहना है कि इससे उसकी क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन होता है।

2024 में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता



रणधीर जायसवाल ने कहा था, पीओके पर हमारा रुख हमेशा से साफ रहा है। हम आपको बताना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं। वे भारत का एक अभिन्न अंग थे। वे भारत का एक अभिन्न अंग हैं और वे भारत का एक अभिन्न अंग बने रहेंगे। उन्होंने आगे कहा था, छ्क्क्ष्ट पर हमारी राय आप जानते हैं। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हम इसके खिलाफ हैं। यह हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ जाता है। हालांकि, अब एक और रास्ता सामने आ रहा है। यह रास्ता बीजिंग से शुरू नहीं होता, बल्कि कजाकिस्तान से शुरू होता है।

### भारत के लिए कैसे है मौका

द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, कजाकिस्तान मध्य गलियारे के जरिए यूरेशिया का लॉजिस्टिक्स हब बन रहा है। भारत सीधे तौर पर इस नेटवर्क से नहीं जुड़ा है। लेकिन, इसके तेजी से बढ़ने से भारत को चीन पर निर्भरता कम करने और अपने व्यापार मार्गों में विविधता लाने का मौका मिल सकता है।

मध्य गलियारा 4,250 किलोमीटर रेल और 500 किलोमीटर समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है। यह चीन, मध्य एशिया, कैस्पियन सागर, काकेशस और यूरोप को जोड़ता है। इससे रूस और चीन दोनों के रास्ते बच जाते हैं। भारतीय थिंक टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अनुसार, यह गलियारा 2014 में रूस की ओर से क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद बना था। कजाकिस्तान, अजरबैजान और जॉर्जिया अस्थिर रास्तों पर निर्भर नहीं रहना चाहते थे। 2017 में 826 किलोमीटर लंबी बाकू-त्बिलिसी-कार्स रेलवे लाइन शुरू होने से यह रास्ता और भी आसान हो गया। अब चीन से तुर्की तक 12 दिनों में और प्राग तक 18 दिनों में सामान पहुंचाया जा सकता है। कजाकिस्तान के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, 2024 में टीआइटीआर पर ट्रैफिक 62 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख टन हो गया। कंटेनर परिवहन 170 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 56,500 अश्वह्य हो गया। चीन-यूरोप रूट पर 35,600 अश्वह्य भेजे गए, जो पिछले साल की तुलना में 27 गुना ज्यादा है। 2025 का टारगेट 52 लाख टन और 70,000 अश्वह्य है।

### लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में बहुत ज्यादा निवेश

ईटी के के अनुसार, कजाकिस्तान अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में बहुत ज्यादा निवेश कर रहा है। 2025 में ही वह 13,000 किमी सड़कों और 6,100 किमी रेलवे लाइनों को आधुनिक बनाने, छह हवाई अड्डों का विस्तार करने और नए समुद्री टर्मिनल बनाने की योजना बना रहा है। इसमें अक्ताऊ में 240,000 की क्षमता वाला एक कंटेनर हब भी शामिल है। 2029 तक 11,000 किमी रेल लाइनों को अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही नॉर्थ और सेडमिडिल जैसे नए गलियारे बनाए जाएंगे। 24 जून को विदेशी निवेशकों की परिषद के पूर्ण सत्र में राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने कजाकिस्तान की आर्थिक रणनीति को भविष्य के लिए तैयार, टिकाऊ और विश्व स्तर पर एकीकृत बताया था। देश ने 2025 की पहली छमाही में 6 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ दर्ज की, जो लॉजिस्टिक्स, व्यापार और निर्माण के कारण हुई। यह 12 वर्षों में सबसे तेज है। अल जजीरा के साथ इंटरव्यू में टोकायेव ने 2025 के लिए कम से कम 5.5 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया। लेकिन, कहा कि यह इतना महत्वाकांक्षी परिणाम नहीं है, क्योंकि सरकार अतिरिक्त विकास इंजन की तलाश कर रही है।

**इतना बड़ा बिजनेस, वो भी इससे कोई सोच भी नहीं सकता**

# गांव में पली-बढ़ीं विशाला ने कर दिखाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल की नई पीढ़ी को नूडल्स और पास्ता जैसे फास्ट फूड ज्यादा पसंद हैं। ऐसे में किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कोई देशी बाजरे से इतना बड़ा बिजनेस कर सकता है। हैदराबाद की विशाला रेड्डी वुय्याला ने यह कर दिखाया है। विशाला ऐसे गांव में पली-बढ़ीं जहां उनका परिवार बाजरा उगाता था। उन्होंने बाजरे को चुना और एक ऐसा ब्रांड बनाया जो हेल्दी भी है और टेस्टी भी। विशाला को बाजरा उत्पादों में एक अवसर दिखाई दिया। उनकी कंपनी का नाम मिंकन एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड है। अगस्त 2021 में उन्होंने अपना ब्रांड मिलेट बैंक लॉन्च किया। यह ब्रांड रेडी-टू-कुक और रेडी-टू-ईट प्रोडक्ट बेचता है। अपनी शुरुआत से सिर्फ तीसरे साल में ही कंपनी का टर्नओवर 6 करोड़ रुपये को पार कर गया। वहीं, कुल बिक्री 10 करोड़ रुपये पहुंच गई। आइए, यहां विशाला रेड्डी वुय्याला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**बाजरे में देखा अवसर-** आधुनिक युवाओं के बीच फास्ट फूड की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद हैदराबाद की विशाला रेड्डी वुय्याला ने पारंपरिक बाजरे (मिलेट) को एक सफल कारोबारी वेंचर में बदल दिया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली विशाला ने अपने परिवार के बाजरा उगाने के अनुभव को एक अवसर के रूप में देखा। उन्होंने 2021 में मिलेट बैंक ब्रांड के तहत अपनी कंपनी मिंकन एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की। यह ब्रांड रेडी-टू-कुक और रेडी-टू-ईट बाजरा उत्पाद प्रदान करता है। इनमें नूडल्स, कुकीज, पास्ता और अलग-अलग तरह के कॉम्बिनेशन शामिल हैं, जो स्वस्थ होने के साथ-साथ स्वादिष्ट भी हैं।

### तीसरे साल में ही जोरदार प्रतिक्रिया

अपनी शुरुआत के सिर्फ तीसरे साल में ही विशाला के मिलेट बैंक ने 6 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर हासिल कर लिया। कंपनी की कुल बिक्री 10 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। विशाला के उत्पाद ऑनलाइन और प्रमुख सुपरमार्केट में उपलब्ध हैं। साथ ही दुबई में भी एक्सपोर्ट किए जा रहे हैं। विशाला ने अपने ग्रामीण और शहरी अनुभवों को मिलाकर बाजरे को पुनर्जीवित करने के अपने मिशन की नींव रखी। उनका मकसद न केवल एक सफल व्यवसाय बनाना, बल्कि किसानों की मदद करना और बाजरे की खेती को बढ़ावा देना भी था। खासकर जब उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान अपनी बहन को बाजरा को कम कीमत पर बेचने में कठिनाई का अनुभव करते देखा।

### चुनौतियों से भरा था सफर

विशाला का सफर चुनौतियों से भरा था। इसमें व्यक्तिगत नुकसान और उनके बाजरा-आधारित उद्यम को लेकर परिवार और ग्रामीणों का संदेह शामिल था। इसके बावजूद उन्होंने अपने मिशन में दृढ़ता बनाए रखी। विशाला ने अपने गांव के किसानों के साथ समय बिताकर उनकी चुनौतियों को समझा। पारंपरिक खेती के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मिलेट बैंक ने तेलंगाना और तमिलनाडु में 1,000 से ज्यादा किसानों के साथ साझेदारी की है, जिससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ है। कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया थर्ड पार्टी के जरिये मैनेज की जाती है, जबकि मुख्य फोकस पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर रहता है।

# कल्पतरु आईपीओ में निवेशकों की कमाई फ्लैट

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की रियल एस्टेट कंपनी कल्पतरु के शेयर मंगलवार को बीएसई और एनएसइ पर लगभग फ्लैट भाव पर लिस्ट हुए। बीएसई में यह शेयर 414.10 रुपये पर लिस्ट हुआ। आईपीओ के जरिये निवेशकों को यह शेयर इतने में ही मिला था।

### आईपीओ कितने का




कंपनी का आईपीओ 1,590 करोड़ रुपये का था। यह 2.31 गुना सब्सक्राइब हुआ। आईपीओ में कंपनी ने 3.84 करोड़ नए शेयर जारी किए थे। क्यूआइबी यानी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने इसमें खूब दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने अपने हिस्से के शेयरों को 3.12 गुना सब्सक्राइब किया। रिटेल निवेशकों ने 1.43 गुना और यानी नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 1.40 गुना सब्सक्राइब किया। इससे पता चलता है कि निवेशकों ने इसमें मिली-जुली दिलचस्पी दिखाई।

कल्पतरु ग्रुप की यह कंपनी 1988 में शुरू हुई थी। इसने मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, इंदौर और दूसरे शहरों में 70 प्रोजेक्ट पूरे कर लिए हैं और 40 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। आईपीओ से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी कर्ज चुकाने में करेगी।

**एसी, फ्रिज, कूलर, आइसक्रीम...**

# मौसम विभाग के चक्कर में कंपनियों का हो गया बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल गर्मी में एसी और फ्रिज का कारोबार ठंडा पड़ गया। बड़ी कंपनियों के मुताबिक अप्रैल से जून के बीच एसी की बिक्री में 30 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। फ्रिज की बिक्री भी 12-15 प्रतिशत तक कम हो गई। बेमौसम बारिश से तापमान में गिरावट आई। इसके अलावा, मानसून भी समय से पहले आ गया। एसी और फ्रिज की सबसे ज्यादा बिक्री गर्मी के मौसम में होती है।

इसकी वजह से सीजनल जॉब्स पर भी असर पड़ा है। स्टाफिंग फर्म के अनुसार कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एमएमसीजी, रिटेल, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में नौकरियों में 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। बिजनेस सर्विस प्रोवाइडर का कहना है कि एसी और फ्रिज की बिक्री कम होने से कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बनाने वाली कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इसलिए, जितनी नौकरियां निकलने की उम्मीद थी, उतनी नहीं निकलीं।

**एसी की बिक्री-** मार्केट लीडर वोलटास के एमडी प्रदीप बख्शी ने कहा, अप्रैल-जून तिमाही में एसी की बिक्री में 30-35 प्रतिशत की गिरावट आई है। डीलरों के पास स्टॉक जमा हो गया है, इसलिए ज्यादातर कंपनियों ने उत्पादन कम कर दिया है। पिछले 15 साल में यह सबसे खराब गर्मी रही है। मौसम विभाग ने इस साल भीषण गर्मी




की भविष्यवाणी की थी। इसलिए, कंपनियों ने पिछले साल की तरह कमी से बचने के लिए दुकानों में ज्यादा माल भेज दिया था। पिछले साल गर्मी में एसी की बिक्री 55 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। लेकिन जून तिमाही में ज्यादातर जगहों पर बेमौसम बारिश और सामान्य से कम तापमान रहा। इससे बिक्री में कमी आई। पिछले साल बिक्री बहुत ज्यादा हुई थी, इसलिए इस साल और भी ज्यादा असर पड़ा। अप्रैल में दुकानों में पेय पदार्थों का स्टॉक 11 प्रतिशत बढ़ा था, लेकिन मई में यह घटकर 3.4 प्रतिशत रह गया। जून के पहले पखवाड़े में पेय पदार्थों की बिक्री पिछले साल से 9 प्रतिशत कम हो गई।

Bizom आठ मिलियन दुकानों से ऑर्डर ट्रैक करता है। पिछले साल मई और जून में पेय पदार्थों की बिक्री 22-24 प्रतिशत बढ़ी थी। जून तिमाही में किराना दुकानों पर आइसक्रीम के ऑर्डर 3-7 प्रतिशत बढ़े, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 17-26 प्रतिशत था।

**मौसम ने बिगाड़ा खेल-** एनालिटिक्स हेड हर्षित बोरा ने कहा कि गर्मी के उत्पादों का स्टॉक फरवरी में तो अच्छा रहा, लेकिन बेमौसम बारिश और कम समय के कारण धीरे-धीरे कम हो गया।

### नौकरियों पर मार

त्योहारी सीजन के बाद, सबसे ज्यादा अस्थायी नौकरियां गर्मी के महीनों में निकलती हैं। लेकिन इस साल ऐसा नहीं हुआ। एसी, फ्रिज, पेय पदार्थ, आइसक्रीम, ग्लूकोज और टैल्कम पाउडर जैसी श्रेणियों में जून तिमाही में सालाना बिक्री का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा होता है। दीपेश गुप्ता ने कहा कि 2024 में अस्थायी गर्मी की नौकरियों में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। लेकिन 2025 में कंज्यूमर ड्यरेबल्स, ई-कॉमर्स और मौसमी उत्पादों जैसे क्षेत्रों में भारी गिरावट आई है।

**मॉर्गन स्टैनली ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयर को किया डाउनग्रेड**

# टार्गेट प्राइस बढ़ाया, स्टॉक लुढ़का



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज के स्टॉक को अंडरवेट में डाउनग्रेड किया है। हालांकि, उसने टार्गेट प्राइस 8,696 से बढ़ाकर 11,563 कर दिया। इसका कारण इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज बिजनेस में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सरकारी प्रोत्साहनों के समाप्त होने को बताया गया। ब्रोकरेज ने चेतावनी दी कि एफवाय25-27 में डिक्सन की कोर श्रब् कमाई में 46 प्रतिशत गिरावट आ सकती है, और एफवाय27-30 तक यह 18 प्रतिशत और घट सकती है।

### डिक्सन का मोटोरोला पर निर्भरता

डिक्सन का सबसे बड़ा ग्राहक मोटोरोला है। यह कंपनी के मोबाइल फोन रेवेन्यू का 72 प्रतिशत हिस्सा है, अब अपनी सप्लाई चेन को अन्य कंपनियों जैसे कार्बन में शिफ्ट कर रहा है।

पहले डिक्सन मोटोरोला का 100 प्रतिशत उत्पादन करता था, लेकिन अब प्रतिस्पर्धा बढ़ने से यह हिस्सेदारी घटकर 75 प्रतिशत रह गई है।

**इस अपडेट पर मार्केट का रिएक्शन-** डिक्सन का शेयर 1 जुलाई 2025 को 14,460 (दिन का निचला स्तर) पर पहुंच गया, जो पिछले दिन के मुकाबले 3.3 प्रतिशत गिरावट दर्शाता है। यह गिरावट तब हुई जब बाजार का बड़ा सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 0.24 प्रतिशत ऊपर था। दिसंबर 2024 में शेयर ने अपना ऑल-टाइम हाई 19,149 छुआ था, लेकिन उसके बाद इसमें 35 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, अप्रैल 2025 में इसमें 25 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी।

**नए बिजनेस मॉडल से जुड़ी चुनौतियां-** मॉर्गन स्टैनली ने डिक्सन के कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में एंट्री को सही रणनीति बताया, लेकिन इससे जुड़े जोखिमों पर भी रोशनी डाली। यह सेगमेंट भारी पूंजी निवेश और ऋष्ठ खर्च मांगता है। डिस्प्ले फैब्रिकेशन जैसे उद्यम चक्रीय जोखिम से भरे होते हैं, जिससे कमाई में अस्थिरता आ सकती है।

**नोमुरा ब्रोकरेज का डिक्सन पर बाय रेटिंग-** इन चुनौतियों के बावजूद नोमुरा ब्रोकरेज ने डिक्सन पर बाय रेटिंग बरकरार रखी है।

# 1 महीने में सोना 2103 हुआ महंगा, चांदी ने भरी 9624 रुपये की उड़ान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जून में सोने-चांदी ने खूब उड़ान भरी। दोनों धातुओं के रेस में चांदी काफी आगे निकल गई। इस महीने सोने के भाव में जहां, 2103 रुपये की उछाल रही। वहीं, चांदी ने 9624 रुपये की उड़ान भरी। चांदी की रफ्तार सोने से 4 गुना से अधिक तेज रही। दोनों धातुओं में तेजी की वजह ईरान-इजरायल युद्ध समेत दुनिया भर में चल रहे जियो पॉलिटिकल टेंशन, डॉलर का पस्त होना, अमेरिका का ट्रेड वॉर और ब्याज दरें रहीं। वहीं, ईटीएफ में खरीदारी भी उछाल की एक वजह रही। आईबीजेए द्वारा जारी गोल्ड-सिल्वर रेट की बात करें तो 30 मई को 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी के 95355 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जबकि, चांदी के भाव इस दिन 97458 रुपये प्रति किलो की दर से बंद हुए था। 30 जून को सोना 95355 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 97458 रुपये पर पहुंच गया। इस अवधि में यह 2103 रुपये महंगा हुआ। दूसरी ओर चांदी इस सोमवार को 105510 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। एक महीने में चांदी के भाव 9624 रुपये उछल गए।



**क्यों उछले चांदी के भाव-** केडिया कमोडिटिज के प्रेसीडेंट अजय केडिया के मुताबिक चांदी में यह उछाल मुख्यत वैश्विक आर्थिक हालात और राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण आई है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर आंकडों ने इसे अधिक प्रभावित किया एडीपी रिपोर्ट (केवल 37,000 नए रोजगार) और आइएसएम सर्विसेज पीएमआइ के सिकुड़ने जैसे आंकड़ों ने मंदी की आशंका बढ़ा दी, जिससे डॉलर कमजोर हुआ। नए सिरे से बढ़े तनाव और दुनिया भर में अस्थिरता ने निवेशकों को सुरक्षित समझी जाने वाली चीजों की ओर धकेला है। सोने के साथ-साथ चांदी को भी इसका फायदा मिल रहा है।

**गोल्ड-सिल्वर रेशियो घटा:** यह अनुपात 107 से गिरकर 95 पर आ गया है। इसका मतलब है कि निवेशक सोने के मुकाबले चांदी को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। अक्सर ऐसा होने पर चांदी की कीमतें सोने से बेहतर प्रदर्शन करती हैं।



# मस्ती-4 के लिए तुरंत हामी भरी

**एक्ट्रेस रूही सिंह अपनी आने वाली फिल्म मस्ती 4 में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशक मिलाप जावेरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मिलाप जावेरी बेहतर तरीके से जानते हैं कि जनता को क्या पसंद आता है। साथ ही बताया कि वह दर्शकों को हंसाने के लिए कॉमेडी टाइमिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रही हैं।**

एक्ट्रेस ने कहा, वह शुरू से ही मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। वह मस्ती की खासियत और आम लोगों को क्या पसंद आता है, ये अच्छी तरह समझते हैं। मैं उनके निर्देशन के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह दर्शकों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी पसंद के हिसाब से फिल्म बनाते हैं। आईएएनएस ने उनसे पूछा कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई तो उनकी प्रतिक्रिया क्या थी? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे मस्ती 4 का ऑफर मिला, तो मैंने उसके लिए तुरंत हामी भर ली। मस्ती एक बड़ी और प्रसिद्ध फिल्म सीरीज है जिसकी अपनी एक पहचान है, और उसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हुई। यह फिल्म एक शानदार कलाकारों की टीम, एक ऐसा निर्देशक जो फिल्म और दर्शकों को समझता है, और जिसमें मजाक-मस्ती मुख्य बात है, ये सब मिलकर फिल्म को बहुत मजेदार बनाते हैं। कुल मिलाकर, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि मैंने अपने दोस्तों के साथ ग्रैंड मस्ती देखी थी और हम बहुत जोर-जोर से हंसे थे। कॉमेडी करना मुश्किल होता है। कॉमेडी में सही टाइमिंग पकड़ना उनके लिए कितना मुश्किल है? इस सवाल पर रुही ने कहा, मुझे खुद पर हंसने में कोई डर नहीं लगता। मैं अपनी निजी जिंदगी में मजाकिया और हंसमुख हूं। मैं जानती हूं कि कॉमेडी करना सबसे मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही हूं। मैं बहुत सारी कॉमेडी फिल्में देख रही हूं, खासकर राजपाल यादव और परेश रावल की फिल्में। साथ ही, मैं अपने एक्टिंग टीचर के साथ लगातार अभ्यास कर रही हूं ताकि कॉमेडी की सही टाइमिंग समझ सकूं।



# शादी में जरूर आना के सीक्वल में साथ काम करेंगे नितांशी गोयल और अभय वर्मा

बॉलीवुड में एक और मच अवेटेड सीक्वल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। साल 2017 की सुपरहिट फिल्म शादी में जरूर आना अब एक नए अध्याय के साथ वापसी करने जा रही है और इस बार लीड रोल में हैं दो यंग और टैलेंटेड चेहरे- अभय वर्मा और नितांशी गोयल। जहां पहली फिल्म में राजकुमार राव और कृति खरबंदा की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीता था, वहीं इस बार कहानी को एक नई सोच, नया जमाना और नई जोड़ी देने की कोशिश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मुंज्या फेम अभय वर्मा और लापता लेडीज की नितांशी गोयल को लेकर निर्देशक रत्ना सिन्हा ने ये भरोसा जताया है कि यह फ्रेश जोड़ी पुराने दर्शकों को भी जोड़े रखेगी और नए दर्शकों को भी अपनी तरफ खींचेगी।



## निर्देशन की बागडोर फिर से रत्ना सिन्हा के हाथ में

पहली फिल्म की तरह इसका निर्देशन भी रत्ना सिन्हा ही कर रही हैं और ये फिल्म बनारस मीडिया के बैनर तले तैयार की जा रही है। फिल्म की कहानी, इस बार भी प्यार, सपनों और ज़िम्मेदारियों के बीच उलझी भावनाओं को नए तरीके से दर्शाने का वादा कर रही है।

## फैंस की उत्सुकता चरम पर

हालांकि अभी तक फिल्म की रिलीज डेट या कहानी की विशेष जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर फिल्म के एलान के बाद से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता साफ देखी जा सकती है। फिल्म के पहले भाग ने एक छोटे शहर की सादगी, राजनीति और प्रेम की जटिलताओं को बखूबी दिखाया था, और अब इसके अगले अध्याय से लोगों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं।

## युवा कलाकार, नया रोमांच

अभय वर्मा जहां द फैमिली मैन 2 और हाल ही में मुंज्या जैसी फिल्मों से एक संवेदनशील और मजबूत कलाकार के रूप में उभरे हैं, वहीं नितांशी गोयल को लापता लेडीज़ में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए काफी सराहना मिली थी। दोनों युवा कलाकारों का फिल्म में आना, कहानी को एक नए आयाम की ओर ले जाने का संकेत दे रहा है।



# छुट्टियों में निकिता दत्ता को मिला बड़ा सरप्राइज़

अभिनेत्री निकिता दत्ता, जो इन दिनों अपनी छुट्टियों का लुत्फ उठा रही हैं, हाल ही में एक ऐसे पल की गवाह बनीं जो हर सिनेमा प्रेमी का सपना होता है। छुट्टियों के दौरान निकिता की मुलाकात उनके फेवरेट हॉलीवुड एक्टर जूड लॉ से हुई। निकिता ने अपने सोशल मीडिया पर इस खास पल की एक तस्वीर शेयर की, जिसे उन्होंने अपना फैनगर्ल मोमेंट बताया। तस्वीर में निकिता और जूड लॉ की मुस्कुराती हुई झलक ने फैंस का दिल जीत लिया। भले ही निकिता ने कैप्शन में ज्यादा कुछ न लिखा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और खुशी ने साफ कर दिया कि अपने फेवरेट स्टार से मिलना हर किसी के लिए एक यादगार पल होता है। हाल ही में निकिता दत्ता, सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आई थीं, जिसमें उनके संतुलित और प्रभावशाली अभिनय की खूब सराहना हुई।

# वाणी कपूर स्टारर मंडला मर्डर्स की रिलीज डेट से उठा पर्दा




यश राज फिल्म्स और नेटफ्लिक्स की सफल जोड़ी द रेलवे मेन की शानदार सफलता के बाद अब एक्शन थ्रिलर मंडला मर्डर्स आ रहा है। यह सीरीज 25 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। मंडला मर्डर्स की कहानी चरनदासपुर नामक एक रहस्यमयी कस्बे पर आधारित है, जो सैकड़ों साल पुरानी सीक्रेट सोसाइटी और वहां कई हत्याओं से जुड़ी कहानी है। इस सीरीज को यश राज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है और इसे मर्दानी फ्रेंचाइज के मशहूर गोपी पुथरन ने बनाया है। गोपी ने मनन रावत के साथ मिलकर इसका निर्देशन भी किया है। इस माइथोलॉजिकल क्राइम-थ्रिलर में वाणी कपूर लीड रोल में हैं, जबकि वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।



# सुलझ गया विवाद हेरा फेरी 3 में बाबू भैया बनकर लौट रहे परेश रावल

पिछले कुछ वक्त से हेरा फेरी 3 चर्चा में है। वजह हैं परेश रावल। अचानक खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म से किनारा कर लिया है। इसके बाद खबर आई कि अक्षय कुमार ने अभिनेता को कानूनी नोटिस भेजा है। मगर, अब सारे विवाद सुलझ गए हैं और बाबू भैया फिल्म में वापसी कर रहे हैं। फिल्म हेरा फेरी की तीसरी कड़ी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे है। मगर, अचानक जब खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म छोड़ दी है तो दर्शक मायूस हो गए। फिल्म हेरा फेरी 3 की रौनक आखिर राजू (अक्षय कुमार), श्याम (सुनील शेट्टी) और बाबू राव (परेश रावल) से है। एक भी एक्टर की अनुपस्थिति दर्शक नहीं चाहते। ऐसे में जब खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म छोड़ दी है तो दर्शक निराश हो गए। मगर, अब खुशखबरी ये है कि परेश रावल फिल्म में वापसी कर रहे हैं और यह पुष्टि खुद उन्होंने की है।

## दर्शकों के लिए जिम्मेदारी बनती है

परेश रावल का कहना है कि वे हेरा फेरी 3 में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने हिमांशु मेहता के पॉडकास्ट में यह खुलासा किया है। एक्टर ने बीते दिनों फिल्म को लेकर चली कंट्रोवर्सी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब सब रिजॉल्व हो गया है। शो में परेश रावल से जब फिल्म को लेकर विवाद के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, कोई विवाद नहीं है। जब कोई चीज इतने लोगों को भाती आती है, तब हमें अतिरिक्त रहना पड़ता है। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि दर्शकों के लिए। दर्शक बैठे हैं और वे आपको इतना प्यार करते हैं। आप चीजों को हल्के में नहीं ले सकते। मेहनत करके उन्हें देना चाहिए।

# इरफान खान से मिली तारीफ मेरे लिए किसी भी अवॉर्ड से ज्यादा मायने रखती थी



दिग्गज फिल्म निर्माता सुभाष घई ने दिवंगत अभिनेता इरफान खान को याद किया और उन्हें फिल्म इंडस्ट्री का अनमोल रत्न बताया। उन्होंने कहा कि वह फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक थे। उनकी तारीफ किसी भी अवॉर्ड से ज्यादा मायने रखती थी। सुभाष घई ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान खान के साथ एक फोटो शेयर की, जो किसी अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान खींची गई थी। तस्वीर में दोनों ब्लैक कलर के सूट और वाइट शर्ट में नजर आ रहे हैं। साथ ही एक-दूसरे से मुस्कुराते हुए मिल रहे हैं। सुभाष घई के हाथ में एक अवॉर्ड है, वहीं इरफान उन्हें प्यार से गले लगाते हुए दिख रहे हैं। कर्ज, राम लखन, और ताल जैसी मशहूर फिल्मों के लिए मशहूर सुभाष घई ने कहा कि फिल्मों में चमक-दमक से ज्यादा कहानी मायने रखती है। वह इरफान के काम और उनकी काबिलियत को बहुत अहमियत देते थे। उनकी तारीफ उनके लिए किसी भी पुरस्कार से ज्यादा खास थी। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा से दिखावटी सितारों की तुलना में अच्छे और महान अभिनेताओं की तारीफ करता रहा हूं। अच्छे अभिनेता कहानी को और बेहतर बनाते हैं, जबकि सितारे सिर्फ फिल्म को चमकाते हैं। मुझे इरफान खान से तारीफ मिलना किसी अवॉर्ड समारोह में पुरस्कार मिलने से ज्यादा खुशी देता था। इसलिए मैं इस तस्वीर को हमेशा संजोकर रखता हूं। हमें इरफान की बहुत याद आती है। सुभाष घई और इरफान खान ने साथ कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म राइट या रॉन्ग में इरफान ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म के निर्देशक सुभाष घई थे। इसके अलावा, सुभाष घई की फिल्म इकबाल में इरफान ने सहायक भूमिका निभाई थी। इरफान खान का निधन 29 अप्रैल 2020 को हुआ था। वह एक गंभीर बीमारी, जिसे न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर कहते हैं, से लंबे समय तक जूझ रहे थे। उन्हें इस बीमारी का पता साल 2018 में चला था। इरफान खान ने खुद अपने ट्विटर पोस्ट के जरिए बीमारी की जानकारी फैंस को दी थी।



# सलमान खान से लेकर तापसी पन्नू तक इन स्टार्स के पास हैं खुद की टीमें

**बॉलीवुड के कई स्टार्स ऐसे हैं जिन्हें एक्टिंग के अलावा स्पोर्ट्स का शौक है। कुछ लोग तो खुद खेल खेलते हैं और कुछ लोग खेल का कारोबार करते हैं। ऐसे में आज हम आपको उन स्टार्स के बारे में बता रहे हैं जो स्पोर्ट्स टीमों के मालिक हैं।**

## सलमान खान

सलमान खान ने साल 1988 में फिल्म बीवी हो तो ऐसी से बॉलीवुड में कदम रखा था। तब से अब तक उन्होंने बॉलीवुड में अपनी अदाकारी से कमाल दिखाया है। वह स्पोर्ट्स में भी दिलचस्पी रखते हैं। वह इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में दिल्ली फ्रेंचाईजी के मालिक हैं।

## शाहरुख खान



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने साल 1992 में फिल्म दीवाना से बॉलीवुड में कदम रखा। अब तक वह बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दे चुके हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक हैं।

## प्रीति जिंटा



बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में शामिल प्रीति जिंटा ने साल 1998 में फिल्म दिल से से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह इंडियन प्रीमियर लीग की टीम पंजाब किंग्स की सह-मालकिन हैं। वह अकसर मैदान पर अपनी टीम को चीयर करती नजर आती हैं।

## अभिषेक बच्चन



अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन ने बॉलीवुड में साल 2000 में फिल्म रिफ्यूजी से कदम रखा था। इसके बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी हैं। स्पोर्ट्स में भी उनकी रुचि है। वह प्रो कबड्डी लीग में जयपुर पिंक पैंथर्स के मालिक हैं।

## जॉन अब्राहम



जॉन अब्राहम खुद स्पोर्ट्स बहुत पसंद करते हैं। वह फुटबॉल और बास्केटबॉल पसंद करते हैं। उन्होंने 2003 में फिल्म जिस्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह इंडियन सुपर लीग की फुटबॉल टीम नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के मालिक हैं।

## अक्षय कुमार



अक्षय कुमार को बॉलीवुड में खिलाड़ी के नाम से जाना जाता है। वह क्रिकेट और मार्शल आर्ट (कराटे) खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने साल 1991 में फिल्म सौगंध से बॉलीवुड में कदम रखा। आज वह इंडस्ट्री के सबसे बड़े अभिनेताओं में शामिल हैं। वह प्रो कबड्डी लीग में बंगाल वॉरियर्स टीम के मालिक हैं।

## जूही चावला

जूही चावला को क्रिकेट पसंद है। जूही चावला ने साल 1986 में फिल्म सलतनत से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की सह-मालिकिन हैं।

## तापसी पन्नू



तापसी पन्नू भी स्पोर्ट्स से जुड़ी हुई हैं। उन्हें स्क्वैश और फुटबॉल खेलना पसंद है। उन्होंने साल 2013 में फिल्म चश्मे बद्दूर से बॉलीवुड में कदम रखा। वह प्रीमियर बैडमिंटन लीग में 7 एसेस टीम की मालिकिन हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पति स्कूटी चलाता बीवी लोगों की चेन झपट लेती, दिल्ली के बंटी-बबली तो गजब निकले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पति-पत्नी की जोड़ी चेन स्नैचिंग के लिए गिरफ्तार चोरी के स्कूटर से वारदात, सीसीटीवी से पकड़े गए। राहुल और उसकी पत्नी ने कई चेन छीनीं। पुलिस ने स्कूटर और चेन बरामद की। दोनों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड। राजधानी दिल्ली में सड़कों पर एक पति-पत्नी की जोड़ी ने चेन स्नैचिंग की ऐसी वारदातों को अंजाम दिया कि पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस के मुताबिक, पति चोरी के स्कूटर को चलाता था, जबकि उसकी पत्नी पीछे बैठकर राह चलते लोगों की सोने की चेन पर हाथ साफ करती थी। इनका तरीका इतना चालाक था कि पहले वाहन चुराते, फिर उसका इस्तेमाल चेन छीनने के लिए करते और बाद में उसे छोड़कर फरार हो जाते। 25 जून को रिंशित नगर में एक महिला के साथ हुई चेन स्नैचिंग की घटना ने इस मामले को उजागर किया। पीड़िता एक एरोबिक्स सेंटर की ओर जा रही थी, तभी एक स्कूटर पर सवार पुरुष और गुलाबी सूट में पीछे बैठी महिला ने उसकी सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया, जैसे ही स्कूटर पीड़िता के पास रुका, पीछे बैठी महिला ने तेजी से चेन खींची और दोनों भाग निकले। रानी बाग पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304 (छीनाझपटी) और 117 (जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की, जिसने इलाके के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में पता चला कि वारदात में इस्तेमाल स्कूटर उसी दिन निहाल विहार पुलिस स्टेशन में चोरी की शिकायत में दर्ज था। सीसीटीवी फुटेज और एक मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों को नांगलोई में ढूंढ निकाला। इनकी पहचान राहुल उर्फ मोता या करण और उसकी पत्नी के रूप में हुई, जो सुल्तानपुरी के रहने वाले थे। जब पुलिस उनके घर पहुंची, तो वे पहले ही फरार हो चुके थे। लेकिन, पुलिस ने हार नहीं मानी और हस्तसाल, उत्तम नगर में कई छापेमारी के बाद आखिरकार दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने चोरी का स्कूटर और छीनी गई सोने की चेन बरामद कर ली। 30 साल के राहुल का पहले से 10 आपराधिक मामलों का रिकॉर्ड है, जबकि उसकी पत्नी 5 मामलों में शामिल रही है। इनका तरीका था कि पहले वाहन चुराते, फिर उससे चेन स्नैचिंग करते और बाद में उसे छोड़ देते ताकि पकड़े न जाएं।

### दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, प्रियदर्शिनी मट्टू के हत्यारे की रिहाई वाले एसआरबी के आदेश को पलटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रियदर्शिनी मट्टू हत्याकांड के दोषी संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई की याचिका को खारिज करने वाले दिल्ली सरकार के सेंटेंस रिव्यू बोर्ड के फैसले को पलट दिया है। जस्टिस संजीव नरूला की बेंच ने कहा कि संतोष के व्यवहार में सुधार के कुछ संकेत दिखाई दिए हैं। कोर्ट ने एसआरबी को इस मामले पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया है। जस्टिस नरूला ने अपने फैसले में कहा, यह एक बड़ा फैसला है। मैंने कुछ दिशानिर्देश भी निर्धारित किए हैं। संतोष कुमार सिंह के मामले में, मुझे उनके व्यवहार में सुधार के कुछ लक्षण दिखे हैं। इसलिए, एसआरबी का फैसला रद्द करते हुए, मैं इसे दोबारा विचार के लिए भेज रहा हूं। कोर्ट ने इस प्रक्रिया के लिए स्पष्ट समयसीमा भी तय की है, जिसका पालन एसआरबी को करना होगा। 1996 के बहुचर्चित प्रियदर्शिनी मट्टू हत्याकांड में संतोष कुमार सिंह को दोषी ठहराया गया था। उनकी समयपूर्व रिहाई की याचिका को एसआरबी ने खारिज कर दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में अपील की थी। अब कोर्ट के इस फैसले ने मामले को नया मोड़ दे दिया है।

# दिल्ली में 12 नए रास्तों पर चलेंगी 'देवी' बसें, सफर में होगी सहूलियत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली ईवी इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत बीते सप्ताह सड़कों पर उतारी गई 'देवी' बसें 12 नए रूटों पर दौड़ेंगी। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने इन बसों के लिए रूट और फेयर स्टेज तय कर दिए हैं। इन बसों का संचालन शुरू होने से दिल्ली के 50 से ज्यादा इलाकों के लोगों को सहूलियत मिलेगी। उन्हें यात्रा के अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी मिल सकेगी। इन बसों के रूटों को इस तरह से बनाया गया है कि मेट्रो स्टेशन, कॉलेज और प्रमुख अस्पतालों व दफ्तरों तक यात्रियों की पहुंच आसान हो सके।




नरेला टर्मिनल से चलने वाली 10 रूटों की बसें अब नरेला ए-9 टर्मिनल से चलेंगी। डीटीसी के अधिकारी ने बताया कि रूट संख्या-103, 120, 131, 135, 193, 701, 708, 882 ए, 948 और एनसीआर रूट नरेला से बहादुरगढ़ तक चलने वाली बसें अब रोजाना नरेला ए-9 टर्मिनल से चलेंगी। तीन अन्य रूटों की बसें भी एक दिशा में इस टर्मिनल से होकर गुजरेंगी। देवी बसों का संचालन द्वारका सेक्टर-11 मेट्रो स्टेशन से द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन तक, मधुबन चौक से रोहिणी सेक्टर-22 के लखीराम पार्क, ढिचाऊं कला डिपो से पंडवाला कलां, द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन से पालम एक्सटेंशन, ढांसा स्टैंड मेट्रो स्टेशन से झाड़ौदा कलां बॉर्डर, कमरुद्दीन नगर से जीटीके बाईपास, कमरुद्दीन नगर से नजफगढ़ झाड़ौदा क्रॉसिंग, कमरुद्दीन नगर से राजधानी कॉलेज राजा गार्डन, कमरुद्दीन नगर से पंजाबी बाग टर्मिनल, कमरुद्दीन नगर से उत्तम नगर टर्मिनल तक चलाई जाएंगी। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीते शुक्रवार को 105 नई नारंगी रंग की 'देवी' (दिल्ली ईवी इंटर-कनेक्टर) इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई थी। साथ ही नरेला में नवनिर्मित सेक्टर ए9 डिपो का उद्घाटन किया था। नौ मीटर लंबी नई इलेक्ट्रिक बसों की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए गुप्ता ने कहा कि ये बसें एयर कंडीशनिंग, पैनिक बटन और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस हैं। उन्होंने कहा था हमारा लक्ष्य 100 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बनाना है, जो प्रदूषण कम करेगा। यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक, और ईको-फ्रेंडली यात्रा का अनुभव देगा।

# अरे गजब ! अब दिल्ली में मिलेगा नैनीताल का मजा, झील में कर पाएंगे बोटिंग; नजारे भी शानदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लगभग नौ साल के लंबे अंतराल के बाद, दिल्ली के ऐतिहासिक पुराना किला झील पर बोटिंग की शुरुआत सोमवार को फिर से हो गई। यह नया आकर्षण पर्यटकों को मुगलकालीन किले की खूबसूरती को झील के रास्ते से अलग-अलग एंगल से निहारने का मौका दे रहा है। अधिकारियों के अनुसार, यह सेवा अभी दो महीने के लिए ट्रायल के तौर पर शुरू की गई है और इसे औपचारिक रूप से 1 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक अधिकारी ने बताया कि बोटिंग एक्टिविटी के लिए सभ्यता फाउंडेशन के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रिसीकेस इंफ्रा की दिल्ली ब्रांच के मालिक ऋषिकेश चौधरी, जो इस प्रोजेक्ट को सभ्यता फाउंडेशन के लिए संचालित कर रहे हैं, ने कहा, हम अभी दो महीने का कमर्शियल ट्रायल कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटकों से फीडबैक लेना है। जल्द ही हम एक फीडबैक फॉर्म भी शुरू करेंगे। पुराना किला झील पर बोटिंग हमेशा से पर्यटकों के बीच लोकप्रिय रहा है। कई हिंदी फिल्मों में भी इस खूबसूरत झील को दिखाया गया है। यह झील कभी पुराना किला को घेरने वाली खाई का हिस्सा थी, जिसमें यमुना नदी से पानी आता था। 1991 में दिल्ली पर्यटन विभाग ने इसे एक मनोरंजक गतिविधि के रूप में शुरू किया था। 2007 में झील का प्रबंधन एएसआई को सौंप दिया गया, और पर्यटन विभाग के साथ राजस्व साझा करने का समझौता हुआ। हालांकि, 2016 में झील सूख गई थी, जिसके बाद बोटिंग बंद हो गई। अब झील को बहाल करने के बाद यह गतिविधि फिर से शुरू की गई है। ट्रायल के पहले दिन, 73 पर्यटकों ने 20 मिनट की बोटिंग सैर का लुत्फ उठाया। ज्यादातर पर्यटक किला और चिड़ियाघर देखने आए थे और उन्हें अचानक इस नए अनुभव का मौका मिला। सेवा सुबह से शाम तक सभी दिन उपलब्ध रहेगी।



फिलहाल दो-सीटर और चार-सीटर पेडल बोट्स उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 250 और 500 रुपये है। जल्द ही बड़े समूहों के लिए कर्मचारी द्वारा संचालित मोटर चालित नावें भी शुरू की जाएंगी।

# साइको किलर संदीप लोहार ने ट्रक ड्राइवर की हत्या कर सड़क में दबा दी थी लाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हाईवे के हैवान संदीप लोहार को साइको किलर के नाम से भी जाना जाता था। उसने हरियाणा में लूट के बाद एक ट्रक चालक की हत्या कर शव को निर्माणाधीन सड़क में दफना दिया था। इसी दौरान बारिश हो गई और मिट्टी बह जाने से लाश के हाथ बाहर निकल आए। इसके बाद पुलिस संदीप तक पहुंची। एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्रा ने खुलासा किया कि वर्ष 2016-17 में संदीप को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ हिसार में एक ढाबे पर आरोपी ने माल से भरा ट्रक लूटा लिया था और चालक की हत्या कर दी थी। ढाबे के पास एक सड़क का निर्माण हो रहा था, जिस पर मिट्टी डालने का काम चल रहा था। संदीप ने ट्रक चालक की हत्या के बाद उसकी लाश को इसी सड़क पर मिट्टी के नीचे दबा दिया था। हत्या के पांच दिन



बाद बारिश हो गई और सड़क की मिट्टी बह गई। इसके चलते लाश के हाथ मिट्टी से बाहर आ गए और मजदूरों ने यह देख पुलिस को सूचना दी। लाश को निकाला गया और मृतक की शिनाख्त ट्रक चालक के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने संदीप और उसके गिरोह को चिह्नित कर गिरफ्तारी की। संदीप और उसके साथियों ने 16 मार्च 2025 को कानपुर में एक कंटेनर लूटा था, जिसमें करीब चार करोड़ की 23.80 टन निकिल प्लेट भरी थी। कानपुर के पनकी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। कानपुर पुलिस ने संदीप और उसके भाई रमेश और मंजीत को चिह्नित किया। रमेश को गिरफ्तार किया, जो जेल में है। संदीप और मंजीत पर एक-एक लाख का इनाम घोषित किया गया, जिसके बाद एसटीएफ नोएडा यूनिट ने रविवार रात को संदीप को बागपत में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। संदीप का दूसरा भाई मंजीत अभी फरार है और उस पर भी एक लाख का इनाम घोषित है। मंजीत की तलाश में एसटीएफ की कई टीम लगी हैं।

आरपीएफ में सीओ ओपी रावत ने बताया कि रोहतक से हांसी के लिए 900 करोड़ से बनाई जा रही निर्माणाधीन रेलवे लाइन पर भी संदीप के गिरोह ने घटना की थी। 12 जनवरी 2023 को आरोपी ने इस लाइन से करीब पांच करोड़ की पटरियां चोरी की थी। इसके बाद आरपीएफ ने आरोपी को दबोच लिया और संदीप के सभी भाइयों और पिता को भी आरोपी बनाकर जेल भेजा था। वर्तमान में संदीप इस मामले में जमानत पर था।

एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि संदीप के गिरोह में करीब 10-12 सदस्य हैं। इनमें से ज्यादातर परिवार के ही हैं। संदीप पर कुल 21 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 11 मई 2013 को हरियाणा के सदर हिसार में ट्रक चालक जमशेद की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी थी। अपने साथी मुन्ना की भी विवाद में गंडासे से काटकर हत्या कर लाश को इसी नहर में फेंक दिया था। वर्ष 2014 में हांसी सदर रोहतक में ट्रक चालक दिलबाग की हत्या की लाश को खेत में फेंक दिया था।

# तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून बनाने पर विवाद

**अंकारा, एजेंसी।**
तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी क्क के मुताबिक, लेमन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया।

गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कल लिया है। इसके अलावा लेमन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है।

तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं। ये काम लोगों को भड़काने वाले हैं, और जो ऐसा करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कानून



के सामने जवाब देना होगा। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें कार्टूनिस्ट को हथकड़ी लगाकर सीढ़ियों पर ले जाया जा रहा है।

लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी

तुर्किये में धर्मनिरपेक्ष कानून लागू है, लेकिन वहां पर किसी के धार्मिक मूल्यों का सार्वजनिक रूप से अपमान करने पर एक साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि विवाद बढ़ने पर लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की और कहा कि कार्टून का मकसद इस्लाम का अपमान करना नहीं था। लेमैन मैगजीन ने दावा किया कि कार्टून का उद्देश्य इजराइली हमलों में मारे गए मुस्लिमों के दर्द को दिखाना था, न कि पैगंबर का मजाक उड़ाना। उन्होंने कहा कि 'मुहम्मद' नाम का इस्तेमाल इसलिए किया गया क्योंकि यह दुनिया भर में मुसलमानों में सबसे आम नाम है, और कार्टून में पैगंबर को चित्रित नहीं किया गया है। लेमैन मैगजीन ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर कार्टून का गलत मतलब निकालकर इसे विवादित बना रहे हैं।

यह घटना लोगों को 2015 में पेरिस में हुए चार्ली हेब्दो हमले की याद दिला रही है, जब पैगंबर मुहम्मद के कार्टून को लेकर फ्रांस की चर्चित कार्टून मैगजीन के ऑफिस पर हमला हुआ था।

# इजरायली प्रधानमंत्री 7 जुलाई को जाएंगे अमेरिका, गाजा में सीजफायर को लेकर हो सकती है बात

**यरुशलम , एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने द इजरायल टाइम्स से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा संघर्ष को समाप्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की प्राथमिकता है। लेविट ने कहा, इस युद्ध के दौरान इजरायल और गाजा, दोनों से जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। राष्ट्रपति इसे खत्म होते देखना चाहते हैं। वह लोगों की जान बचाना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संघर्ष को खत्म करने पर नए सिरे से फोकस करने का संकेत देते हुए शुक्रवार को पत्रकारों से गाजा में अगले हफ्ते तक युद्धविराम की संभावना जताई थी।

नेतन्याहू की अमेरिकी यात्रा ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी



पर अमेरिकी हमले के बाद हो रही है। उस समय ट्रंप ने इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था। स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमर फिलहाल अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन में हैं। नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता के संबंध में दूसरी बैठक के लिए सोमवार शाम को अपने शीर्ष सहयोगियों और मंत्रियों को बुलाया है। इसमें शामिल मंत्रियों में से एक के कार्यालय ने बताया है कि ग्रुप एक रात पहले हुए टकराव के बाद भी गाजा में युद्ध के भविष्य पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है।

## ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को खत्म करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा कि ट्रंप ने देश की स्थिरता और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए सीरिया प्रतिबंध कार्यक्रम खत्म करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, यह आदेश सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाता है, जबकि बशर अल-असद पर प्रतिबंधों को बनाए रखता है। यह आदेश कुछ वस्तुओं पर एक्सपोर्ट कंट्रोल में रियायत देने और सीरिया को दी जाने वाली कुछ विदेशी सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की अनुमति देता है। इस आदेश के तहत, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को संयुक्त राष्ट्र में सीरिया में स्थिरता का समर्थन करने के लिए प्रतिबंधों में राहत के रास्ते तलाशने का निर्देश दिया गया है। सीरिया को दिसंबर 1979 से अमेरिका ने आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला स्टेट घोषित किया था। मई 2004 में कार्यकारी आदेश 13338 जारी कर अतिरिक्त प्रतिबंध और पाबंदियां लगाई गईं, जबकि मई 2011 में अमेरिकी सरकार ने सीरियाई अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए और कड़े प्रतिबंध लगाए। 13 मई को सऊदी अरब के रियाद में एक इन्वेस्टमेंट फोरम पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह सीरिया पर प्रतिबंध हटाने की योजना बना रहे हैं।

# हिंदू युवती से दुष्कर्म मामले में बांग्लादेश में तेज विरोध, हिंदू संगठनों और मानवाधिकार संगठनों ने उग्र प्रदर्शन किया

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश के कुमिल्ला के मुरादनगर में 26 जून 2025 को 21 वर्षीय हिंदू युवती के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर देशभर में प्रदर्शन और सियासत तेज हो गई है। एक ओर जहां हिंदू संगठनों और मानवाधिकार संगठनों ने देशभर के कई शहरों में उग्र प्रदर्शन किया। उधर, राजनीतिक दलों में इस घटना पर विवाद छिड़ गया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने आरोपी फजोर अली को एक-दूसरे का नेता बताकर आरोप लगाए। जमात-ए-इस्लामी ने भी इस मामले में बीएनपी को निशाना बनाया।

पहले बांग्लादेश पुलिस और यूनुस समर्थकों ने इस मामले को एक्सट्रामैरिटल अफेयर बताने की कोशिश की। वहीं, कुमिल्ला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एकेएम कमरुज्जमां ने जांच में इसे क्रूर यातना का मामला बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित सरल स्वभाव की है और एक्सट्रामैरिटल अफेयर का कोई सबूत नहीं मिला। इसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय में गुस्सा फैल गया। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रात में विरोध मार्च निकाला। सात जिलों में हिंदू समुदाय ने मानव श्रृंखला बनाकर न्याय की मांग की।

हाईकोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जस्टिस फहमिदा कादर और जस्टिस सैयद जाहिद मंसूर की बेंच ने रविवार को एक रिट याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह निर्देश जारी किया। कोर्ट ने सभी



सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पीड़ित के वीडियो और तस्वीरें 24 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया। पीड़ित को चिकित्सा और सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। ढाका यूनिवर्सिटी में जगन्नाथ हॉल के छात्रों ने प्रदर्शन किया। साथ ही कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों की मांग हैं...दुष्कर्म के मुख्य आरोपी फजोर अली और उसके साथियों को तुरंत सजा मिले और बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के केस चलाया जाए। यह घटना बीएनपीके लिए राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गई है, क्योंकि मुख्य आरोपी फजोर अली को पार्टी का नेता बताया गया है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

# परस्पर संवाद, परस्पर सहयोग एवं संपर्क से हर समस्या का होगा समाधान: उपायुक्त

**जिला प्रशासन एवं बीएसएल प्रबंधन के बीच उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय**






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को बोकारो निवास स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला प्रशासन और बीएसएल (बोकारो स्टील प्लांट) प्रबंधन के बीच एक उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बी.के. तिवारी, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ंडा समेत अन्य पदाधिकारीगण, बीएसएल के वरीय अधिकारी, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उपायुक्त ने कहा कि बोकारो जिला राज्य व देश के मानचित्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आने वाले दिनों में बीएसएल का विस्तारीकरण भी किया जाना है। हाल ही में, मुख्य सचिव महोदया का भी बोकारो में दौरा हुआ है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में बोकारो का विकास शामिल है। इस क्रम में जो बाधाएं हैं, उसे जिला प्रशासन दूर करेगा। उन्होंने कहा कि परस्पर संवाद, परस्पर सहयोग एवं संपर्क से हर समस्या का समाधान हो सकता है। उपायुक्त ने सभी तरह की समस्याओं के निदान के लिए प्रत्येक दो माह में एक बार समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने एवं एक सब कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया। जिसमें जिला प्रशासन के पदाधिकारी-बीएसएल के पदाधिकारी आदि शामिल रहेंगे और सभी तरह की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उसके समाधान के दिशा में काम करेंगे। यह सब कमेटी माह में दो बार बैठक करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन झ बीएसएल मिलकर बोकारो के लिए बेस्ट करेंगे, सभी अपना 200 प्रतिशत देंगे। वहीं, बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बी के तिवारी ने भी उपायुक्त के इस पहल की सराहना किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एवं बेहतर समाज का निर्माण बोकारो स्टील प्रबंधनके प्राथमिकताओं में शामिल है। विश्व के हर क्षेत्र में बोकारो के युवा- लोग हैं, जो अपनी रचनात्मक कार्यों से समाज का निर्माण कर रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। समय के साथ कुछ चुनौतियां सामने आती हैं, संवाद की कमी के कारण वह बड़ी समस्या बन जाती है। लेकिन, उपायुक्त के पहल एवं पक्के इरादे एवं साफ दृष्टिकोण से हम सभी चुनौतियों को दूर करेंगे।

**स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, रोजगार सृजन पर विशेष बल**

15 मई 2025 को हुई बैठक में बीएसएल द्वारा अप्रेंटिस अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 50 अप्रेंटिस के नियोजन में अब तक कार्रवाई की जानकारी ली गई। बीएसएल के एचआर महाप्रबंधक ने बताया कि अब तक 100 अभ्यर्थियों के नियोजन के लिए चयनित कर अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है। लगभग 50 अन्य अभ्यर्थियों के नियोजन की कार्रवाई अंतिम चरण पर हैं। लेकिन, अब तक मात्र 07 अभ्यर्थियों ने ही योगदान दिया है। इस पर उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों की सूची अविलंब जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा। चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला नियोजनालय के सूचना पट्ट, डीपीएलआर कार्यालय के सूचना पट्टा एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाशित की जाएगी। साथ ही, जिला नियोजनालय द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को 02 सप्ताह में योगदान के लिए तीन बार काल कराया जाएगा। अगर बार - बार सूचना के बाद भी कोई अभ्यर्थी योगदान नहीं करता है, तो प्रतीक्षा सूची में शामिल प्रशिक्षित अन्य अभ्यर्थी को अवसर दिया जाएगा। उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया कि नियोजन में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए ताकि उन्हें क्षेत्रीय औद्योगिक विकास से प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस क्रम में बीएसएल ने बताया कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त अप्रेंटिस अभ्यर्थियों को एन.एस.ई पोर्टल में अपलोड किया गया है, ऐसे में बिना अनुमति के किसी दूसरे का गेट पास निर्गत नहीं हो सकता है।

**विस्थापित गांवों को 'मॉडल रेसिडेंस' के रूप में करें विकसित**

जिले के 20 विस्थापित ग्रामीण क्षेत्रों- जैसे वैद्यामारा, कुंदौरी, महेशपुर, शिबूतरि आदि को 'मॉडल रेसिडेंस' के रूप में विकसित करें। वहां पंचायत में प्राप्त होने वाली सुविधाओं के साथ अतिरिक्त सुविधाएं भी लोगों को प्राप्त हो। इन गांवों में सड़क, जल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य सरकारी योजनाएं पूर्ण रूप से लागू होंगी। यह समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जाएगा।

**क्वार्टरों की मरम्मत एवं आवंटन के लिए करें एमओयू**

बीएसएल द्वारा राज्य कर्मियों को आवंटित कई स्टाफ क्वार्टर जर्जर अवस्था में हैं। उनकी मरम्मत, पुनर्निर्माण और पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु बीएसएल और जिला प्रशासन के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) करने की बात कहीं।

**मानक अनुरूप कांजी हाउस का निर्माण शुरू करें**

बैठक में बोकारो में सरकार के तय मानक के अनुरूप अगले तीन माह में कांजी हाउस का निर्माण कार्य शुरू करने का उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया। वहीं, बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया कि आंतरिक कर्मियों तथा आस -पास के प्रभावित परिवारों के साथ नियमित संवाद स्थापित करते हुए उनके समस्याओं पर चर्चा कर समाधान करें।

**गरगा डैम के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास की दिशा करें पहल**

बैठक में गरगा डैम की संरचना को सुदृढ़ करने एवं पर्यावरणीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करने को बीएसएल प्रबंधन को कहा। उपायुक्त ने ईको हट निर्माण करने, वाटर एडवेंचर्स एक्टिविट की व्यवस्था करने, शार्ट टर्म झ लांग टर्म प्लान तैयार करने आदि पर चर्चा की। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा तेनुघाट डैम का विकास किया जा रहा है, उसी के तर्ज पर गरगा डैम का भी विकास करने का निर्देश दिया। इसमें बीएसएल झ जिला प्रशासन का संयुक्त पहल होगा। इसके अलावा डैम परिसर की सड़क, लाइटिंग, सीसीटीवी, नियमित पुलिस पेट्रोलिंग आदि करने को संबंधित को कहा।

**इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा, दिया जरूरी दिशा- निर्देश**

नया मोड़ बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण, रोशनी, डिजिटल सूचना बोर्ड, आगमन/प्रस्थान लेन, छायादार संरचना आदि हेतु बीएसएल प्रबंधन को कार्य करने को कहा। बोकारो हवाई अड्डे के विस्तारीकरण हेतु सड़क, पानी, विद्युत, वाच टावर एवं अन्य संरचना विकास के लिए बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया। शहर भर में निःशुल्क वाई-फाई सुविधा बहाल करने के लिए अन्य शहरों में शुरू व्यवस्था का सर्वे कर कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके अलावा बीएसएल के कई अन्य मुद्दों झ समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। जिस पर क्रमवार चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

**बोकारो को शिक्षा, खेल और संस्कृति को नई ऊंचाई देना लक्ष्य**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिले में शिक्षा, खेल और संस्कृति को एक समग्र, समावेशी और डिजिटल स्वरूप प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन एवं बीएसएल को संयुक्त पहल करना है। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक, सशक्त और रचनात्मक बनाने के लिए इन क्षेत्रों में ठोस कदम उठाना जरूरी है।

**ई-लाइब्रेरी से छात्र जुड़ेंगे वैश्विक ज्ञान से**

उपायुक्त ने जिले में एक आधुनिक, कंप्यूटर युक्त डिजिटल पुस्तकालय (ई-लाइब्रेरी) की स्थापना करने की बात कहीं। जिसमें छात्र विश्व के प्रतिष्ठित पुस्तकालयों और शैक्षणिक पोर्टलों से सीधे जुड़ सकेंगे। लाइब्रेरी में हिंदी साहित्य, झारखंडी लोक साहित्य, अंग्रेजी और अन्य अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के पुस्तक संग्रह रहेंगे। यह पुस्तकालय युवाओं के लिए एक शोध, अध्ययन और संवाद का केंद्र होगा। वाई-फाई, डिजिटल नोट्स, ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, वर्चुअल सेमिनार आदि की व्यवस्था हो।

**खेलों को संस्थागत रूप, स्पोर्ट्स कैलेंडर तैयार करें**

खेलों को संगठित रूप से प्रोत्साहित करने के लिए उपायुक्त ने जिला स्तरीय खेल समिति का गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक वर्ष के लिए स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी होगा, जिसमें फुटबॉल, ताइक्वांडो, आर्चरी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स जैसे खेल प्रतियोगिता शामिल होंगे। स्कूल, कॉलेज और पंचायत स्तर पर प्रतियोगिताएं कराकर खेल प्रतिभाओं की पहचान और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की बात कहीं। वहीं, बदलते समय में विलुप्त हो रहे भारतीय पारंपरिक खेलों जैसे गिल्ली-डंडा, पिट्ठू, बांटी, रस्साकशी, कबड्डी, खो-खो आदि को फिर से जनप्रिय बनाने हेतु विशेष प्रतियोगिता आयोजित करने को कहा। इन खेलों को पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर कराई जाएं। इसका उद्देश्य बच्चों को सामूहिक खेल संस्कृति से जोड़ना है।

**पुस्तक मेला और साहित्यिक कार्यक्रमों का करें आयोजन**

उपायुक्त ने बोकारो में एक भव्य पुस्तक मेला का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें प्रमुख राष्ट्रीय व स्थानीय प्रकाशन संस्थान भाग लेंगे। पुस्तक मेले में हिंदी, झारखंडी, अंग्रेजी, बच्चों की पुस्तकें, प्रतियोगी साहित्य, विदेशी लेखकों की कृतियाँ उपलब्ध होंगी। इस दौरान कवि सम्मेलन, लेखक संवाद, कहानी पाठ, बाल साहित्य मंच, साहित्यिक वर्कशॉप, बुक लॉन्च आदि आयोजनों की योजना बनाएं। इससे छात्रों और आमजनों में पठन संस्कृति और भाषा प्रेम को बढ़ावा मिलेगा।

**फिल्म फेस्टिवल और थिएटर का करें आयोजन**

जिले में युवा फिल्म निमार्ताओं और थेयटर कलाकारों को मंच देने हेतु फिल्म फेस्टिवल और थिएटर का आयोजन करने को कहा। जिसमें थीम आधारित लघु फिल्में, वृत्तचित्र और समाजिक विषयों पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह गतिविधियाँ रचनात्मकता और सामाजिक संवाद को बढ़ावा देंगी। वहीं, बीएसएल प्रबंधन को प्रमुख पार्कों में ओपन कांफ्रेंस हॉल और थिएटर निर्माण की योजना पर कार्य करने को कहा। ऐसे स्थल छात्रों, कलाकारों और आम नागरिकों को अपनी बात कहने, प्रस्तुति देने और संवाद में भाग लेने का अवसर देंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बोकारो को शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में राज्य का आदर्श मॉडल बनाया जाए। जब बच्चे पढ़ेंगे, खेलेंगे और समझदारी से संवाद करेंगे, तभी समाज समृद्ध होगा। यह पहल केवल योजनाएं नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की नींव है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने महिलाओं दी सिलाई मशीन



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के सीएसआर उपक्रम के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। परियोजना प्रभावित ग्राम रहम में 18 महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। यह पहल राहुल कुमार (कार्यपालक, भूमि अधिग्रहण / पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन / सीएसआर) द्वारा संचालित की गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सिलाई मशीनें प्राप्त करने वाली महिलाओं को सिलाई कार्य में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकें। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास और महिला सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। यह पहल महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करेगी और स्थानीय स्तर पर छोटे उद्यमों को बढ़ावा देगी।

### भाजपा ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला, मांगा इस्तीफा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हूल दिवस के दिन साहिबगंज के भोगनाडीह में हुए लाठीचार्ज और शाहिद सिद्धू कान्हू सहित अन्य शहीदों के वंशज के साथ किए गए कथित बर्बरता के खिलाफ भाजपा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया है। बोकारो भाजपा की ओर से बालीडीह मंडल में हेमंत सोरेन का पुतला फूंक कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान हेमंत सोरेन का इस्तीफा मांगा गया। भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी है। शहीदों के वंशज को पूजा करने से रोका जाता है, उन पर जुल्म किया जा रहा है ।हम लोग पुतला दहन के माध्यम से हेमंत सोरेन का इस्तीफा मांग रहे हैं। बोकारो के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी है अभी भी हेमंत सोरेन को सोचना चाहिए। क्योंकि आदिवासी पूरी तरह से आक्रोशित एवं उद्वेलित है ।अगर आदिवासियों ने डुगडुगी बजा दिया तो हेमंत सोरेन दो कोड़ी का भी आदमी नहीं रह जाएंगे।

### श्री श्री शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली सी ब्लॉक स्थित श्री श्री शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर कमिटी द्वारा पूजन,हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के अध्यक्ष दिलीप सिंह को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। दिलीप सिंह में शीतला माता से सभी की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के संस्थापिका बेला देवी ने मुख्य यजमान के रूप में पूजन संपन्न कराया।कार्यक्रम में नवसंकल्प मंच के अध्यक्ष पंकज सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष राणा दत्ता,संयोजक संतोष सिंह,कोषाध्यक्ष मानस रंजन पाल,उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह,भाजपा के कुणाल रंजन सिंह,राजा तिवारी, शशि सिंह,तरुण चंद्र राय के अलावे अन्य महिला पुरुष उपस्थित हुए।

### मुस्कान हॉस्पिटल में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया गया



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपनगर चास के मुस्कान हॉस्पिटल के सभागार में भारत रत्न डॉक्टर विधान चंद्र राय की जयंती राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के रूप में मनाई गई । समारोह की शुरूआत मुस्कान हॉस्पिटल के वरीय स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उषा सिंह ने केक काट कर की। साथ ही डॉ इरफान अंसारी, डॉ शाहनवाज अनवर, डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव डॉ एस सी मुंशी आदि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अस्पताल के तकरीबन सभी चिकित्सक परिचायिकाएं एवं अधिशासी उपस्थित थे। नर्सिंग इंचार्ज उत्तम खवास उप चिकित्सा अधीक्षक वंदना सहायक संचालक प्रबंधक रचना सिंह वरिष्ठ लेखाकार संजीव कुमार आदि भी उपस्थित थे।

### शादी की 50 वीं वर्षगांठ पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र से सेवा निवृत मजदूर नेता शैलेश कुमार वर्मा ने आज अपनी शादी की 50 वीं वर्षगांठ पर अनुकरणीय पहल की है। इस विशेष दिन को और भी यादगार बनाने के लिए श्री वर्मा ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शशि प्रभा संग मिलकर अपने सेक्टर 4 जी स्थित आवासीय परिसर में फलदार वृक्ष लगाए। उन्होंने समारोह सा माहौल में वृक्षारोपण किया, जिसमें श्री वर्मा के समस्त परिजनों ने शिरकत की। इस विशेष अवसर पर श्री वर्मा ने खासकर परिवार के बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण की रक्षा के लिए किसी भी विशेष अवसर पर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात सहित दुनिया के हर मंच से प्रकृति के संरक्षण का आह्वान करते हैं। आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके इसके लिए आज प्रयास नहीं किया गया तो कल शायद देर हो जाए।

# रोटरी क्लब बोकारो स्टील सिटी ने सेवा कार्यों से की रोटरी वर्ष की शुरूआत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रोटरी वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह एवं समाज सेवा के प्रभावशाली कार्यक्रमों के साथ की। रोटेरियन हरदीप सिंह ने क्लब के अध्यक्ष, रोटेरियन प्रदीप रे ने उपाध्यक्ष, रोटेरियन घनश्याम दास ने सचिव, और रोटेरियन डॉ. राजदीप ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के पश्चात, क्लब द्वारा तीन प्रमुख समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें रक्तदान, वृक्षारोपण तथा डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टरों का सम्मान शामिल रहा। रोटेरियन सदस्यों एवं उनके परिवारजनों की सक्रिय सहभागिता ने दिन को एक सार्थक शुरूआत बना दिया। रोटेरियन सदस्यों और उनके परिजनों द्वारा कुल 10 यूनिट रक्त का दान किया गया। सचिव रोटेरियन घनश्याम दास ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल किसी की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि यह दाताओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जीजीपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में किया गया। कुल 50 फलदार पौधे लगाए गए, जिससे पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप शिंदे, वन प्रमंडल पदाधिकारी बोकारो रहे। उनका स्वागत कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार द्वारा किया गया। दोनों अतिथियों ने पर्यावरण संतुलन और वृक्षों की आवश्यकता पर विचार साझा किए। रोटेरियन घनश्याम दास ने भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

**डॉक्टर्स डे - डॉक्टर सम्मान समारोह**

डॉक्टर्स डे के अवसर पर 25 चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन संध्या राज ने कहा, "डॉक्टर हमारे लिए धरती पर ईश्वर समान हैं, जैसे ब्रह्मांड में ईश्वर होते हैं।"कोषाध्यक्ष डॉ. राजदीप ने कहा कि जीवन रक्षक कार्य करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करना मानवता की सच्ची सेवा है।

# सेल की 'एआई-यू प्रतियोगिता' में बीएसएल के चार कर्मियों को मिला सम्मान








**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल द्वारा अपने कर्मचारियों में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मार्च से अप्रैल 2025 के बीच 'एआई-यू' नामक एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इस प्रतियोगिता में बोकारो स्टील प्लांट के चार कर्मचारियों ने तकनीकी नवाचार, रचनात्मक सोच और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान प्रस्तुत कर सफलता अर्जित की. प्रतियोगिता में चयनित विजेताओं को सम्मानित करने हेतु 1 जुलाई को निदेशक प्रभारी कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक(माइंस) विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अनीमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा, तथा महाप्रबंधक (जनसंपर्क एवं सीओसी) मणिकांत धान सहित कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए नवाचार, समर्पण और डिजिटल परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं योगदान की सराहना की. उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न इकाइयों से उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन दो श्रेणियों में किया गया. श्रेणी- 1 के अंतर्गत विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं सेल अध्यक्ष की ओर से निर्गत प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि श्रेणी- 2 में सेल अध्यक्ष की ओर से निर्गत प्रशंसा प्रमाणपत्र के माध्यम से विजेताओं को सम्मानित किया गया. बोकारो स्टील प्लांट से श्रेणी- 1 में श्री परिचय भट्टाचार्य, वरीय प्रबंधक तथा श्री उदय भान सिंह राठौर, सहायक महाप्रबंधक को नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया. वहीं श्रेणी -2 के तहत श्री अभिनव शंकर, वरीय प्रबंधक और भवानी हांसदा, इंजीनियरिंग सहयोगी को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया.

**बीएसएल के रोल ग्राइंडिंग एंड बेयरिंग शॉप में दो नए**

सीएनसी रोल ग्राइंडिंग मशीन के परिचालन का शुभारम्भ 01 जुलाई को बोकारो इस्पात संयंत्र के रोल ग्राइंडिंग एंड बेयरिंग शॉप के अंतर्गत सीआरएम ।&।। विभाग में दो नए सीएनसी रोल ग्राइंडिंग मशीन के परिचालन का शुभारम्भ बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में किया गया. इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चितरंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी के अलावा अन्य विभागों के मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत में आरजीबीएस विभाग के मुख्य महाप्रबंधक श्री के के पाण्डेय ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए सीएनसी मशीन की स्थापना में समर्पित भाव से योगदान देने वाले विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा मेसर्स थर्मोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, का आभार जताया. उन्होंने बताया कि मेसर्स टेनोवा-पोमिनी कंपनी के सीएनसी रोल ग्राइंडिंग मशीन को बीएसएल के परियोजना डिवीजन द्वारा लगाया गया है तथा इसकी मदद से उत्पादित रोल की गुणवत्ता तथा परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा जिसका कोल्ड रोलिंग मिल के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में विभाग की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने इस कार्य को बीएसएल की उत्पादन क्षमता के साथ कंपनी को नई ऊंचाई तक ले जाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया, साथ ही आरजीबीएस विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी तथा ठेका श्रमिकों को इसी प्रकार समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया.

**बीजीएच में रक्तदान शिविर का आयोजन**

01 जुलाई को इंटरनेशनल डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी डॉ विभूति करुणामय ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनन्द कुमार की उपस्थिति में किया. डॉ करुणामय ने इस मौके पर कहा कि यह अत्यन्त सराहनीय कार्य है और लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए ताकि बोकारो जनरल अस्पताल में आकस्मिक मरीज की रक्त चढ़ाकर जान बचाई जा सके. मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ इन्द्रनील चौधरी के साथ अन्य चिकित्सकों ने इंटरनेशनल डॉक्टर्स डे के दिन रक्तदान किया तथा रक्तदान शिविर में कुल 23 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. रक्तदान शिविर को सफल बनाने में बोकारो जेनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के प्रभारी डॉ सुरेन्द्र कुमार, एवं डॉ गजेन्द्र कुमार, डॉ गौरव विशाल डॉ संदिप कुमार, डॉ बर्षा कुमारी, काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार), नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का, विनिता, लैब तकनीशियन अंकिता, मनीष, बी मुखर्जी, विभूतिका एंव कौशल का अंहम योगदान रहा.

# बोकारो में हमारा गांव, हमारे लोग अभियान की होगी शुरूआत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद सुनिश्चित करने हेतु 'हमारा गांव, हमारे लोग' अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान के तहत सभी वरीय पदाधिकारी प्रतिमाह गांवों का दौरा करेंगे, योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगे तथा आमजनता से सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान करेंगे। उपायुक्त अजय नाथ झा ने मंगलवार को इस संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गांवों में योजनाओं की जमीनी सच्चाई को समझे बिना गुड गवर्नेंस संभव नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि सभी वरीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों को प्रतिमाह निर्धारित गांवों में जाकर विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वह संबंधित क्षेत्र के स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का जायजा लेंगे, छात्रों की उपस्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, साफ-सफाई की स्थिति जैसी बुनियादी सेवाओं का मूल्यांकन करेंगे एवं निरीक्षण प्रतिवेदन जिला को समर्पित करेंगे।

**मनरेगा के 10 योजनाओं का अनिवार्य निरीक्षण**

उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को कहा कि वह निरीक्षण क्षेत्र में मनरेगा के अंतर्गत संचालित कम-से-कम 10 योजनाओं का प्रतिमाह अनिवार्य निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कार्य स्थल पर मजदूरों की उपस्थिति, मस्टर रोल की सत्यता, भुगतान में पारदर्शिता, कार्य की गुणवत्ता आदि बिंदुओं की समीक्षा करेंगे।

# रेल का किराया बढ़ोत्तरी वापस लेने की मांग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि 11 वर्षो में मोदी सरकार रेल में यात्री सुविधा नहीं बढ़ी, सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया। आज भी जो रेल से चलने वाली जनता है उनको चार-चार पांच-पांच दिन इंतजार करना पड़ता है। तब टिकट मिलता है। यूपीए सरकार के समय सीनियर सिटीजन को किराया में 40 से 50% किराए में कटौती कर टिकट मिलता था। मोदी सरकार उसे भी बंद कर दिया और आज फिर जनता की पॉकेट पर कैंची चली है देश की जनता इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी श्री सिंह ने मांग की है कि किराया बढ़ोतरी को अविलंब वापस लिया जाए साथी तुगलकी फरमान को भी वापस ले ली जाए और सीनियर सिटीजन को जो कंसेशन मिलता था ।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चास ने किया डॉक्टरों को सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चास द्वारा सदर अस्पताल में चिकित्सकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया।सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने केक काटकर चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि समाज में चिकित्सकों का बहुमूल्य योगदान है। डिंपल ने कहा कि जिस तरह सीमा पर सैनिक हमारी रक्षा में लगे रहते हैं इसी तरह चिकित्सक भी समाज मे मानव सेवा में लगे रहते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा की चिकित्सक जीवन दाता का रूप है पर वर्तमान में चिकित्सक बेहद कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। सिविल सर्जन ने चिकित्सकों को सम्मानित करने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि इससे कार्य क्षमता बढ़ती है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं काफी बढ़ गई है और समाज को इस पर चिंतन करना चाहिए। क्लब की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। रोटरी सहायक मंडलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाने के लिए समाज को उन्हें प्रोत्साहित करना ही चाहिए। इस अवसर पर डॉ भूषण प्रसाद, डॉ अरविंद कुमार, डॉ पंकज भूषण, डॉ अनिकेत चौधरी, डॉ अनामिका सिंह, डॉ नजमा खातून, डॉ पिंकी पाल, डॉ सौरभ सांख्यान, डू मैथिली ठाकुर, डॉ सफी नियाज, डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा, डॉ मदन प्रसाद, डॉ तूलिका सिंह, डॉ शिवानी दास, डॉ क्लीना टुडू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी के सदस्य डॉ श्रवण कुमार, डॉ पुष्पा को भी सम्मानित किया गया। इस समारोह में संजय बैद, सिद्धार्थ पारख, मुकेश अग्रवाल, बिनोद चोपड़ा, पूजा बैद, आनंद अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, मंजीत सिंह, ललिता चोपड़ा, चनप्रीत सिंह, रितु अग्रवाल, पूनम अग्रवाल,ब्रूस टबोडा, कुमार अमरदीप, किरण कुमार, माधुरी सिंह, ज्योति अग्रवाल,ब्रेंडा टबोडा, संजय रस्तोगी, अर्चना सिंह, कविता मल्लिक,शैल रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

# पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने उपायुक्त से की मुलाकात

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में दिनांक 23 से 25 जून 2025 तक आयोजित 42वीं ताइक्वांडो ऑफिशियल नेशनल प्रतियोगिता में बोकारो के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य व जिले का मान बढ़ाया है। चीरा चास, वास्तु विहार-5 स्थित आर.आर. नृत्यशाला एंड आर्ट्स की प्रिंसिपल रजनी पढ़ी के मार्ग दर्शन और कला केंद्र सेक्टर-2 स्थित नाक आउट अकादमी के कोच रंजन कुमार के प्रशिक्षण में प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने देशभर के प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आयोजित प्रतियोगिता में रेवंत जयेंद्र पाढ़ी ने स्वर्ण पदक, ऋतिका एवं प्रिया ने रजत पदक जीता है। इन खिलाड़ियों ने कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और एथलेटिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए न केवल अपने संस्थान का नाम रोशन किया, बल्कि झारखंड को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक सशक्त उपस्थिति दिलाई है।

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com**

CMYK